नई दिल्ली
बुधवार 24 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 66
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38.0°C
न्यून. 31.0°C


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 आईसीसी रैंकिंग : 'नंबर-1' गेंदबाज बनीं श्रीचरणी, लिंसी स्मिथ को पछाड़ा




### बोले जायसवाल, अपनी नाकामियों, मानवाधिकार उल्लंघन से ध्यान भटकाने की हताशा भरी कोशिश

# जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की ऊल-जलूल टिप्पणियों पर भारत की खरी-खरी

हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली

भारत ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा की गई टिप्पणियों को लेकर पड़ोसी दुश्मन देश को कड़ी फटकार लगाई है। जिसमें नई दिल्ली ने कहा है कि पाकिस्तानी मंत्री का यह बयान साफ तौर पर उनके द्वारा अपने खुद के देश की नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकार उल्लंघन से ध्यान भटकाने का महज एक हताशा भरा प्रयास है। जिसे हम सिरे से खारिज करते हैं। यह जानकारी 23 जून को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। यहां बता दें कि पाकिस्तान के मंत्री ने भारत द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के बाद स्थगित की गई सिंधु जल संधि और जम्मू-कश्मीर के हालात पर टिप्पणी की थी। जिसके तुरंत बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की यह करारा जवाब सामने आया है।

**पीओके में जारी पाकिस्तान का दमन:** उन्होंने यह भी कहा कि हमने इस मामले पर कुछ मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया है। भारत की तरफ से कुल मिलाकर पाक मंत्री की टिप्पणियों का संबंध उनके द्वारा अपने देश की तमाम विफलताओं पर पर्दा डालने और मानव-अधिकारों के लगातार होते हनन से ध्यान भटकाने की कोशिशों के अलावा और कुछ नहीं है। हम इन सभी झूठे और बनावटी दावों को दो टूक अंदाज में नकारते हैं। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में जारी विरोध-प्रदर्शन पाकिस्तान की उस दशकों पुरानी नीति का ⏩ शेष पेज 10 पर



*बांग्लादेश में हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित करने पर कहा, भारत को है उम्मीद, चरमंथियों पर अंकुश लगाएगी ढाका की सरकार*

### यूएई संग मजबूत संबंध चाहता भारत

उन्होंने भारत द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री करने से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में कहा कि यूएई के साथ भारत के रक्षा क्षेत्र में घनिष्ठ संबंध हैं। जिन्हें हम और अधिक मजबूत बनाना चाहते हैं। रक्षा प्लेटफार्म की बिक्री या खरीद के मुद्दे पर विस्तृत जानकारी रक्षा मंत्रालय द्वारा दी जाएगी। पश्चिम-एशिया तनाव के ⏩ शेष पेज 5 पर

### अपनी स्वेच्छा से हवाईअड्डे से लौटे रहमान

मंत्रालय के प्रवक्ता ने बांग्लादेश से जुड़े एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा, पड़ोसी देश से ऐसी कुछ खबरें आई हैं। जिनके मुताबिक, वहां कुछ हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित कर उन्हें अपवित्र किया गया है और इसी के चलते वहां हिंदुओं ने विरोध-प्रदर्शन भी किए हैं। मामले पर भारत यही उम्मीद करता है कि बांग्लादेश की सरकार चरमपंथियों पर अंकुश लगाएगी और पड़ोसी देश में रह रहे अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को सुरक्षा की गारंटी प्रदान करेगी। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सलाहकार जाहिद उर रहमान के बीते दिनों इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वापस लौटने के मामले पर रणधीर ने कहा कि वह इसी महीने 14 जून को सार्क वीजा के साथ निजी पासपोर्ट पर भारत की यात्रा पर आए थे। जिसका उद्देश्य रिम एसोसिएशन की 28वीं बैठक में भाग लेना था। लेकिन आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें दिल्ली हवाई अड्डे पर रोककर उनसे कुछ जरूरी पूछताछ की थी। जिसमें यह पता चला कि वह एक बहुउद्देशीय बैठक में शामिल होने के लिए नई दिल्ली पहुंचे थे। मामले की फिर से पुष्टि करने के बाद उन्हें देश में प्रवेश दे दिया गया था। लेकिन उन्होंने स्वतः ही अपने देश वापस लौटने का निर्णय लिया।

### भगोड़े अपराधियों पर जारी कानूनी प्रक्रिया

रणधीर ने मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि के एक प्रश्न के जवाब में कहा कि ललित मोदी और विजय माल्या जैसे भारत के आर्थिक भगोड़े अपराधियों के मामले को लेकर अभी फिलहाल कानूनी प्रक्रिया चल रही है। जैसे ही इनके संबंध में विस्तृत जानकारी आएगी। वह मीडिया के साथ साझा की जाएगी। जहां तक ललित मोदी द्वारा अपना भारत का अपना पासपोर्ट लंदन में भारतीय उच्चायुक्त में सरेंडर करने का मामला है। तो इसे लेकर अभी फिलहाल मेरे पास जानकारी नहीं है। बाद में, मैं इसकी पुष्टि करूंगा।


तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर गठित एसआईटी कर रही सभी पहलुओं की जांच

# अयोध्या दान प्रकरण में एसआईटी ने पहली रिपोर्ट गृह विभाग को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏩ लखनऊ

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में कथित दान प्रकरण की जांच कर रही विशेष जांच टीम यानी एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट गृह विभाग को सौंप दी है। मंगलवार को एसआईटी के प्रमुख सदस्य और लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत ने टीम के अन्य सदस्यों के साथ अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद से मुलाकात कर यह रिपोर्ट उन्हें सौंपी। इस दौरान एसआईटी के सदस्य आईजी किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन भी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने एसीएस गृह संजय प्रसाद को दी प्रारंभिक रिपोर्ट



मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि यह जांच का प्रारंभिक प्रतिवेदन है और टीम मामले से जुड़े सभी तथ्यों एवं पहलुओं की गहन पड़ताल कर रही है। उल्लेखनीय है कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। गृह विभाग को सौंपी गई इस प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई और विस्तृत जांच प्रक्रिया जारी रहेगी। मामले पर प्रदेश सरकार की नजर बनी हुई है।

### एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु

- तीन सदस्यीय एसआईटी ने अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी।
- रिपोर्ट लगभग 150 पृष्ठों की बताई जा रही है।
- जांच के दौरान 100 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं।
- एसआईटी ने मंदिर प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को सीईओ नियुक्त करने की सिफारिश ⏩ शेष पेज 10 पर

### अमेरिका-ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता में अचानक 'ब्रेक', इस वार्ता का 60 दिन के भीतर तैयार होना है ड्राफ्ट

# वेंस बोले-ट्रंप के बयान से तनाव, 80 मिनट में ईरान का वॉकआउट



एजेंसी ⏩ तेहरान/वॉशिंगटन

स्विट्जरलैंड में अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बेहद अहम शांति वार्ता अचानक टूट गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सोशल मीडिया पर दी गई एक धमकी के बाद भड़के ईरान ने न सिर्फ बातचीत बीच में ही छोड़ दी, बल्कि अमेरिकी अधिकारियों से हाथ मिलाने और संयुक्त फोटो खिंचवाने से भी साफ इनकार कर दिया। ईरान का कहना है कि वह किसी भी तरह के दबाव में आकर बात नहीं करेगा। ईरानी वार्ताकार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने बताया कि स्विट्जरलैंड में दोनों देशों के बीच करीब 80 मिनट तक बातचीत हो चुकी थी। इसी दौरान उन्हें खबर मिली कि डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया ⏩ शेष पेज 10 पर




### केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल की अध्यक्षता में हरियाणा व राजस्थान के मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई

# अपर यमुना रिवर बोर्ड समझौते के अनुसार राजस्थान को पानी उपलब्ध कराने पर बनी सहमति



- आगामी सोमवार को एमओयू पर होंगे हस्ताक्षर: नायब
- रेणुका, किशाऊ और लखवार बांध परियोजनाओं में आएगी तेजी

हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल के नई दिल्ली स्थित आवास पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बीच मंगलवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में दोनों राज्यों से जुड़े जल संसाधन, सिंचाई एवं पेयजल से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने संबंधित



अधिकारियों को आवश्यक विषयों पर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा कहा कि जल संसाधनों के समुचित उपयोग एवं संरक्षण के लिए राज्यों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

बैठक के दौरान वर्ष 1994 में हुए अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) समझौते के तहत राजस्थान के हिस्से के पानी की आपूर्ति के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि समझौते के अनुरूप राजस्थान को उसका निर्धारित जल पाइपलाइन के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। इस विषय पर सोमवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा समझौते के तहत ⏩ शेष पेज 10 पर

### आईएएस 2024 बैच के 183 अधिकारी प्रशिक्षुओं से पीएम मोदी ने किया संवाद

प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को 'नागरिक देवो भव' का मंत्र दिया

# विकसित भारत 2047 के 'लक्ष्य' को हासिल करने युवा सिविल सेवक निभाएं अग्रणी भूमिका

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) 2024 बैच के 183 अधिकारी प्रशिक्षुओं से संवाद करते हुए उन्हें विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए राष्ट्र निर्माण में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ योगदान देने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय (सेवा तीर्थ) में आयोजित कार्यक्रम में



पीएम मोदी ने कहा कि दो वर्षों के फील्ड अनुभव और प्रशासनिक प्रशिक्षण के बाद युवा अधिकारी ऐसे महत्वपूर्ण चरण में पहुंचे हैं, जहां उनके फैसले न केवल उनके करियर बल्कि करोड़ों नागरिकों के भविष्य को भी प्रभावित करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसेवा की वास्तविक परीक्षा ईमानदारी, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ वास्तविक परिस्थितियों का सामना ⏩ शेष पेज 10 पर

### सिर्फ डेटा न देखें, वे आकांक्षाओं के प्रतिबिंब

डेटा आधारित प्रशासन पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आंकड़ों को केवल संख्या के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि उन्हें करोड़ों लोगों के जीवन, चुनौतियों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब मानना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से नियमित रूप से यह मूल्यांकन करने को कहा कि सरकारी ⏩ शेष पेज 10 पर

### दर्जनभर लोग किये गये रेस्क्यू

# तकिया काले खां में आग लगने से 30 झुग्गियां जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के पीछे तकिया काले खां इलाके में सोमवार देर रात आग लगने से कम से कम 30 झुग्गियां जलकर खाक हो गई। आग बुझाने और लोगों को बचाने के लिये बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 12 लोगों को खतरे वाले क्षेत्र से बाहर निकाला। आग लगने के कारणों की पड़ताल की जा रही है।



पुलिस के अनुसार दिल्ली अग्निशमन सेवा को सोमवार रात 11.22 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद दमकल की 24 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में लगभग तीन घंटे लगे। डीएफएस ने कहा कि बाद में कूलिंग का कार्य चलता रहा। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आग उस क्षेत्र में लगी जहां पुराना फर्नीचर, लकड़ी और अन्य ज्वलनशील सामग्री रखी हुई थी। इसके चलते घना धुआं फैल गया और दहशत पैदा हो गई कि आग आसपास के घरों में भी फैल जाएगी। अधिकारी ने कहा टीमों ने घर-घर जाकर निकासी की और परिवारों को प्रभावित क्षेत्र से दूर जाने के लिए राजी किया। समय पर हस्तक्षेप से आग के और फैलने से पहले टीमों ने 12 लोगों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया। इस दौरान भीड़ प्रबंधन, निकासी और आपातकालीन वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने में सहायता के लिए अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को भी मौके पर बुलाया गया था। घटना के किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है।

# नौ करोड़ की एंटीक वस्तुओं की धोखाधड़ी में शामिल आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आर्थिक अपराध शाखा ने 9 करोड़ की एंटीक (प्राचीन) वस्तुओं की धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी को जयपुर से पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपी सत्यनारायण अनोड़िया एक घोषित अपराधी था। वह जयपुर के शास्त्री नगर का रहने वाला है। यह गिरफ्तारी छह साल पुराने केस के सिलसिले में की गई है। आरोपी पहले भी इसी तरह के कई मामलों में शामिल रहा है। आजकल वह पहचान बदलकर पुजारी के रूप में रह रहा था।

डीसीपी सुबोध कुमार गोस्वामी के अनुसार यह मामला बड़े पैमाने पर राइस पुलर धोखाधड़ी से जुड़ा है। शिकायतकर्ता का आरोप था कि 2014 में अमित गुप्ता, राकेश गोयल, गणेश इंगोले, सत्यनारायण अनोड़िया और उनके अन्य साथियों ने उसे कथित एंटीक और दुर्लभ वस्तुओं, जैसे कि राइस पुलर, रेडियोएक्टिव मिरर और अन्य तथाकथित एंटीक चीजों में निवेश करने के लिए उकसाया। आरोपियों ने खुद को प्रतिष्ठित भारतीय और विदेशी वैज्ञानिक संस्थानों से जुड़े विशेषज्ञ के तौर पर पेश किया और झूठा दावा किया कि वे ऐसी एंटीक वस्तुओं की असलियत और प्रमाणिकता की जांच करने के लिए अधिकृत और प्रमाणित थे। उन्होंने यह भी गलत जानकारी दी कि केवल भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, डीआरडीओ और आर्कियोलॉजिकल लैबोरेटरीज जैसे प्रमुख संस्थानों के वैज्ञानिक ही जरूरी टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया कर सकते हैं। शिकायतकर्ता को यह भरोसा दिलाकर लालच दिया गया कि ऐसी एंटीक वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 11 करोड़ प्रति इंच है और प्रस्तावित लेनदेन से उसे भारी मुनाफा होगा। टेस्टिंग चार्ज, सर्टिफिकेशन फीस और अन्य संबंधित खर्चों के बहाने, आरोपियों ने शिकायतकर्ता से चेक, आरटीजीएस ट्रांसफर और नकद भुगतान के जरिए लगभग 9 करोड़ ले लिए थे। हालांकि न तो कोई असली टेस्टिंग की गई और न ही ऐसी कोई एंटीक वस्तु सप्लाई की गई। आरोपियों ने कथित तौर पर एक सोची-समझी आपराधिक साजिश के तहत शिकायतकर्ता के साथ धोखाधड़ी की थी। आरोपी सत्यनारायण अनोड़िया एमसीडी जयपुर का कर्मचारी था। 2018 में उसे नौकरी से निकाल दिया गया था क्योंकि वह इसी तरह के छह वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में शामिल पाया गया था। अब वह एक मंदिर में पुजारी का काम कर रहा है।

# पंडित चौक, मंडावली में देसी शराब की बिक्री से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के मंडावली स्थित पंडित चौक क्षेत्र में देसी शराब की बिक्री और सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराब पीने की घटनाओं से स्थानीय निवासी परेशान हैं। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि शराब की दुकान के आसपास दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को आने-जाने में असहजता का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पंडित मोहल्ले से निकलने का रास्ता है आगे एमसीडी और बालिका माध्यमिक विद्यालय स्कूल है, बच्चे इसी रास्ते से स्कूल जाते हैं लेकिन दिन में ही खुलेआम शराब की बिक्री से और लोगों द्वारा खुलेआम शराब पीने से बच्चों को असहज महसूस होता है, कई लोग शराब खरीदने के बाद सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर ही शराब का सेवन करते हैं। इससे आए दिन गाली-गलौज, शोर-शराबा और अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है। लोगों का आरोप है कि शाम के समय हालात और अधिक खराब हो जाते हैं, जिससे इलाके का माहौल प्रभावित हो रहा है। पुलिस अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जनता का आरोप है कि पुलिस के शह से ही यह काम हो रहा है



■ खुलेआम शराबखोरी से बिगड़ रहा माहौल, पुलिस प्रशासन मौन

निवासियों ने प्रशासन और आबकारी विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित निगरानी बढ़ाई जाए और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पंडित चौक और आसपास के इलाकों में शांति और सुरक्षा का माहौल कायम रह सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के साथ-साथ जन आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं।

## साइबर फ्रॉड में शामिल तीन गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के स्पेशल स्टाफ ने साइबर फ्रॉड के लिए बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके नाम कपिल कुमार, पुरु कुमार और शिशुपाल है। इनसे 2.19 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। इसके साथ ही बैंक में 2.06 लाख फ्रीज करवाये गये हैं। पुलिस के अनुसार अब तक एनसीआरपी पोर्टल पर इन अकाउंट्स के खिलाफ बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल राज्यों से 15 शिकायतें दर्ज पाई गई हैं, जिनमें लगभग 50 लाख की धोखाधड़ी का अनुमान है। तीनों आरोपियों को दिल्ली और बुलंदशहर, यूपी गिरफ्तार किया गया है। ये गिरफ्तारियां उत्तम नगर के एक केस के सिलसिले में की गई। आरोपियों से आठ चेक बुक, पांच पासबुक, अलग-अलग बैंकों के नौ एटीएम कार्ड और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। जांच से पता चला कि आरोपी देश के अलग-अलग हिस्सों में काम करने वाले साइबर अपराधियों को 'म्यूल बैंक अकाउंट' उपलब्ध कराने और उनका इंतजाम करने वाले नेटवर्क का हिस्सा थे। आरोपियों ने बेरोजगार और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निशाना बनाया और उन्हें नौकरी के मौके, आर्थिक लाभ या कमीशन आधारित काम का लालच देकर अपने नाम पर बैंक खाते खुलवाने के लिए राजी किया था।

# महरौली में फुटपाथ से बच्ची का अपहरण, बलात्कार के बाद हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के महरौली इलाके में अपने परिवार के साथ फुटपाथ पर सो रही 11 साल की एक लड़की का अपहरण कर उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार किया गया और फिर उसे मार डाला गया। इस वारदात को एक कैब चालक ने गुरुग्राम ले जाकर अंजाम दिया। बाद में कैब चालक ने जुर्म छिपाने की कोशिश में लड़की के शव को फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड के किनारे जंगल में फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के छह घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार महरौली में फुटपाथ पर रहने वाले परिवार को सोमवार सुबह लड़की नहीं मिली तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। अपहरण का शक होने पर परिवार वालों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। आरोपी करीब 30 साल का कैब चालक निकला जोकि बिहार का रहने



■ कैब चालक ने दिया वारदात को अंजाम, गिरफ्तार

वाला है। उसने सुबह करीब पांच बजे लड़की को अगवा किया और उसे गुरुग्राम ले गया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि नाबालिग की यौन उत्पीड़न के बाद गला घोंटकर हत्या की गई थी। सोमवार देर रात लड़की का शव बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि वे घटनाओं के सही क्रम की जांच कर रहे हैं।

# कंपनी के कर्मचारी की साजिश से हुई थी 1.5 करोड़ की लूट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इंद्रलोक के पास गत दिनों हुई डेढ़ करोड़ की लूट का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। इस सिलसिले में कंपनी के कर्मचारी समेत आठ आरोपियों को पकड़ा गया है। इनमें दो नाबालिग भी शामिल है। पकड़े गये छह आरोपियों के नाम विक्की, धीर सिंह, वीरेश उर्फ वीरू, करण, मनप्रीत उर्फ ट्विंकल और मनप्रीत का पिता चरणजीत बताये गये हैं। पुलिस ने एक करोड़ रुपये बरामद भी किये हैं। जांच में पता चला कि कंपनी के कर्मचारी की साजिश से ही लूट को अंजाम दिया गया था।

पुलिस के अनुसार लूट के संबंध में सराय रोहिल्ला थाने में केस दर्ज किया गया था। जांच में क्राइम ब्रांच और जिले की स्पेशल स्टाफ को भी लगाया गया था। पुलिस की कई टीमों ने 500 सीसीटीवी कैमरे खंगाले और लगभग चार हजार किलोमीटर तक आरोपियों की धरपकड़ की गई। आठ राज्यों में 11 दिनों तक लगातार खोजबीन के बाद सभी साजिशकर्ताओं की पहचान हो सकी। मुख्य आरोपियों को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश,

■ पुलिस ने दो नाबालिगों समेत आठ दबोचे

मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और जम्मू-कश्मीर से पकड़ा। जांच में पता चला था कि कंपनी के ही एक कर्मचारी ने अपने आपराधिक साथियों को कैश की आवाजाही और लोकेशन की जानकारी लीक करके इस हथियारबंद लूट की साजिश रची थी। अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और स्कूटी जब्त हो चुकी है, जबकि कार की पहचान कर ली गई है।

गौरतलब है कि 10 जून को शिकायतकर्ता नितिन अपने साथी करण के साथ एक स्कूटी पर दो बैगों में लगभग 1.50 करोड़ नकद ले जा रहा था। जब वे सराय रोहिल्ला के जखीरा फ्लाईओवर के पास पहुंचे, तो बिना रजिस्ट्रेशन नंबर वाली लाल रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने हेलमेट और मफलर पहनकर अपनी पहचान छिपाई हुई थी। उनमें से एक के पास पिस्तौल थी। गन प्वाइंट पर नकदी से भरे बैग लूट बदमाश फरार हो गये थे।

## हत्या केस का आरोपी खजूरी में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ ने दयालपुर मर्डर केस के मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड को खजूरी इलाके में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान भागीरथी विहार निवासी हारुन सैफी (24) के रूप में हुई है। सैफी 15 जून को नेहरू विहार इलाके में मोहम्मद राशिद उर्फ राशिद पानीवाला की कई गोलियां मारकर हत्या के मामले में वांछित था। पुलिस के अनुसार सैफी की गतिविधि के बारे में विशेष जानकारी पर सिग्नेचर ब्रिज और खजूरी खास मेट्रो स्टेशन के बीच के इलाके में जाल बिछाया गया था। जब पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया, तो आरोपी ने रुकने के बजाए कथित तौर पर गोलीबारी शुरू कर दी और भागने की कोशिश की, जिससे संक्षिप्त मुठभेड़ हुई। बाद में सैफी को काबू कर लिया गया। उसके कब्जे से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल, दो कारतूस और एक स्कूटी बरामद हुआ है। ऑपरेशन के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर पांच राउंड फायरिंग की, जबकि पुलिस टीम ने नौ राउंड फायरिंग की। इससे पहले जांच में दयालपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गौरतलब है कि बाइक सवार तीन लोगों ने राशिद को कई गोलियां मारी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

# उपराज्यपाल संधू ने किया नवजीवन कॉलोनी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मंगलवार को नवजीवन विहार कॉलोनी का दौरा किया और स्थानीय लोगों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक मॉडल है वेस्ट टू वेल्थ का प्रेरणादायक आदर्श कदम है। उन्होंने कहा कि यहां के समुदाय के नेतृत्व वाली यह बेहतरीन पहल दिखाती है कि कैसे सामूहिक नागरिक जिम्मेदारी से एक साफ-सुथरा, हरा-भरा और टिकाऊ शहरी माहौल बनाया जा सकता है। कचरे को अलग करने, रीसायकल करने, कम्पोस्टिंग और जल संरक्षण के प्रति स्थानीय निवासियों का समर्पण वाकई तारीफ के काबिल है। एलजी ने कहा कि किसी भी आरडब्लूए की ऐसी बेहतरीन व आदर्श कोशिशों को हमारा पूरे समर्थन और मदद मिलेगी।

इस कॉलोनी में स्थानीय लोगों ने रिड्यूस-रीयूज-रीसायकल (आरआरआर) सेंटर, डिसेंट्रलाइज्ड कम्पोस्टिंग यूनिट्स, सोर्स-सेग्रीगेशन सिस्टम और स्थानीय स्तर पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर मिसाल कायम की है। इस पर एलजी ने कहा कि समुदाय के नेतृत्व में हुआ यह शानदार बदलाव



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन लाइफ और वेस्ट टू वेल्थ पहल के तहत सर्कुलर इकॉनमी के सिद्धांतों को दर्शाता है।

एलजी ने कहा कि मैं खुद यहां की आर डब्लुए और सभी लोगों की ऐसी बेमिसाल कोशिश की सराहना करता हूँ। उन्होंने कहा कि इन्होंने लगभग आठ वर्षों तक इस मॉडल को सफलतापूर्वक बनाए रखा और लैंडफिल साइट्स पर जाने वाले 10 लाख किलोग्राम से ज़्यादा कचरे को सफलतापूर्वक बचाया है। उन्होंने कहा कि यह साबित करता है कि वेस्ट टू वेल्थ का शानदार सफ़र घर से ही शुरू होता है।

## मासूम के साथ दरिंदगी और हत्या ने दिल्ली में ध्वस्त कानून व्यवस्था खोली पोलः यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि महरौली में एक फुटपाथ पर परिवार के साथ सो रही 11 वर्षीय मासूम लड़की का अपहरण, बलात्कार और उसकी हत्या ने दिल्ली में ध्वस्त कानून व्यवस्था की पोल एक बार फिर खोल दी है। महरौली की घटना केवल एक अपराधिक घटना नही बल्कि समाज के कमजोर वर्ग के लोगों की सामाजिक चुनौती और बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा बेहद गंभीर मामला है, जिस पर सरकार और पुलिस को विशेष ध्यान देने की जरुरत है। यादव ने कहा कि ट्रिपल इंजन वाली भाजपा सरकार की मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल और पुलिस आयुक्त जहां अपने अपने बयानों में दिल्ली में क्राईम रेट कम होने का दावा करते है। वहीं दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध हर दिन बढ़कर रिकॉर्ड बना रहा है। इस मामले में पुलिस का दावा कि अपहरणकर्ता कैब ड्राईवर को गिरफ्तार कर लिया गया है, सिर्फ अपनी जवाबदेही से बचने की प्रक्रिया भर दिखाई पड़ती है। यादव ने कहा कि दिल्ली में हर दिन महिलाओं और नाबालिग लड़कियों के साथ लगातार बढ़ रहे किडनेपिंग, बलात्कार और यौन शोषण अत्यंत चिंताजनक है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता औपचारिकता पूर्ण भाषण देने के अलावा कोई ठोस कदम उठाने में अब तक नाकाम साबित रही है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **सीमा हक, पुत्रीः मिस्बाहुल हक, निवासीः ई–27बी और 26ए, पहली मंजिल (पिछला हिस्सा), ब्लॉक–ई, चाणक्य प्लेस पार्ट–1, उत्तम नगर, वेस्ट दिल्ली** ने **FIR No.: 80066613/2025, U/s: 317(2)** भारतीय न्याय संहिता, 2023, **पुलिस थाना आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सीमा हक** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सीमा हक** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली** की अभियुक्ता **सीमा हक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 05.10.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति
जेएमएफसी–03, केंद्रीय जिला, कमरा नंबर 150,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8315/CD/2026


###### अवैध रेहड़ी-पटरी वाले हटाए कब्जे

# ट्रैफिक पुलिस ने 12 हजार से ज्यादा के चालान किये, 110 पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यातायात पुलिस लगातार ट्रैफिक जाम कम करने, सड़क सुरक्षा बेहतर करने और लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए संयुक्त गश्त और बैठकें कर रही है। गत सप्ताह चले इस अभियान के दौरान, संयुक्त टीमों ने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के लिए 12,617 वाहनों पर कार्रवाई की और 1,596 अवैध रेहड़ी-पटरी वाले कब्जे हटाए, जिनसे सड़कों पर रुकावट आ रही थी और ट्रैफिक जाम हो रहा था। इसके अलावा, गंभीर उल्लंघनों और कानूनी प्रावधानों का पालन न करने पर 81 वाहनों को जब्त किया गया। साथ ही ट्रैफिक की दिशा के विपरीत गाड़ी चलाने वाले नागरिकों के खिलाफ 110 एफआईआर दर्ज की गई हैं। एडिशनल सीपी यातायात मुख्यालय और जोन-1 विजयंता गोयल आर्या के अनुसार इस पहल के तहत अधिकारियों ने नागरिकों और स्थानीय हितधारकों के साथ भी बड़े पैमाने पर बातचीत की।

फील्ड विजिट के दौरान रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ कुल 97 बैठकें की गई। अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनीं। मौके पर ही स्थानीय ट्रैफिक समस्याओं का जायजा लिया गया और जहां भी संभव हुआ तुरंत सुधारात्मक उपाय किए। आर्या के अनुसार ट्रैफिक की दिशा के विपरीत गाड़ी चलाने वाले 15 हजार वाहन चालकों पर अब तक कार्रवाई की जा चुकी है। साथ ही बिना अनुमति वाली टिंटेड (काली) खिड़कियों के लिए 955 चालान जारी किए गए, जबकि शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 567 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। गलत पार्किंग की समस्या को दूर करने पर विशेष जोर दिया गया, जिसके तहत 48,472 चालान जारी किए गए और 3,922 वाहनों को सड़कों और सार्वजनिक जगहों से टो करके हटाया गया।

ये कदम सुरक्षित सड़कें, सुचारू ट्रैफिक आवाजाही और ट्रैफिक नियमों का बेहतर पालन सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए थे। पुलिस का नागरिकों से भी अनुरोध है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और दिल्ली की सड़कों को सुरक्षित व जाम मुक्त बनाने की पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेकर इन प्रयासों में सहयोग करना जारी रखें।

## भवन हादसों और अग्निकांड की घटनाओं पर सदन में हो चर्चाः अंकुश

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने महापौर को पत्र लिख कर दिल्ली में लगातार भवन गिरने और अग्निकांड की हो रही घटनाओं पर सदन में चर्चा तथा जवाबदेही की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा शासित एमसीडी की लापरवाही के चलते मालवीय नगर अग्निकांड और सैदुलाजाब में भवन हादसे में कई लोगों की जान चली गई। अवैध निर्माण, अग्नि सुरक्षा मानकों के उल्लंघन और निरीक्षण व्यवस्था में गंभीर चूक के चलते लगातार घटनाएं हो रही हैं। हमारी मांग है कि सदन में इन घटनाओं को लेकर संबंधित विभागों की रिपोर्ट रखी जाए और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अंकुश नारंग ने महापौर को लिखे पत्र में महापौर का ध्यान विगत दिनों दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में हुई अत्यंत गंभीर एवं दुखद घटनाओं की ओर आकर्षित किया है।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद भिवानी | वार्ड नं. 27 में जगन नाथ पंसारी से रमेश प्रधान शॉप और उसके साथ लगती गली वेदो की गली हालुबाजार, और परस राम हलवाई से नरेन्द्र सोनी निकट घोसियां चौक तक गली का निर्माण + 2 कार्य। | 19.06.2026 30.06.2026 | 1,91,32,464/- | https://etenders.hry.nic.in | 99966295555 me.mcbhiwani@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46507/I/88/7 दि. 23.06.26

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में डॉग शेल्टर का निर्माण। | 19.06.2026 30.06.2026 | 105.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में विभिन्न पार्कों में त्रुटिपूर्ण सोलर लाइट्स, ड्राईवर/ पीसीबी, बैटरियों और क्षतिग्रस्त सोलर पैनल को बदलना। | 19.06.2026 26.06.2026 | 56.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | सेक्टर-4, वार्ड नं. 9, एम.सी. रोहतक में तिकोना पार्क के निकट चारों ओर के रोड बिटुमिन रोड का निर्माण। | 20.06.2026 26.06.2026 | 46.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/46467/I/88/7 दि. 23.06.26

ALLEN Results Validated by EY Shape the future with confidence

ALLEN

# NEET ka Next Attempt? Banao apna Best Attempt.



With ALLEN's Proven Expertise in COMPUTER BASED TEST (CBT)

Exam easy ho ya difficult par competition tough hai. Stay ahead with ALLEN.

| Doubt hai? | Concept mein confusion? | Sahi direction chahiye? |
|---|---|---|
| Hum solve karenge. | Hum clear karenge. | Hum guide karenge. |

They made it happen with ALLEN. Now it's your turn.




...and many more success stories

For class 12th pass students
Here's your chance to rank up in
NEET (UG) 2027

ADMISSIONS OPEN
LEADER COURSE 25 & 29 June'26

ALLEN Delhi
95136 85900
allen.ac.in/delhi

ALLEN KOTA
86906 60111
allen.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of full-time, paid classroom courses. As an 'Official Results Validator', EY

खबर संक्षेप

## विजयनगर को गंगा जल आपूर्ति शुरू

**गाजियाबाद।** मंगलवार को विजय नगर में गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो गई। जिसका शुभारम्भ विधायक



संजीव शर्मा, महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने किया। 11 वार्डों में 15 वित्त आयोग से प्राप्त16 करोड़ 20 लाख रुपए से गंगाजल आपूर्ति शुरू हुई। महापौर द्वारा शहर के विकास कार्यों के साथ विजयनगर के विकास में भी रफ्तार लाने में पार्षदों का सहयोग रहा।

## सौतेला बाप निकला हत्यारा, किया काबू

**फरीदाबाद।** शिव दुर्गा विहार लक्कड़पुर फरीदाबाद स्थित एक मकान में 21 जून को 3 वर्षीय बच्चे



की हत्या कर दी गई थी। घटनाक्रम के संबंध में अपराध शाखा सेक्टर 16 की टीम ने सौतेले पिता सुशांत निवासी एसजीएम नगर को काबू कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार श्रीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाती की गला रेत कर हत्या कर दी है।

## 350 ग्राम गांजा बरामद एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच उंचा गांव ने अवैध नशा पर कार्रवाई करते हुए 22 जून को 350 ग्राम गांजा



सहित सुधीर नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ट्रांसपोर्ट नगर सेक्टर-63 क्षेत्र में अवैध नशा लिए हुए हैं। सूचना पर अपराध शाखा की टीम ने सुधीर को 350 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 90,430 ठगी

**फरीदाबाद।** ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 90,430 रुपए की ठगी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए



22 जून को साइबर थाना एनआईटी की टीम ने लखनऊ से अमित कश्यप को काबू किया है। जिसको माननीय अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।पुलिस प्रवक्ता अनुसार अमित खाताधारक है जिसने अपना खाता ठगों को दिया था। वह तीसरी पास है व निजी स्कूल में हेल्पर का काम करता है।

## देसी कट्टा के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने अवैध हथियार पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध



देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान धीरज के रूप में हुई है।सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने धीरज को छज्जूपुर चौक सेक्टर-76 से काबू किया है। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। थाना बीपीटीपी में मामला दर्ज किया गया।

## वाहन चोर गिरफ्तार बाइक बरामद

**फरीदाबाद।** पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रभावी



कार्रवाई की जा रही है। अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उस से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी की पहचान अब्दुल रहीम निवासी मादलपुर थाना धौज जिला फरीदाबाद के रूप में हुई है।अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### स्वच्छता अभियान और पौधारोपण के जरिए जनजागरण का संदेश

# खेड़ी मंडल प्रवास के दौरान लोगों को पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता के लिए मंत्री ने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर ने खेड़ी मंडल में प्रवास के दौरान स्वच्छता अभियान चलाकर और पौधारोपण कर लोगों को स्वच्छ एवं हरित भारत के निर्माण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर सार्वजनिक स्थलों पर सफाई अभियान चलाया तथा पौधे रोपे।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप मिला है। स्वच्छ भारत अभियान ने देशभर में स्वच्छता के प्रति नई जागरूकता पैदा की है, वहीं वृक्षारोपण अभियान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण और हरित परिवेश स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं।




### सुरक्षित पर्यावरण देने सामूहिक प्रयास करें

उन्होंने कहा कि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण के कार्य में भागीदारी करनी चाहिए। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित पर्यावरण देने के लिए आज से ही सामूहिक प्रयास करने होंगे।

### कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाने का संकल्प लिया

मंत्री राजेश नागर ने लोगों से अपने घर, मोहल्ले और आसपास के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जब समाज और सरकार मिलकर कार्य करते हैं, तभी सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भी स्वच्छता बनाए रखने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी नीरज मित्तल, मंडल अध्यक्ष सुधीर मेहता, पार्षद संजीव कुमार, कुसुम भाटी, रणवीर नरवत, मास्टर धर्म सिंह, रणवीर नंबरदार, कपिल मुनि, मनोज नागर, पूनम भड़ाना, धर्मेन्द्र बिधूड़ी, विनय भाटी, पूर्व सरपंच कुलबीर चौहान, अजब चंदीला, अनूप जिंदल, शिवकुमार सरपंच, संदीप अधाना, श्रवण करहाना, हरपाल भाटी, महेश भाटी, राजकुमार, भाटी राकेश प्रधान, कृष्णा हाडा, राजकुमार आर्य, राकेश शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### बल्लभगढ़ के गांव मंझावली में अभियान जारी अवैध कालोनियों को डीटीपी विभाग ने तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले में यमुना से सटे गांव मंझावली में अपना अभियान जारी रख यहां विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर अपनी कार्रवाई जारी रखी। डीटीपी एनफोर्समेंट यजन चौधरी ने बताया कि अधिकारी जहां अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है, वहां-वहां इस अभियान को जारी रखते हुए यमुना से सटे बल्लभगढ़ के गांव मंझावली में 2 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि यहां दस्ते ने 10 डीपीसी, पांच बाउंड्री वॉल तथा चार स्ट्रक्चर को नेस्तनाबूत किया। उन्होंने कॉलोनी विकसित करने वाले सभी लोगों से एक बार फिर आग्रह किया है कि बिना मंजूरी लिए अवैध रूप से प्लाटिंग ना करें।

**महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, नारनौल**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन नारनौल आगार के अधीन नारनौल, महेन्द्रगढ़, कनीना, सतनाली, नां० चौधरी व अटेली मण्डी बस स्टैण्ड पर निर्मित शेष खाली दुकानें जो वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 की अवधि के लिए पट्टे पर दी जानी हैं। इन दुकानों को उपरोक्त अवधि के लिए पट्टे पर देने हेतु महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, नारनौल के कार्यालय में दिनांक 30-06-2026, 07-07-2026 व 14-07-2026 को प्रातः 11-00 बजे खुली निलामी का आयोजन किया जायेगा। उक्त बोली के लिये विस्तृत निर्देश व हिदायतों की प्रति किसी भी कार्य दिवस में महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, नारनौल के कार्यालय से रुपये 500/- के नकद भुगतान पर प्राप्त की जा सकती है। बाकी की शर्तें मौके पर सुना दी जायेंगी।

आदेशानुसार
देव दत्त
महाप्रबंधक
हरियाणा राज्य परिवहन,
नारनौल

पीआरडीएच-1119/11/895/2027/46490/88/7 दि. 23.06.26

### अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए एक्टिव हुआ जीडीए

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले होटल बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट, कोचिंग सेंटर सब सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गौर ग्रीन एवेन्यू, इंदिरापुरम में अग्निकांड की घटना को गंभीरता से लेते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एक्टिव हो गया है। जीडीए ने विशेष अभियान चलाकर अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले कई होटल, बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट, कोचिंग सेंटर सील कर दिया। जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने बताया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित समूह आवासीय परिसरों, होटल, बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट, कोचिंग संस्थानों, अस्पतालों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य बहुमंजिला भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

### 206 ऐसे प्रकरण चिन्हित किए गए

प्राधिकरण की प्रवर्तन टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में स्थलीय निरीक्षण एवं अभिलेखीय परीक्षण के माध्यम से अग्निशमन विभाग की अनापत्ति प्रमाण-पत्र (फायर एनओसी) तथा अन्य सुरक्षा प्रावधानों का परीक्षण




किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिन भवनों एवं प्रतिष्ठानों में निर्धारित अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं पाया गया अथवा आवश्यक अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं पाया गया। उनके विरुद्ध सीलिंग की करवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक किए गए निरीक्षणों के दौरान लगभग 206 ऐसे प्रकरण चिन्हित किए गए हैं, जिनमें अग्नि सुरक्षा मानकों के संबंध में कमियां पाई गई हैं। इनमें से 56 प्रकरणों में सीलिंग एवं अन्य प्रवर्तनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित/प्रारम्भ की जा चुकी है, जबकि शेष प्रकरणों में नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु संबंधित विभाग को भी सूचित किया गया है साथ ही प्राधिकरण द्वारा अग्रिम प्रक्रिया सतत रूप से प्रस्तावित है।

### साइबर सेल का सराहनीय कार्य

# गुम हुए 103 मोबाइल मालिकों को लौटाया, चेहरे पर दिखी खुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस की साइबर सेल ने एक बार फिर अपनी तकनीकी दक्षता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए पिछले एक माह के दौरान 103 मोबाइल फोन तलाश किए हैं। मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित अपने कार्यालय में पुलिस उपायुक्त अपराध डीसीपी क्राइम राजेश कुमार मोहन ने बरामद किए गए मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए है।

मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। पुलिस की साइबर सेल की मेहनत और तकनीकी जांच के चलते उनके खोए हुए मोबाइल उन्हें वापस मिल सके।

दरअसल साइबर सेल ने केंद्र सरकार के सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए गुमशुदा मोबाइल फोन को ट्रेस किया। तकनीकी विश्लेषण, डिजिटल ट्रैकिंग और नेटवर्क स्त्रोतों की सहायता से इन मोबाइल की लोकेशन का पता लगाया गया और मालिकों तक पहुंचाया गया।

## भगवंत मान वीडियो विवादः कथित फर्जी फोरेंसिक मामले में दो गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से जुड़े कथित आपत्तिजनक वायरल वीडियो की फोरेंसिक रिपोर्ट को लेकर विवाद में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने कथित फर्जी फोरेंसिक एवं साइबर विश्लेषण रिपोर्ट तैयार करने के मामले में दो को गिरफ्तार किया है। थाना डीएलएफ सेक्टर-29 में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता डिजिटल फोरेंसिक, साइबर जांच और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य विश्लेषण से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि कुछ लोगों ने स्वयं को पंजाब सरकार के वरिष्ठ अधिकारी बताकर उससे संपर्क किया व वायरल वीडियो के संबंध में ऐसी फोरेंसिक रिपोर्ट तैयार करने का दबाव बनाया गया, जिसमें पहले से तय निष्कर्ष के आधार पर वीडियो में दिखाई दे रहे व्यक्ति की पहचान से इनकार किया जा सके।

### जिले के 877 बूथों पर मनाया गया बलिदान दिवस

# मोदी सरकार द्वारा धारा 370 हटाना, डॉ. मुखर्जी के बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा है, वो सारा का सारा है केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र की अखंडता, एकात्मता और अटूट राष्ट्रीय संकल्प का उद्घोष है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान भारत की एकता और अखंडता के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का अमर प्रतीक है।

रामपाल ने कहा कि अगस्त 2019 में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा धारा 370 को समाप्त कर जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय करना, डॉ.मुखर्जी के सपने को साकार करने वाला ऐतिहासिक कदम है और उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है। पूरा देश डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों से प्रेरणा लेकर समृद्ध व अखंड भारत के निर्माण के लिए संकल्पित है।



### भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की

भाजपा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित स्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को उनके बलिदान दिवस पर फरीदाबाद विधानसभा के बूथ नंबर 178 पर स्थित भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल के नेतृत्व में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा फरीदाबाद द्वारा सभी 877 बूथों पर डॉ.श्यामा प्रसाद का बलिदान दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया।

**विज्ञा. सं. 06/2026**

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**

बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151, वेबसाइट : www.hssc.gov.in

**ग्रुप-सी पदों के लिए सीईटी-II हेतु विज्ञापन**

**परिशिष्ट-ए**

**(विज्ञा. सं. 06/2026)**

कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी) विज्ञा. सं. 01/2025 ग्रुप-सी में क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों से सीधी भर्ती के लिए यूआरएल पता अर्थात https://adv062026.hryssc.com के माध्यम से 24.06.2026 से 30.06.2026 तक अप. 11.59 बजे तक विज्ञापन सं. 06/2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. पदों का विवरण, योग्यता और आयु :-

ग्रुप-1

| श्रेणी सं. | विभाग का नाम | पद का नाम | वेतनमान | सामान्य | डीएससी | ओएससी | बीसीए | बीसीबी | ईडब्ल्यूएस | ईएसएम सामान्य | ईएसएम डीएससी | ईएसएम ओएससी | ईएसएम बीसीए | ईएसएम बीसीबी | कुल | पीडब्ल्यूडी वीएच | पीडब्ल्यूडी एचएच | पीडब्ल्यूडी ओएच | पीडब्ल्यूडी एमडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जेल | सहायक अधीक्षक जेल (पुरुष) | एफपीएल-6 | 10 | 2 | 3 | 3 | 3 | 3 | 2 | 1 | 0 | 2 | 1 | 30 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | जेल | सहायक अधीक्षक जेल (महिला) | एफपीएल-6 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |

श्रेणी सं. — श्रेणी सं. 1 और 2 के पदों हेतु आवश्यक योग्यता

1. i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा इसके समकक्ष ;
ii) मैट्रिक अथवा उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी अथवा संस्कृत ;
**टिप्पणी :- सभी उम्मीदवार जो शारीरिक मापन परीक्षा क्वालीफाइ करते हैं, को फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए रखा जाएगा जो केवल क्वालीफाइंग प्रकृति का होगा, जिसमें उनकी फिजिकल फिटनेस और सहनशीलता का निर्णय होगा। मानक शारीरिक शर्तें निम्नानुसार हैं :-**

iii ) न्यूनतम ऊंचाई और छाती मापन

| उम्मीदवार | ऊंचाई | छाती |
|---|---|---|
| पुरुष | 170 सेंटीमीटर (सामान्य श्रेणी) | 83 सेंटीमीटर (बिना फुलाए) और 87 सेंटीमीटर (फुलाकर)(सामान्य श्रेणी) |
| | 168 सेंटीमीटर (आरक्षित श्रेणी) | 81 सेंटीमीटर (बिना फुलाए) और 85 सेंटीमीटर (फुलाकर) (आरक्षित श्रेणी) |
| | **परीक्षा दूरी** | **क्वालीफाइंग समय** |
| पुरुष | 2.5 किलोमीटर | 12 मिनट |
| पूर्व सैनिक | 1.0 किलोमीटर | 5 मिनट |

**टिप्पणी** :- आयोग के विवेक पर इस परीक्षा की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन डिवाइस अथवा कोई अन्य सुपिरियर और विश्वसनीय टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।

**आयु : 21-27 वर्ष ( सरकारी निर्देश 22/06/2021 -1जीएस-III दिनांक 25.03.2022 के क्र. सं. ( iv ) के अनुरूप केवल डीएससी/ओएससी, बीसीए/बीसीबी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों को आयु में 5 वर्षीय छूट )**

2. i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा इसके समकक्ष ;
ii) मैट्रिक अथवा उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी अथवा संस्कृत ;
**टिप्पणी :- सभी उम्मीदवार जो शारीरिक मापन परीक्षा क्वालीफाइ करते हैं, को फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए रखा जाएगा जो केवल क्वालीफाइंग प्रकृति का होगा, जिसमें उनकी फिजिकल फिटनेस और सहनशीलता का निर्णय होगा। मानक शारीरिक शर्तें निम्नानुसार हैं :-**

iii ) न्यूनतम ऊंचाई और छाती मापन

| उम्मीदवार | ऊंचाई | छाती |
|---|---|---|
| महिला | 158 सेंटीमीटर (सामान्य श्रेणी) | लागू नहीं |
| | 156 सेंटीमीटर (आरक्षित श्रेणी) | लागू नहीं |
| | **परीक्षा दूरी** | **क्वालीफाइंग समय** |
| महिला | 1.0 किलोमीटर | 6 मिनट |

**टिप्पणी** :- आयोग के विवेक पर इस परीक्षा की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन डिवाइस अथवा कोई अन्य सुपिरियर और विश्वसनीय टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।

**आयु : 21-27 वर्ष ( सरकारी निर्देश 22/06/2021 -1जीएस-III दिनांक 25.03.2022 के क्र. सं. ( iv ) के अनुरूप केवल डीएससी/ओएससी, बीसीए/बीसीबी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों को आयु में 5 वर्षीय छूट )**

ग्रुप-2

| श्रेणी सं. | विभाग का नाम | पद का नाम | वेतनमान | सामान्य | डीएससी | ओएससी | बीसीए | बीसीबी | ईडब्ल्यूएस | ईएसएम सामान्य | ईएसएम डीएससी | ईएसएम ओएससी | ईएसएम बीसीए | ईएसएम बीसीबी | कुल | पीडब्ल्यूडी वीएच | पीडब्ल्यूडी एचएच | पीडब्ल्यूडी ओएच | पीडब्ल्यूडी एमडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | जेल | वार्डर महिला | एफपीएल-2 | 37 | 11 | 10 | 10 | 5 | 16 | 8 | 3 | 2 | 5 | 5 | 112 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | जेल | वार्डर पुरुष | एफपीएल-2 | 99 | 116 | 94 | 93 | 19 | 269 | 199 | 29 | 30 | 59 | 86 | 1093 | 0 | 0 | 0 | 0 |

श्रेणी सं. — श्रेणी सं. 3 से 4 के पदों हेतु आवश्यक योग्यता

3. i) किसी मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड अथवा संस्थान से 10+2 अथवा इसके समकक्ष ;
ii) मैट्रिक अथवा उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी अथवा संस्कृत ;
**टिप्पणी :- सभी उम्मीदवार जो शारीरिक मापन परीक्षा क्वालीफाइ करते हैं, को फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए रखा जाएगा जो केवल क्वालीफाइंग प्रकृति का होगा, जिसमें उनकी फिजिकल फिटनेस और सहनशीलता का निर्णय होगा। मानक शारीरिक शर्तें निम्नानुसार हैं :-**

iii ) न्यूनतम ऊंचाई और छाती मापन

| उम्मीदवार | ऊंचाई | छाती |
|---|---|---|
| महिला | 158 सेंटीमीटर (सामान्य श्रेणी) | लागू नहीं |
| | 156 सेंटीमीटर (आरक्षित श्रेणी) | लागू नहीं |
| | **परीक्षा दूरी** | **क्वालीफाइंग समय** |
| महिला | 1.0 किलोमीटर | 6 मिनट |

**टिप्पणी** :- आयोग के विवेक पर इस परीक्षा की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन डिवाइस अथवा कोई अन्य सुपिरियर और विश्वसनीय टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।

**आयु : 18-25 वर्ष ( सरकारी निर्देश 22/06/2021 -1जीएस-III दिनांक 25.03.2022 के क्र. सं. ( iv ) के अनुरूप केवल डीएससी/ओएससी, बीसीए/बीसीबी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों को आयु में 5 वर्षीय छूट )**

4. i) किसी मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड अथवा संस्थान से 10+2 अथवा इसके समकक्ष ;
ii) मैट्रिक अथवा उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी अथवा संस्कृत ;
**टिप्पणी :- सभी उम्मीदवार जो शारीरिक मापन परीक्षा क्वालीफाइ करते हैं, को फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए रखा जाएगा जो केवल क्वालीफाइंग प्रकृति का होगा, जिसमें उनकी फिजिकल फिटनेस और सहनशीलता का निर्णय होगा। मानक शारीरिक शर्तें निम्नानुसार हैं :-**

iii ) न्यूनतम ऊंचाई और छाती मापन

| उम्मीदवार | ऊंचाई | छाती |
|---|---|---|
| पुरुष | 170 सेंटीमीटर (सामान्य श्रेणी) | 83 सेंटीमीटर (बिना फुलाए) और 87 सेंटीमीटर (फुलाकर)(सामान्य श्रेणी) |
| | 168 सेंटीमीटर (आरक्षित श्रेणी) | 81 सेंटीमीटर (बिना फुलाए) और 85 सेंटीमीटर (फुलाकर) (आरक्षित श्रेणी) |
| | **परीक्षा दूरी** | **क्वालीफाइंग समय** |
| पुरुष | 2.5 किलोमीटर | 12 मिनट |
| पूर्व सैनिक | 1.0 किलोमीटर | 5 मिनट |

**टिप्पणी** :- आयोग के विवेक पर इस परीक्षा की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन डिवाइस अथवा कोई अन्य सुपिरियर और विश्वसनीय टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।

**आयु : 18-25 वर्ष ( सरकारी निर्देश 22/06/2021 -1जीएस-III दिनांक 25.03.2022 के क्र. सं. ( iv ) के अनुरूप केवल डीएससी/ओएससी, बीसीए/बीसीबी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों को आयु में 5 वर्षीय छूट )**

**टिप्पणी : विस्तृत विज्ञापन, अनुलग्नक और परिशिष्ट हेतु कृपया एचएसएससी की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर पधारें।**

स्थान : पंचकूला
दिनांक : 22.06.2026

हस्ता/- सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला

संवाद-1159/13/708/2027/46493/88/7 दि. 23.06.26

## खबर संक्षेप

### एमसीडी ने अवैध डेयरी गतिविधियों के खिलाफ की कार्रवाई



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के केशव पुरम जोन के पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने अवैध डेयरी गतिविधियों एवं अनधिकृत पशुपालन पर रोक लगाने के उद्देश्य से शालीमार बाग के निकट हैदरपुर नहर क्षेत्र तथा शकूरपुर के-ब्लॉक के समीप एनएसपी क्षेत्र में एक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। निगम प्रशासन ने बताया कि कार्रवाई के तहत अवैध डेयरी गतिविधियों में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलों एवं कई दूध के ड्रमों को जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त कुल 11 पशुओं को कब्जे में लिया गया, जिनमें 6 बछड़े एवं 5 गोवंश शामिल हैं। एमसीडी अवैध डेयरी संचालन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा नागरिकों से स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ शहरी वातावरण बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह करता है।

### एनडीएमसी ने सड़क कटाई कार्यों पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली। आगामी मानसून के मौसम को ध्यान में रखते हुए तथा जनसुविधा, सड़क ढांचे एवं यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने निर्णय लिया है कि 1 जुलाई, 2026 से 30 सितंबर, 2026 तक किसी भी प्रकार की सड़क कटाई (रोड कटिंग) की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने कहा कि मानसून के दौरान निर्बाध जनसुविधा एवं जनसुरक्षा पालिका परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### दिल्ली के झुग्गीवासियों के लिए दिल्ली सरकार का ऐतिहासिक फैसला

# झुग्गी बस्ती : एक जनवरी 2025 तक बसे पात्र परिवारों को मिलेगा पुनर्वास का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में 1 जनवरी 2025 तक बसे सभी पात्र झुग्गी बस्तियों के निवासियों को पुनर्वास का लाभ दिया जाएगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) की 36वीं बोर्ड बैठक में झुग्गी पुनर्वास को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली के लाखों झुग्गीवासियों के लिए एक ऐतिहासिक और बहुप्रतीक्षित निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस ऐतिहासिक निर्णय से राजधानी की जेजे बस्तियों में रहने वाले लगभग 4 से 5 लाख परिवारों यानी करीब 20 लाख लोगों के लिए पक्के और सम्मानजनक आवास का मार्ग प्रशस्त होगा। दिल्ली सचिवालय में मंगलवार को आयोजित इस बैठक में दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव राजीव वर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह महत्वपूर्ण निर्णय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हाल में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक और 'दिल्ली स्लम एवं जेजे क्लस्टर पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति 2026' के तहत लिए गए फैसलों के अनुरूप है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के समन्वित प्रयासों से झुग्गीवासियों के जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव आएगा। सरकार पीपीपी मॉडल के माध्यम से पुनर्वास कार्यों को मिशन मोड में आगे बढ़ाएगी ताकि प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित, सम्मानजनक और बेहतर आवास उपलब्ध कराया जा सके।



#### प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री ने गरीबों के लिए किए अभूतपूर्व कार्य : रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देशभर में गरीबों को सम्मानजनक जीवन, बेहतर आवास और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। दिल्ली में भी उनकी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की भावना तथा 'हर गरीब को पक्का घर' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सरकार झुग्गीवासियों के पुनर्वास के लिए तेजी से काम कर रही है।

#### 'पक्का आवास उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता'

रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को सम्मानजनक जीवन और पक्का आवास उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लंबे समय से पुरानी पात्रता तिथि के कारण बड़ी संख्या में परिवार पुनर्वास के लाभ से वंचित रह जाते थे। नई कट-ऑफ तिथि तय होने से अब अधिक से अधिक पात्र परिवारों को इसका लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इस निर्णय से दिल्ली की विभिन्न जेजे बस्तियों में रहने वाले लगभग 4 से 5 लाख परिवारों यानी लगभग 20 लाख लोगों के लिए पक्के घर मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। पात्र परिवारों को सभी आवश्यक नागरिक सुविधाओं से युक्त बहुमंजिला फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे। सरकार का प्रयास है कि 'जहां झुग्गी, वहीं मकान' के संकल्प के अनुरूप पात्र परिवारों का पुनर्वास यथासंभव उनकी बस्ती या उसके आसपास किया जाए।

#### मैदान और अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार केवल मकान उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि नई पुनर्वास कॉलोनियों में बेहतर जीवन के लिए सभी आवश्यक सामाजिक एवं नागरिक सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी। इन कॉलोनियों में आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, बच्चों के खेलने के मैदान और अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। नई नीति में पारिवारिक विस्तार की वास्तविक परिस्थितियों को भी ध्यान में रखा जा रहा है। अगर किसी झुग्गी में एक ही परिवार के सदस्य अलग-अलग मंजिलों पर अलग इकाइयों में रह रहे हैं तो निर्धारित अतिरिक्त शुल्क के साथ उन्हें भी पुनर्वास के दायरे में शामिल करने का प्रावधान किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

## बिजली चोरी में संलिप्त प्रतिष्ठानों के तत्काल काटे जाएंगे कनेक्शन : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में बिजली चोरी में संलिप्त अवैध व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बिजली कनेक्शन तत्काल काटे जाएंगे और उन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा तथा परिसरों को सील किया जाएगा। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने बिजली चोरी के खिलाफ बड़े अभियान के निर्देश जारी किए हैं। इस अभियान ने दिल्ली के सबसे अधिक लाइन लॉस वाले क्षेत्रों में से एक, कमरुद्दीन नगर में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पश्चिमी दिल्ली के मुंडका डिवीजन स्थित कमरुद्दीन नगर में बिजली हानि का स्तर बढ़कर 56.4 प्रतिशत तक पहुंच गया था। व्यापक स्तर पर हो रही बिजली चोरी के कारण प्रतिवर्ष लगभग 24.4 करोड़ का वित्तीय नुकसान हो रहा था। जांच में पाया गया कि कई अवैध व्यावसायिक एवं औद्योगिक इकाइयां ओवरहेड

#### लगाया जाएगा भारी जुर्माना तथा परिसरों को किया जाएगा सील

बिजली लाइनों से अनधिकृत कनेक्शन लेकर बिजली का दुरुपयोग कर रही थीं। स्थिति को सुधारने के लिए ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने डिस्कॉम एवं संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों को बिजली चोरी के विरुद्ध सख्त एवं निर्णायक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में एक बड़े प्रवर्तन अभियान को अंजाम दिया गया। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप 1 करोड़ यूनिट (किलोवाटएच) से अधिक बिजली चोरी को रोका गया है। इस अभियान का प्रभाव तत्काल देखने को मिला। लक्षित क्षेत्रों में बिजली चोरी प्रतिदिन लगभग 34 हजार यूनिट तक कम हो गई है। इस उपलब्धि को स्थायी बनाने के लिए सरकार ने संवेदनशील बिजली लाइनों को सुरक्षित एवं चोरी-रोधी आर्मर्ड केबलों से बदलने का निर्णय लिया है।

### सीजेपी का धरना चौथे दिन भी रहा जारी किसानों व शिक्षकों का मिला समर्थन

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी प्रश्न पत्र लीक मामले पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का लगातार चौथे दिन मंगलवार को भी जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन जारी रहा। चौथे दिन जहां प्रदर्शन में कुछ किसानों व शिक्षकों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराकर समर्थन दिया। वहीं सीजेपी ने पुलिस पर प्रदर्शन स्थल के दायरे को छोटा करने के आरोप लगाते हुए डायपर डोनेशन ड्राइव का ऐलान कर दिया है। सीजेपी संस्थापक अभिजीत दिपके की तरफ से संगठन ने ऐलान किया है कि मंगलवार को प्रदर्शन में आने वाले साथी अपने साथ एक डायपर लाए और उस पर लिखकर शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगे। सीजेपी ने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी इस्तीफा लिखे डायपर शिक्षा मंत्री तक पहुंच जाए। वहीं दिपके ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन स्थल के दायरे को छोटा करने की कोशिश शुरू कर दी है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने 'स्टॉप डायरिया अभियान 2026' कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में 'स्टॉप डायरिया अभियान 2026' कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम में शामिल स्वास्थ्यकर्मियों और लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि "स्टॉप डायरिया अभियान' केवल एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों को डायरिया से बचाने तथा इससे होने वाली बीमारियों की रोकथाम और उनसे संबंधित मृत्यु में कमी लाने के लिए एक महत्वपूर्ण मुहिम है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि मानसून के मौसम में डायरिया और जलजनित रोगों के मामलों में वृद्धि होती है।

### महापौर ने 'ऑपरेशन मिशन मानसून' की तैयारी के दिए निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने मंगलवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय, डॉ. एस.पी.एम. सिविक सेंटर में आगामी मानसून सीजन के लिए तैयारियों की समीक्षा तथा राजधानी में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए "ऑपरेशन मिशन मानसून" की तैयारी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मानसून को लेकर प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। "ऑपरेशन मिशन मानसून" के अंतर्गत आयोजित इस बैठक में दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में संभावित जलभराव से संबंधित अंतर-विभागीय मुद्दों एवं चुनौतियों पर चर्चा की गई तथा विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए जा रहे नालों की गाद निकासी (डीसिल्टिंग) कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

## राजधानी में तेज धूल भरी हवाओं के बाद हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को मौसम का मिजाज बदला और दिल्ली में कई जगह तेज हवाओं के साथ हलकी बारिश ने उमस व गर्मी से राहत दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार सुबह के समय मौसम गर्म और सूरज पूरी तरह लाल था, जिसके चलते अधिकतम पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। लेकिन दोपहर बाद मौसम ने करवट लेनी शुरू की और देखते ही देखते ही कई क्षेत्रों में तेज धूल भरी आंधी आई जो करीब एक घंटे तक बनी रही। आंधी के बाद कई हिस्सों में राहत की बारिश होने लगी। इस प्रचंड गर्मी और उमस से परेशान लोगों को इस बारिश ने बड़ी राहत दी है। आईएमडी ने मंगलवार भीषण आंधी, बिजली गिरने और वर्षा के लिए रेड अलर्ट भी जारी किया। जिसमें कहा गया कि कुछ घंटों में दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में बिजली चमकने और 80-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ तेज आंधी आने की प्रबल संभावना है।










# बॉर्डर 3 में दिखाई जाएगी जनरल हरबख्श सिंह की कहानी...

**नई दिल्ली।** बॉर्डर 2 की जबरदस्त सक्सेस के बाद अब निधि दत्ता ने जेपी फिल्म्स के बैनर तले कुछ और फिल्में बनाने का फैसला लिया है। निधि एक या दो नहीं पांच फिल्में बनाने के मूड में हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है बॉर्डर 3। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक वॉर बायोपिक होगी। असल में यह जनरल हरबख्स सिंह की बायोपिक होगी। बॉर्डर 3 के अलावा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक एयर फोर्स ड्रामा फिल्म, माइथोलॉजी और भारतीय इतिहास पर आधारित एक ट्रेजर हंट फिल्म और इनके अलावा लीजेंड्री फिल्म मेकर ओपी दत्ता (जेपी दत्ता के पिता) की जिंदगी पर एक लंबी सीरीज बनाने की प्लानिंग है।

लाइफ Style



# अनुष्का

## कोरियन फिल्म में निभाएंगी लीड रोल

एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने बड़ी अपलब्धि हासिल की है। वह साउथ कोरियन फिल्म में लीड रोल निभाने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनने वाली हैं। 23 साल की यह स्टार आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा 'जेजू ओले' में लीड रोल निभाएंगी, जो भारत और साउथ कोरिया के बीच एक सांस्कृतिक सहयोग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में अनुष्का ने अलीशा का किरदार निभाया है, जो अपनी बहन को खोने के दुख से उबरने की कोशिश करते हुए साउथ कोरिया के खूबसूरत जेजू आइलैंड पर पहुंचती है। जब वह अपनी भावनाओं को समझने और अपनी जिंदगी को फिर से संवारने की कोशिश करती है, तो उसका सिंगर-सॉन्गराइटर सुनवू (जिसे कोरियन एक्टर कांग ह्युंग-सेओक ने निभाया है) के साथ एक रिश्ता बन जाता है। फिल्म की कहानी जेजू आइलैंड की खूबसूरत लोकेशन पर आधारित है। हाल ही में, अनुष्का ने 'द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' से फिल्म में काम करने के अपने अनुभव, साउथ कोरिया के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव और एक नई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की। इस प्रोजेक्ट के महत्व पर बात करते हुए, उन्होंने कहा कि 'जेजू ओले' का महत्व इसलिए और भी ज्यादा है क्योंकि यह एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा है, जिसे वह हमेशा से पसंद करती रही हैं। अनुष्का ने बताया कि उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान के-ड्रामा देखना शुरू किया था। समय के साथ, उन्हें कोरियन कहानी कहने के अंदाज से प्यार हो गया और अक्सर वह ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का सपना देखती थीं।

हॉलीवुड मसाला



# डॉक्टर डूम के रूप में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** एमसीयू की आने वाली फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' का दर्शकों के बीच उत्साह है। यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। इसमें हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे। हाल ही में टॉम हॉलैंड ने खुलासा किया कि उन्हें मार्वल के इस सीक्रेट का पहले ही पता चल गया था। टॉम के मुताबिक, मार्वल द्वारा डॉक्टर डूम के रूप में मार्वल यूनिवर्स में डाउनी की वापसी की घोषणा करने से पहले रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने निजी रूप से उन्हें फोन किया था।



# एमसीयू में सिर्फ एक को पता है, पीटर कौन है?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' की रिलीज से ठीक एक महीने पहले टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। पिछली फिल्म 'नो वे होम' के आखिर में हमने देखा था कि डॉक्टर स्ट्रैंज के जादू से दुनिया यह भूल चुकी है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। लेकिन, अब टॉम ने बातों-बातों में खुलासा किया है कि एमसीयू में एक ऐसा है, जिसे यह सच पता है। 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां 'नो वे होम' की खत्म हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि रिलीज से ठीक पहले पीटर पार्कर यानी एक्टर टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि एमसीयू में सिर्फ एक ऐसा किरदार है, जिसे पता है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। स्पाइडर-मैन' फ्रैंचाइजी की यह चौथी है, जबकि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से पहले यह मार्वल सिनमैटिक यूनिवर्स की कहानी को नया मोड़ देगी।



# बहुत घबराहट हो रही थी फिर सबने की मदद

**मुंबई।** बोलो ता रा रा, तुनक तुनक तुन, ना ना ना रे और हो जाएगी बल्ले-बल्ले जैसे गानों की सौगात देने वाले मशहूर सिंगर दलेर मेहंदी अब परदे पर एक्टिंग करते नजर आएंगे। फिल्म होगी 'वेलकम टू द जंगल'। इस मल्टीस्टारर फिल्म में काम करके दलेर मेहंदी बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए सितारों की तारीफ की। अपना अनुभव बताते हुए दलेर मेहंदी ने कहा कि उन्हें फिल्म की पूरी कास्ट से बहुत प्यार और सपोर्ट मिला। दलेर मेहंदी ने माना कि शुरू में उन्हें घबराहट हो रही थी। सब दोस्त हैं, लेकिन जब एक्टिंग की बारी आई तो बहुत घबराहट हो रही थी'। मगर, सेट पर मौजूद अच्छे और दोस्ताना माहौल की वजह से उनकी घबराहट जल्द ही दूर हो गई। सिंगर ने कहा, 'अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी बहुत अच्छे इंसान हैं।



# वो 7 दिन के 43 साल पूरे होने पर मनाया जश्न

**मुंबई।** 1983 में आई सुपरहिट फिल्म 'वो 7 दिन' के 23 जून को पूरे 43 साल हो गए हैं। अनिल कपूर ने अपनी इस फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया है। अनिल कपूर ने बताया कि इसी फिल्म ने उन्हें हिंदी सिनेमा में असली पहचान दिलाई। अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म के कई सीन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसके बैकग्राउंड में फिल्म का मशहूर गाना 'प्यार किया नहीं जाता' बज रहा है। उन्होंने लिखा कि कुछ फिल्में हमेशा दिल के करीब रहती हैं और 'वो 7 दिन' उनके लिए हमेशा बेहद खास रहेगी। अनिल कपूर ने फिल्म के साथी कलाकारों और अपने परिवार का आभार जताया। नसीरुद्दीन शाह और पद्मिनी कोल्हापुरे के बारे में अनिल कपूर ने कहा कि वे इन दोनों कलाकारों के हमेशा आभारी रहेंगे।

टीवी मसाला



# तारक मेहता के इन कलाकारों ने नहीं की शादी, 48-50 की उम्र में भी कुंवारे

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जितना पॉपुलर है, उसके किरदार भी उतने ही पॉपुलर हैं और दर्शकों के दिलों में बसे हुए हैं। कई कलाकार तो ऐसे रहे, जो यह शो छोड़ चुके हैं, पर आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। जेठालाल से लेकर दयाबेन, बबीता जी और पोपटलाल, समेत हर किरदार दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ चुका है। पोपटलाल तो ऐसा किरदार है, जिसकी लाख कोशिशों के बावजूद शादी नहीं हो पा रही है। 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी करवाने के लिए न जाने कितने ही सीक्वेंस शुरू किए गए, पर अब तक वह कुंवारा ही है। हालांकि, उस किरदार को निभाने वाले एक्टर श्याम पाठक असल में शादीशुदा हैं और तीन बच्चों के बाप भी। लेकिन, यहां आपको 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन एक्टर्स के बारे में बता रहे हैं, जो असल जिंदगी में कुंवारे हैं। किसी की उम्र 50 साल से अधिक है तो किसी की 48 साल है, पर अभी तक उनकी शादी नहीं हुई है। यानी कह सकते हैं कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ये कलाकार असल जिंदगी में 'पोपटलाल' हैं। 'मिस्टर अय्यर' यानी तनुज महाशब्दे 45 साल के हैं, पर अब तक कुंवारे हैं। असल जिंदगी में उनकी शादी नहीं हुई है। बबीता जी का किरदार निभाने वालीं मुनमुन दत्ता असल जिंदगी में कुंवारी हैं। वह 38 साल की हैं। शादी को लेकर मुनमुन दत्ता ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि उन्हें प्यार पसंद है, पर शादी के पीछे नहीं भागतीं। वह सिंगल हैं और बच्चे नहीं हैं, तो इस वजह से खुद पर ध्यान दे पाती हैं। मुनमुन दत्ता ने कहा था कि शादी कभी भी उसका जीवन भर का सपना नहीं रहा, और बड़े होते हुए उन्होंने कभी किसी आदर्श पति या परफेक्ट शादी के बारे में नहीं सोचा। साथ ही कहा था कि अगर शादी होनी है, तो वह अपने आप हो जाएगी। मिसेज अंजलि तारक मेहता का रोल निभाने वालीं नेहा मेहता भी आज तक सिंगल और कुंवारी ही हैं। वह 48 साल की हो चुकी हैं, पर शादी नहीं हुई है।

## 'मुझे लड़कियों का सिगरेट पीना पसंद नहीं'



**नई दिल्ली।** 'अंगूरी भाभी' शिल्पा शिंदे ने फेमिनिज्म पर बात करते हुए कहा है कि उन्हें महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है, जिसे मॉडर्न होने से जोड़कर देखा जाता है। उन्होंने पहनावे पर भी बात की और कहा कि इंसान की सोच उसके कपड़ों पर निर्भर नहीं करती। उन्होंने खुद को रूढ़िवादी बताया। एक इंटरव्यू में शिल्पा शिंदे ने कहा कि कुछ निजी मान्यताओं को लेकर वह थोड़ा रूढ़िवादी हैं और उन्हें महिलाओं को स्मोकिंग करते हुए देखना अच्छा नहीं लगता, जिसे 'मॉडर्न' होने का नाम दिया जाता है। शिल्पा शिंदे ने कहा, 'असल में, मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं। सच कहूं तो, मुझे महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है। यह मेरी निजी राय है और इसीलिए मैं कहती हूं कि इस मामले में मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं।'

# पांच साल बाद फिर डराने आ रहे इमरान, फिल्म 'रूह' की घोषणा



**मुंबई।** हॉरर फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता इमरान हाशमी पांच वर्षों के बाद एक बार फिर हॉरर जॉनर फिल्म में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'रूह' की घोषणा हो चुकी है। मेकर्स ने इसका पहला लुक भी जारी किया है। फिल्म के मेकर्स ने एक वीडियो के जरिए फिल्म 'रूह' की घोषणा की है। 52 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक जंगल में एक रहस्यमयी लड़की है। इसके बाद एक धुंधला सा शीशा नजर आता है। इस शीशे को एक रहस्यमयी हाथ साफ करता है। शीशे में इमरान हाशमी का चेहरा नजर आता है। देखते-देखते इमरान हाशमी की आंखें काली हो जाती हैं। इसके बाद फिल्म का टाइटल 'रूह' लिखा नजर आता है। यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक मयंक शर्मा होंगे। इसके लेखक मयंक शर्मा और विशाल कपूर हैं। फिल्म के निर्माता विक्रम खंखर और सनी खन्ना होंगे। इमरान हाशमी बताया कि 'रूह' एक ऐसी फिल्म है जिसने मुझे तुरंत अपनी ओर खींचा, क्योंकि इसमें नए जमाने की हॉरर, भावना और संगीत का बहुत जबरदस्त मेल है। दर्शक हमेशा से मुझे इस तरह की फिल्मों से जोड़कर देखते आए हैं। मयंक जिस दुनिया को बना रहे हैं, वह बहुत दमदार, इमोशनल और सिनेमैटिक लगती है। 'रूह' के बारे में इसी बात ने मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित किया है। मैं सच में चाहता हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें।'

# घायल की 36वीं सालगिरह पर सनी हुए भावुक, पिता को किया याद...





**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर सनी देओल ने अपनी शानदार फिल्म 'घायल' की रिलीज के 36 साल पूरे होने पर जश्न मनाया है। उन्होंने इस मौके पर अपने दिवंगत पिता और मशहूर एक्टर धर्मेंद्र को याद किया है। इंस्टाग्राम पर फिल्म के यादगार सीन का एक मोंटाज शेयर करते हुए, सनी देओल ने फिल्म को सफल बनाने का श्रेय धर्मेंद्र को दिया है। वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'पापा के भरोसे और राज की राइटिंग ने 'घायल' को मुमकिन बनाया। आपके प्यार ने इसे अमर बना दिया।' इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट और हाथ जोड़ने वाले इमोजी भी लगाए। आपको बता दें कि कई निर्माताओं के इस फिल्म को सपोर्ट करने से मना करने के बाद धर्मेंद्र ने खुद 'घायल' को प्रोड्यूस किया। सनी देओल पर उनका भरोसा काम आया और यह फिल्म एक्टर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म की लीड एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने भी 'माहिया तेरी कसम' गाने को रीक्रिएट करके इस फिल्म की 36वीं एनिवर्सरी मनाई। अपने डांस मूव्स दिखाते हुए एक वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'आज घायल की 36वीं एनिवर्सरी है। एक ऐसी फिल्म जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। तीन दशक बाद जब मैं इंडियन सिनेमा से फिर से जुड़ रही हूं, तो फिल्म के इस खूबसूरत रोमांटिक गाने को फिर से देखना बहुत खास लग रहा है।' 'घायल' के निर्देशक राजकुमार संतोषी थे। इसमें राज बब्बर और अमरीश पुरी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। मौसमी चटर्जी, अन्नू कपूर, ओम पुरी, शरत सक्सेना और सुदेश बेरी सपोर्टिंग रोल में नजर आए थे। ढाई करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

## 77 साल बाद भी कल्ट सॉन्ग सुन कांपती है रूह

# माइक से 25 फीट दूर खड़े होकर लता ने गाया था भूतिया गाना

*नई दिल्ली। स्वरकोकिला लता मंगेशकर ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार गाने दिए हैं। उनकी आवाज में गाने सुनते ही दर्शको धुन में खो जाते हैं। 36 से अधिक भाषाओं में गाने देने वालीं लता मंगेशकर ने वैसे तो अपने करियर में कई यादगार गाने गाए हैं, लेकिन 77 साल पहले उन्होंने एक ऐसा गीत गाया था, जिसे आज भी अकेले में सुनने में थोड़ा डर का एहसास होने लगेगा। जिस गाने के बारे में हम आपको बता रहे हैं, उसके बाद ही लता मंगेशकर को 'सुर सम्राज्ञी' का टैग मिला था।*



### बिना साउंड ट्रैक के गाया था हॉरर गाना

लता मंगेशकर की आवाज में गाए हम जिस कल्ट क्लासिक सॉन्ग का जिक्र हम अपने इस लेख में कर रहे हैं, वह साल 1949 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'महल' का है, जिसमें अशोक कुमार और मधुबाला ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म का एवरग्रीन हिट सॉन्ग 'आएगा आने वाला आएगा' उस दौर में बहुत बड़ा हिट हुआ था। महल के गाने ने एक गाने ने लता मंगेशकर को बॉलीवुड में वह मुकाम दिया था, जिसकी कल्पना भी सिंगर ने नहीं की थी। हालांकि, 'आएगा आने वाला आएगा' गाने में हॉरर फील लाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। उस समय पर तकनीकी उपकरण कम थे, जिसकी वजह से इस गाने को गाने के लिए लता मंगेशकर को कमाल अमरोही और खेमचंद प्रकाश ने खाली रूम में एकदम कोने में खड़ा किया था।

### 9 लाख के बजट में बनी महल हुई थी सुपरहिट

लता मंगेशकर की आवाज में गाए इस गीत के बाद ही वह हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी सिंगर बनकर उभरीं। जहां लता मंगेशकर ने गाने को आवाज दी, तो वहीं दूसरी तरफ खेमचंद प्रकाश ने इसका म्यूजिक कंपोज किया। साल 1949 में रिलीज हुई 'महल' का बजट उस दौर में 9 लाख के आसपास था, लेकिन फिल्म की कमाई 1.45 करोड़ के आसपास हुई थी।

### भूतों का फील लाने के लिए बिना टेक्निक किया रिकॉर्ड

*एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स चाहते थे कि जब यह गाना बजे तो ऐसा लगे कि कोई अदृश्य साया या भूत दूर से गाते हुए धीरे-धीरे पास आ रहा है। जिसके लिए लता मंगेशकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो में खाली जगह पर थीं और उनसे माइक तकरीबन 25 फीट दूर था। रिकॉर्डिंग स्टूडियो के बीचों-बीच एक माइक्रोफोन रखा गया था। जब लता मंगेशकर ने गाने 'खामोश है जमाना, चुपचाप हैं सितारे...' गाना शुरू किया तो दूर से उनकी आवाज आ रही थी, जो बेहद धीमे थी। वह माइक की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थीं, जिससे यह लगे कि 'महल' में मौजूद साए कि आवाज 'हरि' के करीब आ रही है। इत्तेफाक से मुख्य मुखड़े 'आएगा आने वाला आएगा' लाइन आने तक वह माइक के बिल्कुल करीब पहुंच गई थी। मेकर्स ने जिस तरह से इस गाने की प्लानिंग की थी, ठीक सब चीजें उसी तरह से चली, जब 'महल' रिलीज हुई और यह गाना उस दौर में थिएटर्स में बजा तो लोगों को बेहद पसंद आया, लेकिन साथ ही काफी डर भी लगा।*

# अवैध कोचिंग संस्थानों पर चलेगा विशेष अभियान, डीएम को कार्रवाई के निर्देश

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में विद्यार्थियों को सुरक्षित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण देने के लिए प्रदेशभर में संचालित कोचिंग संस्थानों के विनियमन को प्रभावी बनाने तथा अवैध रूप से चल रहे कोचिंग सेंटरों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश जारी किए गए हैं। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने जनपदों में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों का व्यापक सर्वेक्षण कर सूची तैयार करें। जो संस्थान उत्तर प्रदेश कोचिंग विनियमन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजीकृत नहीं हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



### सुरक्षा मानकों के अनुरूप निरीक्षण

पंजीकृत संस्थानों का भी सुरक्षा मानकों के अनुरूप निरीक्षण कराया जाएगा। इसमें भवन व्यवस्था, अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच शामिल होगी। उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। विद्यार्थियों और अभिभावकों के हित सर्वोपरि हैं। सभी संबंधित विभागों के समन्वय से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रदेश में संचालित प्रत्येक कोचिंग संस्थान निर्धारित मानकों का पालन करे।

### प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित शिक्षण वातावरण मिले

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप यूपी में उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित और विश्वसनीय शैक्षिक वातावरण तैयार किया जा रहा है। शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित शिक्षण वातावरण मिले और कोचिंग संस्थानों में निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन हो। इस संबंध में विशेष सचिव उच्च शिक्षा निधि श्रीवास्तव द्वारा पत्र भी जारी किया गया है। जिसमें डीएम द्वारा अपने जनपदों में अभियान चलाकर बिना पंजीकरण संचालित संस्थानों की पहचान और अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ ही पंजीकृत संस्थानों में विद्यार्थियों की सुरक्षा, आधारभूत सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण भी कराया जाएगा।

## विधायक डॉ. नीरज बोरा ने वितरित किए राहत राशि के चेक

हरिभूमि न्यूज, लखनऊ। लखनऊ में सोमवार को हुई दर्दनाक घटना के बाद पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने का सिलसिला जारी है। मुख्यमंत्री राहत कोष से घोषित आर्थिक सहायता राशि के चेक पीड़ितों और उनके परिजनों को वितरित किए गए। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने



कहा कि इस कठिन समय में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है और उन्हें हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। राहत राशि वितरण के दौरान परिजनों की भावनाएं भी सामने आईं और सभी ने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीतू रॉय, पत्नीः श्री. केशव नंदा रॉय, पताः 2225, ए 1 ब्लॉक, बंगाली कॉलोनी, संत नगर, बुराड़ी, दिल्ली–110084** ने **CC NI Act/5108/2021, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना दरियागंज, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नीतू रॉय** नहीं मिल रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नीतू रॉय** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC NI Act/5108/2021, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना दरियागंज, दिल्ली** के अभियुक्त **नीतू रॉय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री आराधना**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एनआई एक्ट–09**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/8261/CD/2026**

# कार्यालय पुलिस उपायुक्त
# केंद्रीय जिला, दरियागंज, नई दिल्ली

टेलीफ़ोन नंबर 011-23262049, फैक्स नंबर 011-23274717
ई-मेल: adcp1.central@delhipolice.gov.in

## सार्वजनिक सूचना

**दिल्ली पुलिस आयुक्त द्वारा मुझे दी गई शक्ति का उपयोग करते हुए और दिल्ली पुलिस अधिनियम की धारा 67(1) के अंतर्गत, केंद्रीय जिले के अलग-अलग पुलिस स्टेशनों द्वारा दिल्ली पुलिस अधिनियम-1978 की धारा 66 के अंतर्गत जब्त किए गए 134 वाहनों की संलग्न सूची को इस घोषणा के जरिए आम जनता की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जा रहा है। इसके अलावा, कोई भी व्यक्ति इस घोषणा के जारी होने के छह महीने के भीतर अपना दावा साबित करने के लिए मालिकाना हक के सबूत के साथ संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त के सामने पेश हो सकता है।**

### धारा 67 दिल्ली पुलिस अधिनियम के तहत जब्त किए गए लावारिस वाहनों की सूची

| क्रम सं. | पुलिस स्टेशन | डी डी नंबर और तारीख | रजिस्ट्रेशन नंबर | मेक | इंजन नंबर | चेसिस नंबर | मड नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पहाड़गंज | 11A, 14.11.24 | DL6SAR4145 | पल्सर | 30580 | 40219 | 2923/24 |
| 2 | पहाड़गंज | 65A, 29.12.24 | DL6SAP0879 | एक्टिवा | 459173 | 7459130 | 3010/24 |
| 3 | पहाड़गंज | 113A, 30.12.24 | DL8SCH7304 | टीवीएस जुपिटर | 641705 | 13860 | 3013/24 |
| 4 | पहाड़गंज | 105A, 03.01.25 | DL13SN8944 | महिंद्रा गुस्टो | 76980 | 68650 | 2469/25 |
| 5 | पहाड़गंज | 107A, 11.04.25 | DL9SAQ5773 | डिस्कवर | 6577 | 6884 | 2679/25 |
| 6 | पहाड़गंज | 55A, 17.04.25 | DL7SBY5723 | एक्टिवा | 42054 | 8042438 | 2679/25 |
| 7 | पहाड़गंज | 89A, 02.05.25 | DL12SD4881 | स्प्लेंडर | 16367 | 16346 | 2735/25 |
| 8 | पहाड़गंज | 84A, 12.05.25 | DL4SDA2483 | मैस्ट्रो एज | 927 | 1803 | 2776/25 |
| 9 | पहाड़गंज | 94A, 12.05.25 | DL9SAJ1342 | एविएटर | 235941 | 210585 | 2777/25 |
| 10 | पहाड़गंज | 95A, 12.05.25 | DL8SBV6884 | अल्फा | 28493 | 14056 | 2778/25 |
| 11 | देश बंधु गुप्ता रोड | 3A, 31.08.22 | DL6SAD 7204 | एक्टिवा स्कूटी | 57150 | 18675 | 1774/22 |
| 12 | देश बंधु गुप्ता रोड | 54A, 24.08.22 | DL6SAM 3699 | एक्टिवा स्कूटी | 10313 | 11533 | 1764/22 |
| 13 | देश बंधु गुप्ता रोड | 101A, 05.08.22 | DL10S 7237 | यमाहा मोटर साइकिल | 41040 | 41074 | 1739/22 |
| 14 | देश बंधु गुप्ता रोड | 64A, 28.06.22 | DL4SCT 1959 | एक्टिवा स्कूटी | 72859 | 72778 | 1700/22 |
| 15 | देश बंधु गुप्ता रोड | 62A, 19.06.22 | DL9SBG 3216 | एक्टिवा स्कूटी | 26162 | 26906 | 1690/22 |
| 16 | देश बंधु गुप्ता रोड | 55A, 29.05.22 | DL 8SAP 8866 | अपाचे मोटर साइकिल | 22810 | 84579 | 1666/22 |
| 17 | देश बंधु गुप्ता रोड | 10A, 13.05.22 | DL 8SAT 3143 | यमाहा मोटर साइकिल | 45141 | 45119 | 1644/22 |
| 18 | देश बंधु गुप्ता रोड | 20A, 10.04.22 | DL 8SCL 1989 | स्प्लेंडर मोटर साइकिल | G 9335 | 85904 | 1581/22 |
| 19 | पटेल नगर | 90A 20-06-2024 | DL8SCE9108 | स्कूटी | 37138 | 35503 | 2297 |
| 20 | पटेल नगर | 89A 22-09-2024 | DL6SAH4914 | स्कूटी | 22520 | 11623 | 2452 |
| 21 | पटेल नगर | 126A 28-09-2024 | DL3SCT6269 | स्कूटी | 41372 | 42170 | 2489 |
| 22 | पटेल नगर | 95A 08.11-2024 | DL4SNC6377 | स्कूटी | 39673 | 2007 | 2640 |
| 23 | पटेल नगर | 103A 20-01-2024 | DL4SBZ3494 | स्कूटी | 30026 | 43513 | 2007 |
| 24 | रणजीत नगर | DD No. 87 A | DL 9SL3469 | मोटर साइकिल | 10079 | 152 | 988 |
| 25 | रणजीत नगर | DD No. 60A | DL13SH2826 | स्कूटी | 82541 | 5797 | 1194 |
| 26 | रणजीत नगर | DD No. 61A | DL10SV2434 | स्कूटी | 47024 | 46596 | 1216 |
| 27 | रणजीत नगर | DD No. 69A | DL6SBF9882 | मोटर साइकिल | 31087 | 56643 | 1232 |
| 28 | रणजीत नगर | DD No.52A | DL4SBF1723 | स्कूटी | 26159 | 47308 | 1269 |
| 29 | रणजीत नगर | DD No. 57A | DL7SBH8221 | मोटर साइकिल | 4540 | 4390 | 1317 |
| 30 | रणजीत नगर | DD No. 62A | DL1SY6632 | मोटर साइकिल | 62160 | 54688 | 1364 |
| 31 | रणजीत नगर | DD No. 50A | DL-10S-4380 | मोटर साइकिल | 1493 | 1458 | 1380 |
| 32 | रणजीत नगर | DD No.69A | DL6SA9-5455 | स्कूटी | 24036 | 1898 | 1460 |
| 33 | रणजीत नगर | DD No. 7 A | DL6SAP2302 | स्कूटी | 17011 | 16964 | 1535 |
| 34 | रणजीत नगर | DD NO .54A | DL 1SAC6254 | स्कूटी | .... | 259112 | 1497 |
| 35 | रणजीत नगर | DD NO.32A | DL8SBM9544 | मोटर साइकिल | 82125 | 26466 | 1607 |
| 36 | रणजीत नगर | DD No. 69 A | UP78BY8076 | मोटर साइकिल | 20398 | 20192 | 1683 |
| 37 | रणजीत नगर | DD NO. 15A | DL55AJ7375 | मोटर साइकिल | 2495 | 2639 | 1889 |
| 38 | रणजीत नगर | DD No. 14A | DL4SCG0977 | मोटर साइकिल | 12917 | 3723 | 1861 |
| 39 | रणजीत नगर | DD No. 82A | (1) L8SBS0130<br>(2) PB46L5455 | स्कूटी | 1.66089<br>2.54779 | 1.066203<br>2.15532 | 2015 |
| 40 | रणजीत नगर | DD No. 10A | DL6SA8303 | स्कूटी | 59976 | 60618 | 2125 |
| 41 | रणजीत नगर | DD No. 11A | DL6SAY5797 | मोटर साइकिल | 12413 | 85118 | 2126 |
| 42 | आनंद पर्वत | 132A, 17.04.25 | MH 01DN 1017 | मोटर साइकिल | 3232 | 3402 | 4242-25 |
| 43 | आनंद पर्वत | 7A, 10.05.25 | DL 1SAG 8930 | स्कूटी टीवीएस | N/A | N/A | 4285-25 |
| 44 | आनंद पर्वत | 12A, 02.06.25 | DL 8SBW 4255 | स्कूटी | 26747 | 5396 | 4320-25 |
| 45 | आनंद पर्वत | 12A, 05.08.25 | DL 3SFH 8216 | स्कूटी एक्टिवा | 19816 | N/A | 4396-25 |
| 46 | आनंद पर्वत | 67A, 28.03.25 | DL 10S 7078 | मोटर साइकिल, यामाहा | 34943 | 34955 | 4200-25 |
| 47 | आनंद पर्वत | 31A, 17.04.25 | DL3 SDF 9400 | मोटर साइकिल, हीरो | 96523 | 35755 | 4243-25 |
| 48 | आनंद पर्वत | 111A, 26.05.25 | DL 6SAK 9793 | स्कूटी | N/A | N/A | 4307-25 |
| 49 | दरियागंज | 77A, Dt. 20.8.2025 | DL5CA2542 | कार | | | 2930 |
| 50 | दरियागंज | उपरोक्त | DL5CH9398 | कार | | | 2930 |
| 51 | दरियागंज | उपरोक्त | DL1CL2611 | कार | | | 2930 |
| 52 | दरियागंज | उपरोक्त | DL1CT3459 | कार | | | 2930 |
| 53 | दरियागंज | 6A, 29.9.2025 | HR51CY7635 | हीरो स्प्लेंडर | | | 2978 |
| 54 | दरियागंज | 110A, 23.12.2025 | DL7SAY4846 | मोटर साइकिल | 4380 | | 3098 |
| 55 | दरियागंज | 33A, Dt. 25/01/2026 | DL4SCF6661 | मोटर साइकिल | | | 2518 |
| 56 | दरियागंज | 5A, 24/03/2026 | DL8SCJ1404 | मोटर साइकिल | | | 2613 |
| 57 | कमला मार्केट | 52A, 18.4.2025 | PB03AR0209 | टीवीएस विक्टर | 66131 | 65359 | 1356 |
| 58 | कमला मार्केट | 115A, 26.4.2025 | DL7SBH7606 | हीरो स्प्लेंडर | 7880 | 6574 | 1369 |
| 59 | राजेन्दर नगर | 3A, 12.10.2025 | DL7SBT3548 | होंडा | 487117 | 488249 | 1498 |
| 60 | राजेन्दर नगर | 71A & 18/11/2025 | DL6SAD9687 | होंडा | 28781 | 14950 | 1560 |
| 61 | जामा मस्जिद | 64A, 19.12.25 | DL8SDB5904 | आर 15 | 49331 | 34758 | 744/25 |
| 62 | जामा मस्जिद | 75A, 02.01.26 | UP13AU0758 | एक्सेस 125 | 85394 | 83228 | 46204 |
| 63 | प्रसाद नगर | 15/5/2025 & 48 | DL14SL4975 | दोपहिया | 90438 | 129637 | 2291 |
| 64 | प्रसाद नगर | 15/5/2025 & 53 | UP23R3687 | दोपहिया | 9336 | 1203 | 2292 |
| 65 | प्रसाद नगर | 15/5/2025 & 54 | DL2SQ3937 | दोपहिया | 74869 | 75592 | 2293 |
| 66 | प्रसाद नगर | 16/5/2025 & 56 | DL7SCR0601 | दोपहिया | 12327 | 21026 | 2294 |
| 67 | प्रसाद नगर | 16/5/2025 & 57 | DL6SN5752 | दोपहिया | 9616 | 8797 | 2295 |
| 68 | प्रसाद नगर | 16/5/2025 & 81 | 24BH8827M | दोपहिया | 3899 | 12472 | 2296 |
| 69 | प्रसाद नगर | 16/5/2025 & 86 | DL10SW9504 | दोपहिया | 56768 | 71838 | 2297 |
| 70 | प्रसाद नगर | 16/5/2025 & 88 | DL1SAF4856 | दोपहिया | 17437 | 17991 | 2298 |
| 71 | प्रसाद नगर | 17/5/2025 & 9 | DL10SZ9452 + DL8SCJ6992 | दोपहिया | 94582, 17918 | 45974, 15678 | 2299 |
| 72 | प्रसाद नगर | 17/5/2025 & 41 | DL6SDB6202 | दोपहिया | 7903 | 21561 | 2313 |
| 73 | प्रसाद नगर | 17/5/2025 & 46 | UP14FK4352 | दोपहिया | 2635 | 26427 | 2314 |
| 74 | प्रसाद नगर | 18/5/2025 & 60 | DL6SBD1777 | दोपहिया | 72354 | 72138 | 2316 |
| 75 | प्रसाद नगर | 19/5/2025 & 15 | DL6SAT2708 + DL11SH8580 | दोपहिया | 70245, 76193 | 70083, 76295 | 2317 |
| 76 | प्रसाद नगर | 19/5/2025 & 69 | HR26ER6329 | दोपहिया | 715 | 785 | 2318 |
| 77 | प्रसाद नगर | 19/5/2025 & 80 | DL5SCK1795 | दोपहिया | 57276 | 57392 | 2319 |
| 78 | प्रसाद नगर | 19/5/2025 & 96 | DL3SCF0146 | दोपहिया | 24396 | 34126 | 2320 |
| 79 | प्रसाद नगर | 26/5/2025 & 106 | DL6SBK2604 + DL12SE2629 + DL8SBP3481 | दोपहिया | 59369, 3013, 1539 | 3371, 2923, 1431 | 2332 + 2333 |
| 80 | प्रसाद नगर | 27/5/2025 & 5 | DL3SET4802 | दोपहिया | 13724 | 14959 | 2334 |
| 81 | प्रसाद नगर | 27/5/2025 & 91 | DLSBW8549 | दोपहिया | 93105 | 34646 | 2335 |
| 82 | प्रसाद नगर | 28/5/2025 & 19 | DL6SBA0763 + DL5SCN9031 | दोपहिया | 33986, 15383 | 33947 , 09701 | 2338 |
| 83 | प्रसाद नगर | 28/5/2025 & 71 | DL6SBL2133 | दोपहिया | 31925 | 69590 | 2339 |
| 84 | प्रसाद नगर | 29/5/2025 & 48 | DL12SU9892 | दोपहिया | 2538 | 2181 | 2345 |
| 85 | प्रसाद नगर | 29/5/2025 & 84 | DL1SY3526 | दोपहिया | 82947 | 84293 | 2346 |
| 86 | प्रसाद नगर | 30/5/2025 & 15 | DL4SDV7993 | दोपहिया | 39274 | 39454 | 2348 |
| 87 | प्रसाद नगर | 1/6/2025 & 22 | DL6SBK6415 | दोपहिया | 19009 | 12572 | 2353 |
| 88 | प्रसाद नगर | 4/6/2025 & 45 | DL6SAL6620 | दोपहिया | 7029 | 5221 | 2357 |
| 89 | प्रसाद नगर | 4/6/2025 & 47 | DL1SAH4389 | दोपहिया | 597 | 8920 | 2358 |
| 90 | प्रसाद नगर | 16/6/2025 & 42 | DL11L7253 | दोपहिया | 25092 | 236122 | 2386 |
| 91 | प्रसाद नगर | 23/6/2025 & 65 | DL11PG0711 | दोपहिया | 6136 | 5339 | 2415 |
| 92 | प्रसाद नगर | 26/6/2025 & 67 | DL6SAH2357 | दोपहिया | 99146 | 2357 | 2431 |
| 93 | प्रसाद नगर | 18/7/2025 & 38 | DL7SCJ1331 | दोपहिया | 37649 | 37622 | 2468 |
| 94 | प्रसाद नगर | 19/7/2025 & 76 | DL12SQ0240 | दोपहिया | 6612 | 6238 | 2470 |
| 95 | प्रसाद नगर | 26/7/2025 & 49 | DL6SBM3318 | दोपहिया | 53636 | 53517 | 2483 |
| 96 | प्रसाद नगर | 1/8/2025 & 53 | DL12SR9618 | दोपहिया | 6882 | 7773 | 2503 |
| 97 | प्रसाद नगर | 2/8/2025 & 50 | DL4SCZ3192 | दोपहिया | 16892 | 18105 | 2505 |
| 98 | प्रसाद नगर | 5/8/2025 & 59 | DL4SNC9370 | दोपहिया | 64232 | 87561 | 2506 |
| 99 | प्रसाद नगर | 20/8/2025 & 57 | DL6SBQ2466 | दोपहिया | 66384 | 0 | 2531 |
| 100 | प्रसाद नगर | 5/9/2025 & 37 | DL8SCR1611 | दोपहिया | 8560 | 8749 | 2551 |
| 101 | प्रसाद नगर | 5/9/2025 & 41 | DL1SAK6138 | दोपहिया | 7667 | 7588 | 2552 |
| 102 | प्रसाद नगर | 8/9/2025 & 113 | DL6SBJ0222 | दोपहिया | 68232 | 68232 | 2563 |
| 103 | प्रसाद नगर | 23/9/2025 & 37 | DL5ERB2882 | दोपहिया | L286 | 85286 | 2599 |
| 104 | प्रसाद नगर | 3/10/2025 & 35 | DL6SBK4755 | दोपहिया | 95202 | 12233 | 2610 |
| 105 | प्रसाद नगर | 12/10/2025 & 19 | DL14SQ6155 | दोपहिया | 6207 | 6184 | 2620 |
| 106 | आईपी एस्टेट | 70A, 11.05.25 | DL1SY5199 | एस /सी | 56447 | 24367 | 1952/25 |
| 107 | आईपी एस्टेट | 82A, 11.05.25 | DL7SBJ9986 | मोटर साइकिल | 50968 | 31408 | 1954/25 |
| 108 | आईपी एस्टेट | 104A, 13.05.25 | DL10AB3939 | एस /सी | 18872 | 41098 | 1961/25 |
| 109 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 68A,25.08.20 | DL6SAP9336 | स्कूटी एक्टिवा | 91788 | 91743 | 1509 |
| 110 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 26A,11.10.20 | DL6SAP5629 | स्कूटर लेजेंड | 18103 | 18491 | 1562 |
| 111 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 26A,11.10.20 | DL8SM1194 | स्कूटर चेतक | 63827 | 23825 | 1562 |
| 112 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 41A,14.02.21 | DL5SBE1997 | स्कूटी एक्टिवा | | 89569 | 1304 |
| 113 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 78A,18.02.21 | DL4SBG5512 | मोटर साइकिल | ------ | -------- | 1307 |
| 114 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 63A,17.03.21 | -------- | स्कूटी टीवीएस जुपिटर | | 679223 | 1343 |
| 115 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 80A,13.04.21 | DLSAM3699 | स्कूटी एक्टिवा | 10313 | 11533 | 1397 |
| 116 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 51A,15.06.21 | DL6SAY5696 | स्कूटी एक्टिवा | 15383 | 93862 | 1492 |
| 117 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 10A,16.6.21 | DL6ST9079 | स्कूटर एटरनो | 36173 | 94439 | 1494 |
| 118 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 80A,07.07.21 | DL1SZ0206 | स्कूटी | 9309 | 23349 | 1515 |
| 119 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 84A,31.07.21 | DL4SAD1927 | स्कूटी | 10527 | 27849 | 1543 |
| 120 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 6A,01.08.21 | DL5SBD0839 | स्कूटी | 22834 | 22279 | 1544 |
| 121 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 93A,08.09.21 | DL4SCP0145 | स्कूटी | 14347 | 33769 | 1624 |
| 122 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 17A,25.09.21 | DL3SAX4862 | मोटर साइकिल | 25941 | ---------- | 1648 |
| 123 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 97A,27.10.21 | DL9SBB2703 | स्कूटी | 103014 | 102841 | 1694 |
| 124 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 38A,17.11.21 | DL6SAX1538 | मोटर साइकिल | 20975 | 32374 | 1725 |
| 125 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 13A,23.11.21 | DL13SB1187 | मोटर साइकिल | 19120 | 4062 | 1734 |
| 126 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 02A,29.11.21 | DL6AH4094 | स्कूटी | 27503 | 256019 | 1754 |
| 127 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 20A,10.04.22 | DL8SCL1989 | मोटर साइकिल | 85904 | 9335 | 1581 |
| 128 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 10A,13.05.22 | DLSAT3143 | मोटर साइकिल | 45119 | 45141 | 1644 |
| 129 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 55A,29.05.22 | DL8SAP8866 | मोटर साइकिल | 84579 | 22810 | 1666 |
| 130 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 62A,19.6.22 | DL9SBG3216 | स्कूटी | 26906 | 26162 | 1690 |
| 131 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 64A,28.06.22 | DL4SCP1959 | स्कूटी एक्टिवा | 72778 | 72859 | 1700 |
| 132 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 101A,05.08.22 | DL10S7237 | मोटर साइकिल | 41074 | 41040 | 1740 |
| 133 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 54A,24.08.22 | DL6SAM3699 | स्कूटी | 11533 | 10313 | 1764 |
| 134 | थाना देश बंधु गुप्ता रोड | 03A,31.08.22 | DL6SAD7204 | स्कूटी एक्टिवा | 18675 | 57150 | 1774 |

**हस्ताक्षर/-**
**अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त-II,**
**केंद्रीय जिला, दरियागंज, नई दिल्ली**

**DP/9891/Central Distt./2026**

# चीन के साथ संबंध बढ़ाएं लेकिन सावधानी जरूरी

आखिरकार कई साल के तनाव के बाद भारत और चीन के बीच व्यापारिक रिश्ते बहाल हो गए हैं। आज के बदलते वैश्विक माहौल में दोनों के बीच यह जरूरी भी है। चूंकि खाड़ी युद्ध के बाद दुनिया में चीन की स्वीकार्यता बढ़ी है। भारत और चीन ही ऐसे देश हैं जहां खाड़ी संकट से पैदा हुए हालातों का बेहद कम असर रहा है। अब दोनों देशों के रिश्तों में एक बार फिर गर्मजोशी दिखाई देने लगी है। वर्ष 2020 के गलवान संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच जो अविश्वास की दीवार खड़ी हो गई थी, वह अब धीरे-धीरे कम होती नजर आ रही है। हालांकि भारतीय उद्योग परिसंघ ने चेतावनी दी है कि चीन के साथ कारोबार और करार करने से पहले काफी सतर्क रहने की जरूरत है। चीन के साथ भारत संबंध बढ़ाए, लेकिन सावधानी रखना भी उतना ही जरूरी है। नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सम्मेलन में भी दोनों देशों के बीच काफी गर्मजोशी देखने को मिली। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि भारत और चीन के लिए एक-दूसरे के 'मूल हितों' का सम्मान करना और दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति पर क्रियान्वयन के लिए ठोस कदम उठाना अनिवार्य है। वहीं, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी कहा कि भविष्य के लिए दोनों देशों को साथ आना होगा। आज का वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव और अमेरिका की आक्रामक आर्थिक नीतियों के बीच चीन की भूमिका पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली हुई है। ऐसे समय में भारत और चीन, जो दुनिया की दो सबसे बड़ी आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं, उनके बीच संवाद और सहयोग की आवश्यकता से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, आर्थिक आंकड़े एक अलग कहानी भी बयां करते हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में चीन अमेरिका को पीछे छोड़कर भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। द्विपक्षीय व्यापार 151.1 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारत का चीन को निर्यात बढ़ा जरूर है, लेकिन आयात कहीं अधिक तेजी से बढ़ा है। परिणामस्वरूप व्यापार घाटा बढ़कर 112 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। इसका अर्थ है कि भारत की बाजार व्यवस्था और विनिर्माण क्षेत्र अभी भी चीनी उत्पादों पर अत्यधिक निर्भर हैं। दूसरी ओर, भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की चीन के साथ बढ़ती नजदीकियां भी भारत के लिए रणनीतिक चुनौती हैं। ऐसे में बीजिंग के साथ संवाद बनाए रखना और तनाव कम करना भारत के हित में है, लेकिन मित्रता और निर्भरता में अंतर होता है। भारत को ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए, जिससे उसकी रणनीतिक स्वायत्तता प्रभावित हो या राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों पर आंच आए। भारत और चीन के बीच संबंधों का भविष्य केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। सीमा विवाद, क्षेत्रीय सुरक्षा, तकनीकी सहयोग और वैश्विक मंचों पर समन्वय जैसे अनेक मुद्दे दोनों देशों के एजेंडे में शामिल हैं। इसलिए संबंधों का आधार केवल आर्थिक लाभ नहीं, बल्कि पारस्परिक सम्मान और विश्वास होना चाहिए। चीन यदि वास्तव में संबंधों को नई दिशा देना चाहता है, तो उसे सीमा पर स्थायी शांति और विश्वास निर्माण के लिए भी ठोस कदम उठाने होंगे। भारत के लिए सबसे उपयुक्त नीति यही होगी कि वह चीन के साथ संवाद बढ़ाए, व्यापार करे, निवेश आकर्षित करे और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत बनाए, लेकिन राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं।

रक्षा क्षेत्र
प्रमोद भार्गव



# भारत की समुद्र में बढ़ती सैन्य ताकत

रक्षा क्षेत्र में जबसे निजी उद्योगपतियों को रक्षा सामग्री के निर्माण की अनुमति दी है, तब से समुद्र में भारत की ताकत निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर तीन नौसेनिक जहाजों आइएनएस दूनागिरी, आइएनएस संशोधक और आइएनएस अग्रय को नौसेना के बेड़े को सुपुर्द करते हुए कहा है कि 'कोई भी राष्ट्र समुद्र में अपनी क्षमता बढ़ाए बिना बड़ी शक्ति नहीं बन सकता है। समुद्र से ही विकास, सुरक्षा और समृद्धि जुड़ी है। जब समुद्र में किसी भी स्थिति से निपटने में कोई सक्षम होता है, तो इससे आर्थिक व रणनीतिक प्रभाव बढ़ता है। स्वदेशी तकनीक से निर्मित तीनों युद्धपोत सेना में शामिल किए जा रहे हैं।' वाकई भारत की समुद्र में ताकत बढ़ी है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों में 40 से अधिक स्वदेश में ही निर्मित युद्धपोत और पनडुब्बियां समुद्र में तैनात कर दिए हैं। निजी क्षेत्र द्वारा रक्षा सामग्री उत्पादन से पहले एक समय ऐसा भी था, जब भारत हर छोटे-बड़े रक्षा उपकरणों को आजाद करने के लिए दूसरे देशों का मुंह ताकता रहता था। इस स्थिति के चलते रणनीतिज्ञ और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने वाले ये जहाज और पनडुब्बियां भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ देश की औद्योगिक क्षमता बढ़ाने वाली है। आने वाले दिनों में इनके निर्यात के द्वार भी खुल जाएंगे। अतएव आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल देश की ब्लू इकोनोमी का बड़ा केंद्र बन जाएगा। भारत में नौसैनिकों की सुविधाओं के लिए 45 बड़े प्लेटफॉर्म भी तैयार किए जा रहे हैं। आइएनएस दूनागिरी अत्याधुनिक हथियारों और संवेदनशील प्रणालियों के साथ ब्रह्मोस मिसाइल से संपन्न है। ब्रह्मोस सतह से सतह और सतह से आकाश तक शत्रु पर सटीक हमला करने में युद्धपोत पर लगे नवीनतम उपकरण एवं स्टेल्थ तकनीक के कारण यह मिसाइल रडार की पकड़ में नहीं आती है। इसकी इस विलक्षणता के चलते ब्रह्मोस मिसाइल को दूसरे देश भी खरीद रहे हैं। आइएनएस संशोधक देश का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत है। इसे तटीय क्षेत्रों व गहरे समुद्री इलाकों में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने तथा रक्षा एवं नगरिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। आइएनएस अग्रय पनडुब्बी रोधी युद्धपोत है। उथले समुद्री क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों और अन्य खतरों का मुकाबला करने में इसे अत्यंत प्रभावी माना जा रहा है।

यह टारपीडो, स्वदेशी रॉकेट लांचर और उथले जल के लिए विकसित सोनार प्रणाली से लैस है। इसके चलते समुद्र के भीतर गुप्त खतरे का इसे पता चल जाता है। स्वदेशी युद्धपोत निर्माण की इस क्षमता ने भारत को पोत निर्माण में आत्मनिर्भर बना दिया है। इस उपलब्धि से समुद्र में भारतीय हितों की रक्षा का अभियान और प्रभावी ढंग से चलाया जा सकेगा। इससे हमारी सैन्य क्षमताओं में आश्चर्यजनक बढ़ोतरी हुई है। इस उपलब्धि के हासिल हो जाने के बाद हम समुद्र के भीतर से दुश्मन देशों पर हमला करने में सक्षम हुए हैं। परमाणु पनडुब्बी निर्माण के क्षेत्र में अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और ब्रिटेन के बाद भारत छठे देश की कड़ी में शामिल हो गया है। भारत अब पनडुब्बी निर्माण के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर है। पहले से ही नौसेना के पास 15 पारंपरिक और दो परमाणु हथियार संपन्न पनडुब्बियां हैं। पनडुब्बियों की संख्या बढ़ाने के लिए 55000 करोड़ रुपये से छह पनडुब्बियों का निर्माण भारत में किया जा रहा है। मझगांव डॉक्स, निजी पोत निर्माण कंपनी एलएंडटी और नौसेना के बीच प्रोजेक्ट-75 इंडिया के तहत ये पनडुब्बियां स्वदेशी तकनीक से निर्मित की जा रही हैं। मेक इन इंडिया परियोजना के तहत यह अब तक की सबसे बड़ी परियोजना है। रक्षा सामग्री उत्पादन संस्थान अब भारतीय सेना की जरूरतों की पूर्ति के साथ विदेशी पूंजी निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रही है। नौसेना की ताकत बढ़ाना इसलिए जरूरी है, क्योंकि चीन दक्षिण सागर में नौसेना की ताकत न केवल बढ़ा रहा है, बल्कि दूसरे देशों के सागर क्षेत्र में भी घुसपैठ करने में लगा है। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारतीय नौसेना ने दक्षिण चीन सागर में अपना युद्धपोत तैनात कर दिया है। नौसेना ने चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में आने वाले अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के नजदीक मलक्का स्ट्रेट में चीनी नौसेना के प्रवेश द्वार के निकट भी जहाज तैनात किए हैं, जिससे चीन की षड्यंत्रकारी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। यहीं से चीन के कई माल-वाहक जहाज अन्य महाद्वीपों में आते-जाते हैं। जहाजों की इन तैनातियों से भारतीय नौसेना ने पूर्वी और पश्चिमी दोनों ही मोर्चों पर किसी भी चुनौती से निपटने के लिए कमर कसी हुई है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शैक्षणिक व्यावसायिकता का अक्षम्य अपराध



व्यवस्था
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

पंद्रह बच्चे जो कल तक अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने बुन रहे थे, जो अपने माता-पिता की आंखों के तारे थे, आज वे केवल राख का एक ढेर बनकर रह गए हैं। यह सीधे तौर पर उस व्यावसायिक आपराधिकता का अत्यंत वीभत्स चेहरा है, जिसने शिक्षा-व्यवस्था को मौत का कुआं बना दिया है। इतिहास गवाह है कि लखनऊ की यह त्रासदी कोई पहली घटना नहीं है। यह देश के विभिन्न कोनों में कोचिंग संचालकों द्वारा लगातार की जा रही आपराधिक लापरवाहियों की एक अंतहीन और खूनी कड़ी है। यदि हम समाज के तौर पर आज भी नहीं जागे और हमने इन मुनाफाखोर कोचिंग मालिकों को उनके कर्मों की सजा नहीं दिलाई तो यह खूनी सिलसिला देश के किसी न किसी कोने में निरंतर चलता रहेगा।

लखनऊ की हवा में अभी भी धुएं और जले हुए सपनों की गंध घुली हुई है; पूरा शहर और पूरा देश इस वीभत्स मंजर को देखकर स्तब्ध है। पंद्रह बच्चे जो कल तक अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने बुन रहे थे, जो अपने माता-पिता की आंखों के तारे थे, आज वे केवल राख का एक ढेर बनकर रह गए हैं। यह सीधे तौर पर उस व्यावसायिक आपराधिकता का अत्यंत वीभत्स चेहरा है, जिसने शिक्षा-व्यवस्था को मौत का कुआं बना दिया है। इतिहास गवाह है कि लखनऊ की यह त्रासदी कोई पहली घटना नहीं है।

यह देश के विभिन्न कोनों में कोचिंग संचालकों द्वारा लगातार की जा रही आपराधिक लापरवाहियों की एक अंतहीन और खूनी कड़ी है। हमें दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर की वह भयावह घटना नहीं भूलनी चाहिए, जहां एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में चल रही लाइब्रेरी में अचानक पानी भर जाने से तीन होनहार छात्रों की डूबने से मौत हो गई थी। वह पानी कोई प्राकृतिक बाढ़ नहीं था, बल्कि संस्थान के मालिक द्वारा नियमों को ताक पर रखकर, बिना किसी ड्रेनेज या आपातकालीन निकास के बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधि चलाने का प्रत्यक्ष परिणाम था। इसी तरह, सूरत के तक्षशिला आर्केड की वह रूह कंपा देने वाली आग आज भी देश के जेहन में ताजा है, जहाँ सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाकर बनाई गई चौथी मंजिल पर चल रहे कोचिंग सेंटर में आग लगने के कारण बच्चों को जान बचाने के लिए ऊपर से कूदना पड़ा था। दिल्ली के मुखर्जी नगर में भी कोचिंग सेंटर की आग से बचने के लिए छात्रों का तारों के सहारे लटककर खिड़कियों से कूदना इस बात का जीता-जागता सबूत है कि इन संस्थानों के संचालकों के लिए बच्चों की जान की कीमत कौड़ियों के बराबर भी नहीं है। केवल हादसे की जगह बदलती रही, मरने वाले मासूम बदलते रहे, लेकिन गुनाहगार का चरित्र वही रहा।

जब कोई व्यक्ति एक कोचिंग संस्थान खोलता है तो वह केवल एक भवन किराए पर नहीं लेता, बल्कि वह समाज के सामने एक जिम्मेदार संस्थान होने का दावा प्रस्तुत करता है। इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जब भी ऐसी कोई भयानक त्रासदी होती है तो सारा दोष प्रशासनिक तंत्र, दमकल विभाग या स्थानीय नगर निगम के मत्थे मढ़कर असली अपराधी बच निकलते हैं। हमें यह स्पष्ट रूप से समझना होगा कि जब एक कोचिंग सेंटर का मालिक छात्रों से लाखों रुपये की मोटी फीस वसूलता है तो उस प्रत्येक पैसे के बदले छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी पहली, अंतिम और एकमात्र व्यक्तिगत जिम्मेदारी बन जाती है। सरकार से एनओसी प्राप्त करना या सुरक्षा मानकों का पालन करना कोई प्रशासनिक औपचारिकता या जबरन थोपा गया नियम नहीं है, बल्कि यह उस व्यवसाय को चलाने की एक ऐसी बुनियादी शर्त है जिसे पूरा किए बिना संस्थान की एक ईंट भी नहीं रखी जानी चाहिए थी। यदि किसी संचालक ने बिना इन व्यवस्थाओं के संस्थान खोला तो उसने केवल नियम नहीं तोड़े, बल्कि उसने जानबूझकर पंद्रह बच्चों की हत्या की साजिश रची।

तंग और संकरी गलियों में बनी ये ऊंची-ऊंची इमारतें और भूमिगत बेसमेंट में संचालित होते कोचिंग सेंटर, किसी मौत के कुएं से कम नहीं हैं और इनका



निर्माण किसी सरकारी अधिकारी ने नहीं, बल्कि कोचिंग सेंटर के मालिकों ने अपने निजी स्वार्थ और जगह के अधिकतम व्यावसायिक दोहन के लिए किया है। सूरत की आग से लेकर दिल्ली के बेसमेंट में भरे पानी से गोते हुए लखनऊ की इन लपटों तक, हर बार यह साबित हुआ है कि संचालकों को केवल इस बात से सरोकार होता है कि एक छोटे से कमरे में कितने ज्यादा से ज्यादा छात्रों को ठूंसा जा सकता है। अभिभावक अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आस में अपनी जीवन भर की जमा-पूंजी, अपनी गाढ़ी कमाई इन संस्थानों के काउंटरों पर लाकर झोंक देते हैं। वे यह सोचकर निश्चिंत हो जाते हैं कि उनका बच्चा कल का डॉक्टर, इंजीनियर या बड़ा प्रशासनिक अधिकारी बनेगा और देश का नाम रोशन करेगा। लेकिन विडंबना देखिए, शिक्षा के इस अंधाधुंध बाजारीकरण ने इंसानियत को इतना बौना और लाचार कर दिया है कि आज इन व्यापारिक आकाओं के लिए मुनाफा, बच्चों के अनमोल जीवन से बहुत बड़ा हो चुका है।

अब समय आ गया है कि ऐसी स्थिति में कोचिंग सेंटर के मालिकों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। हमें सामूहिक रूप से यह मांग करनी होगी कि देश के प्रत्येक कोचिंग सेंटर का सुरक्षा ऑडिट केवल कागजों पर न हो, बल्कि धरातल पर उसकी कड़ाई से जांच की जाए। यदि कोई भी संस्थान सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करता तो उसे हमेशा के लिए सील कर दिया जाना चाहिए और उसके संचालक को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं, कोचिंग सेंटर के मालिक पर केवल लापरवाही का हल्का मुकदमा चलाने के बजाय सीधे तौर पर हत्या या गैर-इरादतन हत्या की संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

सूरत, दिल्ली और अब लखनऊ के हादसों के बाद भी अगर संचालकों के भीतर कानून का खौफ पैदा नहीं हुआ तो वे देश की न्याय व्यवस्था को अपने मुनाफे के आगे बौना समझते रहेंगे। इन व्यावसायिक संस्थानों को रिहायशी और तंग इलाकों से पूरी तरह बाहर निकालकर केवल उन्हीं स्थानों पर संचालित करने की अनुमति दी जानी चाहिए जो पूरी तरह से सुरक्षित और खुले हों। यदि शिक्षा प्राप्त करने का अर्थ अपनी जान को जोखिम में डालना है तो समाज को ऐसी खूनी शिक्षा व्यवस्था को तुरंत नकार देना चाहिए। संचालकों की यह व्यावहारिक और नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वे स्वयं अपने संस्थानों को तब तक बंद रखें जब तक कि वे छात्रों को एक पूर्ण सुरक्षित वातावरण देने में सक्षम न हो जाएं। लखनऊ की यह भीषण त्रासदी, दिल्ली के बेसमेंट का वह खौफनाक मंजर और सूरत में बिखरी हुई मासूमों की राख आज हमें चीख-चीख कर एक गंभीर चेतावनी दे रही है। क्या हम केवल अगली किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं ताकि फिर से शोक व्यक्त कर सकें? अब वक्त आ गया है कि इस अंधी और बहरी व्यवस्था की नींद को हमेशा के लिए तोड़ा जाए और इसके असली दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए, क्योंकि अगर आज हम चुप रहे और हमने अपनी आवाज बुलंद नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियां हमारी इस कायरता और मौन के लिए हमें कभी माफ नहीं करेंगी। यह समय चुप रहकर तमाशा देखने का नहीं है, बल्कि इस पूरे खूनी व्यापार के संचालकों को समाज का असली आईना दिखाने और उन्हें उनके इस अक्षम्य अपराध की पूरी सजा दिलाने का है। यदि हम समाज के तौर पर आज भी नहीं जागे और हमने इन मुनाफाखोर कोचिंग मालिकों को उनके कर्मों की सजा नहीं दिलाई तो यह खूनी सिलसिला देश के किसी न किसी कोने में निरंतर चलता रहेगा।

( लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी



संकलित
**दर्शन**

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

# महिमा राम नाम की



संकलित
**प्रेरणा**

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कंपनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ़्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भुखमरी के खिलाफ जंग कब जीतेगी दुनिया?

आधुनिक विज्ञान के इस युग में मानव ने अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए विलासिता की हर छोटी-बड़ी वस्तु का आविष्कार कर लिया है और जीवन को लगातार अधिक सुविधाजनक बनाता जा रहा है। लेकिन शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए पेट की भूख मिटाने वाली कोई चमत्कारी गोली आज तक नहीं खोजी जा सकी है। यही कारण है कि भोजन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म करना पड़ता है। आधुनिक विज्ञान के इस युग में जब हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, तब कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने से दुनिया के अनेक देशों में फसलों की बंपर पैदावार हो रही है। इसके बावजूद सवाल यह है कि भुखमरी के खिलाफ जंग कब जीतेगी दुनिया? – *महेश साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर

### एआई कंपनियां पर्यावरण प्रभाव पर रिपोर्ट जारी करें

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने मंगलवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कंपनियों से अपने कार्बन उत्सर्जन तथा संस्थान के संचालन में उपयोग में लाये जाने वाले जल और जमीन के बारे में रिपोर्ट जारी करने की अपील की। गुतारेस ने 'लंदन क्लाइमेट एक्शन वीक' में अपने संबोधन के दौरान कार्रवाई का आग्रह करते हुए एआई पर्यावरण पारदर्शिता पहल का प्रस्ताव किया। उन्होंने तर्क दिया कि एआई कंपनियों को अपनी तेजी से लोकप्रिय हो रही प्रौद्योगिकी के असर को मापना और उसे सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यही वह प्रभाव है जिसे डेटा सेंटर के तेजी से बढ़ते विस्तार पर रोक लगाने की वजह बताया जा रहा है। इन कंपनियों पर सरकारों और उन इलाकों के स्थानीय लोगों, जहां एआई के डेटा सेंटर हैं, की ओर से लगातार दबाव बढ़ रहा है कि वे अधिक पारदर्शिता बरतें और पूरे उद्योग में जानकारी साझा करने के लिए एक जैसा मानक अपनाएं। गुतारेस ने कहा कि एआई कंपनियों को 2030 तक अपने संस्थानों को पवन और सौर ऊर्जा जैसी नवीकरणीय प्रौद्योगिकी से बनी बिजली से संचालित करने का संकल्प लेना चाहिए। गुतारेस ने यूरोप के सबसे बड़े स्वतंत्र जलवायु सम्मेलन में कहा, 'अब कोई छिपी हुई लागत नहीं...अब उन लोगों पर बोझ नहीं डाला जाएगा जो इसे वहन करने में सबसे कम सक्षम हैं।




## ऑफ बीट

### प्रौद्योगिकी आपका समय चुरा रही

प्रौद्योगिकी अमूमन हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए होती है। स्मार्ट फोन दुनिया को हथेली के आकार की खिड़की प्रदान करते हैं, जिससे हम एक बटन के स्पर्श से लगभग कुछ भी करने में सक्षम हो जाते हैं। स्मार्ट घर अपनी देखभाल खुद करते हैं, और आभासी बैठकों का मतलब है कि कई लोगों के लिए, आने-जाने में बिताया गया समय अतीत की बात हो गई है। तो इसका मतलब यह है कि हमारे पास अधिक खाली समय होना चाहिए। जो समय अब सोने, आराम करने या कुछ भी न करने में व्यतीत हो रहा है – ठीक है? यदि यह विचार कि आपके पास पहले से कहीं अधिक समय है, आपको कुछ सोचने पर मजबूर कर रहा है, तो आप अकेले नहीं हैं। इस बात के बढ़ते सबूत हैं कि डिजिटल तकनीक हमें कुछ समय बचाने में मदद कर सकती है, लेकिन हम उस समय का उपयोग ज्यादा से ज्यादा काम करने में करते हैं। हमने हाल ही में पूरे यूरोप में 300 लोगों का साक्षात्कार लिया, यह समझने के लिए कि वे दैनिक जीवन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग कैसे करते हैं। इस शोध से पता चला कि लोग अपने जीवन में खाली समय से बचना चाहते हैं, इसलिए इस दौरान वह उन कार्यों को पूरा करते हैं, जिनमें से कुछ प्रौद्योगिकी के बिना संभव नहीं होंगे।



## ट्रेंड

### 'राष्ट्र प्रथम' की भावना



नक्सल प्रभावित उन इलाकों में, जहा लोग दिन में भी बाहर निकलने से डरते थे, हमने 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ विकास का संकल्प लेकर कदम आगे बढ़ाए हैं।नतीजा यह है कि आज देश में माओवादी आतंकवाद अपने अंतिम दिन गिन रहा है।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### गहरी संवेदना



लखनऊ के कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना में कई लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की खबर बेहद दुखद है। मैं सभी पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### हार्दिक शुभकामनाएं



अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर सभी खिलाड़ियों और देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। खेल अनुशासन, समर्पण, आत्मविश्वास और उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा देते हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने हमेशा वैश्विक मंच पर देश का मान बढ़ाया है।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### राम मंदिर



राम मंदिर का पूरा कंट्रोल चंपत राय के हाथों में है। सबसे ज़्यादा आरोप खुद चंपत राय पर ही लग रहे हैं। उन्हें अब तक हटाया क्यों नहीं गया है? क्या इस बात का डर है कि अगर चंपत राय ने मुंह खोला, तो कई बड़े चेहरे बेनकाब हो जाएंगे ?
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

बताया जा रहा कि यह समझौता 5 वर्ष के लिए प्रभावी होगा

# समुद्री एवं बंदरगाह सुरक्षा प्रशिक्षण को मिलेगा नया आयाम सीआईएसएफ और समुद्री विवि के बीच हो गया समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की समुद्री सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा बंदरगाह सुरक्षा प्रबंधन में पेशेवर क्षमता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता मंगलवार को भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय मुख्यालय के बीच संपन्न हुआ। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान समुद्री सुरक्षा, बंदरगाह सुरक्षा प्रबंधन, क्षमता निर्माण, अनुसंधान, परामर्श सेवाओं तथा प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग करेंगे। पांच वर्षों के लिए प्रभावी यह समझौता भारत में समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में संस्थागत सहयोग और विशेषज्ञता को नई मजबूती प्रदान करेगा।



### आरएसओ कोर्स की पहली बैच शुरू

समझौते के तत्काल क्रियान्वयन के तहत भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय में 'रिकॉग्नाइज्ड सिक्योरिटी ऑर्गेनाइजेशन' (आरएसओ) कोर्स की पहली बैच का शुभारंभ भी किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सीआईएसएफ के अधिकारियों और कर्मियों को समुद्री एवं बंदरगाह सुरक्षा के विशेष क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सीआईएसएफ में समुद्री सुरक्षा विशेषज्ञों का एक प्रशिक्षित और दक्ष समूह तैयार किया जाएगा, जो देश के बढ़ते समुद्री व्यापार और बंदरगाह अवसंरचना की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### प्रशिक्षण, शोध और ज्ञान साझेदारी पर रहेगा जोर

संयुक्त रूप से विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम विकसित करेंगे। इसके अलावा दोनों संस्थान समुद्री सुरक्षा से जुड़े उभरते विषयों पर अनुसंधान, पाठ्यक्रम विकास, शैक्षणिक सहयोग, विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और ज्ञान साझेदारी को बढ़ावा देंगे। इस पहल से सीआईएसएफ कर्मियों को आधुनिक समुद्री सुरक्षा मानकों, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रोटोकॉल और बंदरगाह संचालन से संबंधित नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त होगी।

### समुद्री सुरक्षा में सीआईएसएफ की बढ़ती भूमिका

हाल के वर्षों में सीआईएसएफ ने समुद्री क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता को लगातार मजबूत किया है। देश के प्रमुख बंदरगाहों की सुरक्षा के साथ-साथ बल ने समुद्री सुरक्षा प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने और अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। इसी क्रम में इस वर्ष में 'महासागर सिम्युलेटर लैब' का उद्घाटन किया गया था। इसके अलावा पोर्ट सिक्योरिटी असिस्टेंट प्रशिक्षण मॉड्यूल पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे देश के लिए एक व्यापक समुद्री सुरक्षा ढांचा तैयार किया जा सके।

### अनुभव और अकादमिक उत्कृष्टता का संगम

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि यह साझेदारी परिचालन अनुभव और अकादमिक उत्कृष्टता का अनूठा संगम है। जहां सीआईएसएफ के पास महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अवसंरचनाओं की सुरक्षा और सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने का दशकों का अनुभव है, वहीं आईएमयू समुद्री शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी विशेषज्ञता का प्रमुख केंद्र है। दोनों संस्थान मिलकर ऐसे पेशेवर सुरक्षा कर्मियों का समूह तैयार करेंगे जो भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और देश के बंदरगाह तथा शिपिंग क्षेत्र की सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हों।

केंद्र सरकार की बहुस्तरीय तैयारी, शिवराज सिंह ने बताया पूरा प्लान

# अल नीनो की आशंका के बीच चौहान ने राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में की समीक्षा

कमजोर मानसून, मजबूत प्लान: 315 जिलों के लिए स्पेशल कंटिजेंसी रणनीति: शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अल नीनो और कमजोर/अनिश्चित मानसून की संभावित स्थिति के बीच केंद्र सरकार ने खरीफ सीज़न के लिए अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों के कृषि मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, जिला कलेक्टर्स, आईसीएआर, आईसीएआर सीआरआइडीए और आईएमडी के विशेषज्ञों के साथ आज उच्चस्तरीय वर्चुअल बैठक कर देशभर की स्थिति की समीक्षा की तथा किसानों को भरोसा दिलाया कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर हरसंभव तैयारी कर रही हैं।

### 315 संभावित प्रभावित जिलों की पहचान

शिवराज सिंह ने बताया कि कृषि मंत्रालय और आईसीएआर ने मिलकर वैज्ञानिक डेटा के आधार पर उन जिलों का आकलन किया, जहाँ कम वर्षा और सिंचाई की कमी का खतरा ज़्यादा है। लगभग 315 जिलों में मानसून कमजोर रहने की संभावना का अनुमान है। इनमें से 111 जिले उच्च प्राथमिकता वाले हैं, जहां सिंचाई का दायरा 25 प्रतिशत से कम है। 76 जिले मध्यम प्राथमिकता वाले हैं, जहां 25–50 प्रतिशत तक सिंचाई की व्यवस्था है। 128 जिले निम्न प्राथमिकता वाले हैं, जहां डैम और अन्य साधनों से अपेक्षाकृत बेहतर सिंचाई उपलब्ध है। इन जिलों का बड़ा हिस्सा 12 राज्यों– मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में है। इन राज्यों के कृषि मंत्रियों और जिला कलेक्टरों से बैठक में विस्तार से चर्चा की गई और उनसे स्थानीय स्तर पर तैयारी को तेज करने का आग्रह किया गया।

### कमजोर मानसून की स्थिति और संभावित असर



बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस वर्ष मानसून सामान्य से काफी लेट चल रहा है और अब तक लगभग 43 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक 2 जुलाई तक के सप्ताह में भी बारिश कमजोर रहने की संभावना है। इसका सीधा मतलब है कि खरीफ की फसलों पर प्रभाव पड़ सकता है- खासकर उन क्षेत्रों में, जहां खेती पूरी तरह मानसून पर निर्भर है। इसी संभावित जोखिम को देखते हुए केंद्र सरकार कई दिनों से पूर्व तैयारी में जुटी हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि हम केवल हालात बिगड़ने का इंतज़ार नहीं कर रहे, बल्कि पहले से वैज्ञानिक प्लानिंग और ज़मीनी अमल पर काम कर रहे हैं, ताकि असर कम से कम हो और किसानों की आजीविका सुरक्षित रहे।

### जिला कृषि आकस्मिकता योजनाएं : संकट में पहली ढाल

केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया कि आईसीएआर और आईसीएआरसीआरआइडीए ने सभी जिलों के लिए जिला स्तर पर प्लान तैयार कर लिए हैं। इन योजनाओं में हर जिले की जलवायु, फसल पैटर्न, जल संसाधन और जोखिम को ध्यान में रखकर स्पष्ट उपाय दिए गए हैं, जैसेः कम वर्षा की स्थिति में वैकल्पिक फसलें कौनसी हों, फसल बदलाव की रणनीति क्या हो, उपलब्ध पानी का सबसे बेहतर उपयोग कैसे किया जाए, जोखिम कम करके आय के नए विकल्प कैसे बनाए जाएं?

अंतर-मंत्रालयी सम्मेलन में हुई चर्चा

# कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए 'होल ऑफ गवर्नमेंट' दृष्टिकोण अपनाना आवश्यकः शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विभिन्न मंत्रालयों के साथ कृषि क्षेत्र के रूपांतरण, 'विकसित भारत' के निर्माण पर हुई व्यापक चर्चा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में आयोजित 'भारत की कृषि का रूपांतरण- अंतर-मंत्रालयी सम्मेलन' में मुख्य सहभागिता की। इस उच्च स्तरीय सम्मेलन में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों और वर्चुअली जुड़े प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह भी वर्चुअली मौजूद रहे।बैठक के दौरान कृषि क्षेत्र के समग्र विकास, किसानों की समृद्धि तथा 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए आवश्यक रणनीतियों और समन्वित प्रयासों पर अत्यंत उपयोगी और व्यापक चर्चा की गई।चौहान ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि योजनाएं हमारे पास पहले से उपलब्ध हैं, लेकिन असली चुनौती उनके क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं को दूर करने की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सम्मेलन केवल एक औपचारिक कर्मकांड बनकर न रह जाए, इसके लिए पुराने और नए सुझावों को एक ठोस कार्य योजना के रूप में परिवर्तित करना होगा।

इसके लिए केंद्र, राज्य सरकारें, अनुसंधान संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र, निजी क्षेत्र, स्टार्टअप्स और किसान संगठनों को मिलकर एक मजबूत साझेदारी विकसित करनी होगी।केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे सभी संबद्ध क्षेत्रों की योजनाओं में बेहतर तालमेल के लिए हमें 'होल ऑफ गवर्नमेंट' और 'होल वैल्यू चेन' दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने इन अनुशंसाओं के आधार पर राज्यों के 'कृषि रोड मैप' को और सुदृढ़ करने की बात कही, ताकि फसल कटाई के बाद के प्रबंधन और मूल्य श्रृंखला विकास को गति मिल सके। फल-सब्जियों के जल्दी खराब होने से किसानों को होने वाले नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि 'विकसित कृषि संकल्प' के तहत फसलों, जैसे- बिहार की लीची की शेल्फ लाइफ बढ़ाने और क्लस्टर विकास को प्रभावी ढंग से लागू करने पर काम चल रहा है। चौहान ने डिजिटल पहलों जैसे 'एग्रीस्टैक' और 'फार्मर आईडी' का जिक्र करते हुए कहा कि जब तक इन्हें लैंड पार्सल के साथ पूरी तरह लिंक नहीं किया जाता, तब तक इनका पूरा लाभ नहीं मिल सकता। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि तकनीक के इस्तेमाल में मानवीय दृष्टिकोण रखना अनिवार्य है। पूर्वोत्तर भारत की उत्कृष्ट जलवायु की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वहाँ अदरक, कंद, हल्दी और विशिष्ट मिर्च की बेहतरीन किस्में उपलब्ध हैं। उन्हें वैश्विक स्तर पर एक्सपोर्ट करने के लिए बुनियादी सुविधाएं देने हेतु पूर्वोत्तर के मुख्यमंत्रियों और कृषि मंत्रियों के साथ जल्द ही एक रीजन-वाइज विशेष बैठक की जाएगी।

परिवहन, गतिशीलता और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को सुदृढ़ करने और अनुसंधान बढ़ावा देने की पहल

# एनएचएआई ने सेंटर फॉर इकॉनमिक्स ऑफ ट्रांसपोर्टेशन, मोबिलिटी एंड लॉजिस्टिक्स स्थापित करने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सड़क परिवहन क्षेत्र में साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को मजबूत करने और उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।



इसके तहत एनसीएईआर में एनएचएआई सेंटर फॉर इकॉनमिक्स ऑफ ट्रांसपोर्टेशन, मोबिलिटी एंड लॉजिस्टिक्स की स्थापना की जाएगी, जो परिवहन, गतिशीलता और लॉजिस्टिक्स के अर्थशास्त्र को समर्पित भारत का पहला स्थायी और स्वतंत्र अनुसंधान केंद्र होगा। इस केंद्र की स्थापना एनएचएआई के प्रारंभिक योगदान से की जा रही है, जबकि एनसीएईआर अन्य संबद्ध संस्थानों और भागीदारों से योगदान जुटाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एनएचएआई मुख्यालय में एनएचएआई के अध्यक्ष, एनसीएईआर के महानिदेशक और एनएचएआई तथा एनसीएईआर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किए गए। अपनी तरह की यह पहली पहल देश के तेजी से विस्तार कर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना के विकास और प्रबंधन में अनुसंधान, डेटा विश्लेषण और साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने को एकीकृत करने के प्रति एनएचएआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने कहा कि एनएचएआई राष्ट्रीय संपर्क और लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने में अग्रणी रहा है। एनसीएईआर के साथ यह साझेदारी उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान और नीति विश्लेषण के लिए एक समर्पित मंच तैयार करेगी, जिससे परिवहन क्षेत्र में योजना, निवेश और परिसंपत्ति प्रबंधन संबंधी निर्णयों को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

इस सेंटर का संचालन एक सलाहकार समिति करेगी जिसमें प्रमुख अर्थशास्त्री, परिवहन विशेषज्ञ, लोक नीति विशेषज्ञ और प्रतिष्ठित शिक्षाविद शामिल होंगे। इस समिति में एनएचएआई के वित्त सदस्य और एनसीएईआर के महानिदेशक भी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, एनएचएआई द्वारा गठित एक संचालन समिति अनुसंधान प्राथमिकताओं की देखरेख करेगी, परिणामों की समीक्षा करेगी और प्राधिकरण की नीति तथा परिचालन आवश्यकताओं के साथ तालमेल स्थापित करने में सहायता करेगी। एनएचएआई दस वर्षों की अवधि के लिए इस संस्थान की स्थापना और संचालन में सहयोग प्रदान करेगा।

# अब किसान सीधे पहुंचेंगे ग्राहकों तक, मंत्री शाह ने बेहद खास ऑनलाइन पोर्टल का किया शुभारंभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने मंगलवार को राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) के अत्याधुनिक ई-ऑक्शन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने, विपणन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने तथा बिचौलियों की भूमिका समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता के लिए जो योगदान दिया, वह देश सदैव याद रखेगा।

### नेफेड की उपलब्धियों का उल्लेख

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में नेफेड आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा था और उसके अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा मिली, जिसके परिणामस्वरूप आज नेफेड न केवल मजबूत स्थिति में है बल्कि लगभग 500 करोड़ रुपए के लाभ के साथ देश के 74 लाख किसानों की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाना मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसी सोच के तहत किसानों के लिए नई-नई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

### 48 घंटे में किसानों के खाते में पहुंचेगा भुगतान

अमित शाह ने कहा कि नए पोर्टल 'नेफेक्स डॉट इन' किसानों और खरीदारों के बीच एक पारदर्शी डिजिटल मंच उपलब्ध कराएगा। इसके माध्यम से कृषि उपज की ऑनलाइन नीलामी की जाएगी, जिससे किसानों को बेहतर कीमत मिलने की संभावना बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के तहत बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और उपज की बिक्री के बाद किसानों को मात्र 48 घंटे के भीतर सीधे उनके बैंक खातों में भुगतान प्राप्त होगा। इससे किसानों को भुगतान में देरी और अनावश्यक कटौतियों जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

### दलहन खरीद में बड़ा बदलाव

केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने घोषणा की कि अगले दो वर्षों में देश में उत्पादित दलहन की खरीद व्यवस्था में व्यापक सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ और नेफेड मिलकर दलहन का एक-एक दाना सीधे किसानों से खरीदने का प्रयास करेंगे।

### किसान परिवारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना

अमित शाह ने किसानों के कल्याण के लिए एक नई पहल की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि नेफेड अब किसानों के बच्चों की उच्च शिक्षा और करियर विकास के लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू करेगा।

सहकारिता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प

शाह ने कहा कि सहकारिता केवल एक आर्थिक मॉडल नहीं बल्कि किसानों और ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया डिजिटल प्लेटफॉर्म कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाने, किसानों की आय में वृद्धि करने और सहकारी संस्थाओं को आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सरकार किसानों को बाजार से जोड़ने, उनकी उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने, कृषि क्षेत्र में तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने का निरंतर प्रयास कर रही है।



## पेज एक का शेष

### जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान ...

परिणाम है। जिसके तहत उसने अपने अवैध और बलपूर्वक कब्जा किए हुए क्षेत्रों में व्यवस्थित रूप से आर्थिक शोषण को अंजाम दिया है। जिसमें मौलिक अधिकारों का हनन और प्रशासनिक उत्पीड़न भी शामिल है। यह ऐसा चक्र है जिसमें क्षेत्र के लोगों को उनके बुनियादी अधिकारों से मरहूम रखा जाता है और उनका प्रशासनिक दमन किया जाता है। निहत्थे लोगों को और उनके खिलाफ अत्यधिक पुलिस बर्बरता, आवश्यक आपूर्ति-दवाओं का अवरोध, इंटरनेट ब्लैकआउट और घातक बल प्रयोग का इस्तेमाल किया जाता है।

### यूएई संग मजबूत ...

बीच यूएई को ब्रह्मोस की बिक्री करने से कहीं, भारत संघर्ष को और अधिक भड़काने में योगदान तो नहीं दे रहा है? इस प्रश्न पर जायसवाल ने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहद महत्वपूर्ण साझेदारी है। हमारे संबंध भी काफी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जिसमें रक्षा भागीदारी का भी अहम योगदान है।

### एसआईटी की प्रारंभिक ...

की है।
-दान और चढ़ावे के प्रबंधन की पिछले पांच वर्षों की ऑडिट कराने का सुझाव दिया गया है।
-दान प्रबंधन व्यवस्था में सुधार और अनियमितताओं की रोकथाम के लिए कई प्रशासनिक सुझाव दिए गए हैं।
8एसआईटी ने विस्तृत जांच पूरी करने के लिए अधिक समय मांगे जाने की भी अनुशंसा की है।

### वेंस बोले- ट्रंप...

पर ईरानी राष्ट्रपति, वार्ता टीम और उनके क्षेत्र को लेकर धमकी भरा बयान दिया है। गालिबाफ ने कहा कि ट्रंप की धमकी के तुरंत बाद हमारे डेलिगेशन ने बैठक खत्म कर दी और हम वहां से चले आए। बाद में अमेरिकी पक्ष ने मध्यस्थों के जरिए दोबारा बैठक की कोशिश की, लेकिन हमने इसे सिरे से खारिज कर दिया। ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से हाथ मिलाने तक से परहेज किया। इस पर खुद उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पत्रकारों के सामने अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा कि लोग सोचते हैं कि केवल नेतन्याहू ही बातचीत को नुकसान पहुंचा सकते हैं, लेकिन कई बार ट्रंप के अचानक और सख्त बयानों से भी भारी तनाव पैदा हो जाता है। स्विट्जरलैंड में बातचीत रद्द होने के बाद ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची सीधे ओमान के लिए रवाना हो गए हैं। वहां होर्मुज स्ट्रेट के सुरक्षा प्रबंधन को लेकर अहम चर्चा होनी है।

क्या थी ट्रंप की वह धमकी? : दरअसल, जब दोनों देशों के प्रतिनिधि मेज पर बैठे थे, ठीक उसी समय ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ईरान तुरंत लेबनान में हिजबुल्ला को मुश्किलें खड़ी करने से रोके। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो अमेरिका ईरान पर फिर से बेहद सख्त हमला करेगा। उधर, ईरान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी अमीर हातमी पूरदस्तान ने अमेरिका को खुली चुनौती देते हुए कहा है कि ईरान अब दुश्मन के हमले का इंतजार नहीं करेगा, बल्कि जरूरत पड़ने पर प्रीएम्प्टिव एक्शन (पहले हमला करना) लेगा। अमेरिका ने दी तेल प्रतिबंधों में छूटः तनाव के बीच ट्रंप प्रशासन ने ईरान को बड़ी राहत देते हुए उसके तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की बिक्री पर लगे प्रतिबंधों में 21 अगस्त (60 दिन) तक की ढील दे दी है।

### अपर यमुना रिवर बोर्ड समझौते ...

राजस्थान को मिलने वाले जल के अधिकार का सम्मान करता है और राजस्थान को निर्धारित हिस्से का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यों के बीच समन्वय और सहयोग से जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकता है, जिससे सभी प्रदेशों को लाभ मिलेगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान केवल समझौते के तहत निर्धारित जल की ही मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में नदियों में बहने वाले अतिरिक्त जल का प्रभावी उपयोग कर यदि उसे राजस्थान तक पहुंचाया जाए तो राज्य के एक बड़े क्षेत्र में पेयजल संकट का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि रेणुका, किशाऊ और लखवार बांध परियोजनाएं उत्तर भारत के राज्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनके क्रियान्वयन में जल्द तेजी लाई जाएगी। इन परियोजनाओं के माध्यम से भविष्य की जल आवश्यकताओं की पूर्ति, सिंचाई क्षमता में वृद्धि तथा पेयजल उपलब्धता को मजबूत आधार मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को लेकर संबंधित राज्यों के बीच समन्वय बढ़ाते हुए आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री सैनी ने घग्गर नदी में गिरने वाले दूषित जल के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि घग्गर नहर में गिरने वाले पानी के उपचार के लिए अलग से ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएंगे, ताकि बिना शोधन के गंदे पानी का प्रवाह नदी में न हो और जल स्रोतों की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में जल प्रबंधन, नदी संरक्षण और अंतरराज्यीय सहयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, राजस्थान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विकसित भारत 2047 ...

करने में है। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से नवाचार, उद्देश्यपूर्ण कार्यशैली और नागरिक-केंद्रित शासन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि प्रशासनिक फाइलों को केवल कागजी प्रक्रिया न समझें, बल्कि यह याद रखें कि हर फाइल के पीछे लाखों लोगों की आकांक्षाएं, समस्याएं और जीवन जुड़े होते हैं। उन्होंने नागरिक देवो भव का मंत्र देते हुए अधिकारियों से हर निर्णय के केंद्र में नागरिकों को रखने और शासन को संवेदनशील, जवाबदेह तथा समावेशी बनाने का आग्रह किया।

### सिर्फ डेटा न ....

नीतियां जमीनी स्तर पर अपेक्षित परिणाम दे रही हैं या नहीं। पीएम मोदी ने कहा कि अधिकारियों को अपने पद या अधिकार से नहीं, बल्कि अपने कार्यों के ठोस और मापनीय परिणामों से संतुष्टि प्राप्त करनी चाहिए। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का भी उल्लेख किया और बताया कि वर्तमान बैच में 40 प्रतिशत से अधिक अधिकारी महिलाएं हैं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री (कार्मिक) डॉ. जितेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा, प्रधान सचिव-2 शक्तिकांत दास, कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) की सचिव रचना शाह, एलबीएसएनएए के निदेशक श्रीराम तरणिकांति सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राहकों को बेहतर कल के लिए पुराना सोना बदलने का अवसर

बेंगलुरु। इस जून, मिया बाय तनिष्क ग्राहकों को अपने पुराने सोने को किसी सार्थक चीज में बदलने के लिए आमंत्रित कर रहा है। मिया बाय तनिष्क के किसी भी स्टोर पर सोना बदलने पर, हर 1 ग्राम सोने के बदले ब्रांड 1 पेड़ लगाएगा, जो सिक्किम में रेड पांडा के संरक्षण में मदद करेगा। मिया बाय तनिष्क के ऐसे सोच-समझकर लिए गए निर्णय का उत्सव मना रहा है जो धरती पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। पिछले चार वर्षों में, मिया बाय तनिष्क की सालाना वृक्षारोपण पहल के तहत ग्राहकों के नाम पर 16,000 से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। इस पहल के माध्यम से, एमआईए बाय तनिष्क के ग्राहकों को इस यात्रा का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर रहा है और उन्हें अपना पुराना सोना बदलकर और मिया बाय तनिष्क के नवीनतम ज्वेलरी कलेक्शन को देखकर इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।


## सार्वजनिक सूचना

**नाम संबंधी स्पष्टीकरण**

मैं, राजबीर मलिक, पुत्र श्री महावीर सिंह मलिक, निवासी मकान संख्या 8-13, सुंदर अपार्टमेंट, सेक्टर-14, रोहिणी, उत्तर-पश्चिम दिल्ली, दिल्ली-110085, यह घोषित करता हूं कि मेरे विभिन्न अभिलेखों एवं दस्तावेजों में अंकित नाम राजबीर सिंह, राजबीर सिंह मलिक तथा राजबीर मलिक एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। मेरे आधार कार्ड में अंकित नाम राजबीर मलिक मेरा सही एवं अंतिम नाम है, जिसे भविष्य में सभी कार्यों, अभिलेखों एवं दस्तावेजों के लिए मान्य माना जाए। जिन दस्तावेजों में राजबीर सिंह अथवा राजबीर सिंह मलिक अंकित है, उन्हें भी राजबीर मलिक के नाम से संबंधित माना जाए।


## अडानी मुंद्रा एयरपोर्ट बना पूर्णतः एकीकृत मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स एवं बिजनेस हब



मुंद्रा। देश में अब मुंबई और गोवा के लिए अपनी पहली नियमित विमान सेवा शुरू की गई है। इस अवसर पर अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के डायरेक्टर जीत अडाणी ने मुंद्रा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कमर्शियल उड़ानों की शुरुआत पर खुशी जताते हुए इसे एक ऐतिहासिक दिन बताया है। उन्होंने कहा कि इस हवाई सेवा के शुरू होने से मुंद्रा के लोकल बिजनेस और टूरिज्म दोनों को एक बहुत बड़ा बूस्ट मिलेगा। डायरेक्टर जीत अडाणी के मुताबिक, पहले मुंद्रा तक पहुंचने के लिए लोगों को एक या दो जगह रुककर एक लंबा सफर तय करना पड़ता था।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अब्दुल मेहराज, पुत्र अब्दुल गफ्फार, निवासी: ए–जेड, ए–3, चौथी मंजिल, गली नंबर–2, चौहान बांगर, गढ़ी मेंडू, सीलमपुर, दिल्ली** ने **FIR No.: 38/2020, U/s: 188 IPC, पुलिस थाना जामा मस्जिद, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **अब्दुल मेहराज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अब्दुल मेहराज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना जामा मस्जिद, दिल्ली** के अभियुक्त **अब्दुल मेहराज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.07.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री राशि रहेजा
एलडी. जेएमएफसी–13, केंद्रीय,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8379/CD/2026


## उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर न्यायिक प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय, जयपुर में मंगलवार, दिनांक 23.06.2026 को लम्बित न्यायिक प्रकरणों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर न्यायिक प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अपर महाप्रबंधक श्री अशोक माहेश्वरी ने रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देशों की पालना करने के क्रम में लिम्स पोर्टल पर कोर्ट केसेस को रियल टाइम बेसिस पर अद्यतन करने, पेंडिंग कोर्ट केस से संबंधित दस्तावेज तुरंत अपलोड करने एवं मासिक कम्प्लायंस रिपोर्ट हर महीने के आखिरी दिन प्रधान कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए साथ ही लम्बित अवमानना प्रकरणों पर चिंता जाहिर करते हुए इनके शीघ्र निपटान के निर्देश दिए। माहेश्वरी ने उपस्थित मुख्य विधि सहायकों को यह भी निर्देश दिए कि न्यायिक प्रकरणों में जवाब निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत किए जाएं।

## देश से दुनिया तक : गलगोटियाज यूनिवर्सिटी वैश्विक संस्थानों की एलीट लीग में शामिल



नई दिल्ली। गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने दुनिया के दो सबसे सम्मानित वैश्विक विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में जोरदार पहचान के साथ भारत के प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों में अपनी स्थिति मजबूत की है। ताजा क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2026 में गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने भारत के निजी विश्वविद्यालयों में 15वां और देश के सभी निजी व सरकारी विश्वविद्यालयों में 43वां स्थान हासिल किया है। विश्व स्तर पर विश्वविद्यालय को 1201-1400 बैंड में रखा गया है। उल्लेखनीय है कि टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025 में विश्वविद्यालय ने भारत के निजी विश्वविद्यालयों में 27वां स्थान हासिल किया और इसे 1000-1200 ग्लोबल बैंड में रखा गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा परिदृश्य पर इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को और मजबूती मिली। इस बारे में गलगोटियाज विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा, कि यह उपलब्धि उच्च शिक्षा, रिसर्च, इनोवेशन और छात्रों की सफलता में उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गलगोटियाज में हम अपने छात्रों को एंटरप्रेन्योरशिप, इंडस्ट्री एक्सपोजर और एक्टिव लर्निंग की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। हमारा लक्ष्य युवाओं को न केवल नौकरियों के लिए तैयार करना ही नहीं, बल्कि उन्हें सॉल्यूशंस, उद्यम और अपना प्रभाव छोड़ने के लिए भी तैयार करना है। भारत जैसे-जैसे दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है, नवाचारकर्ताओं, उद्यमियों, शोधकर्ताओं और इंडस्ट्री के लिए तैयार पेशेवरों को तैयार करने में सक्षम संस्थान तेजी से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। इस परिवर्तन में सबसे आगे गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने अपने करिश्माई और दूरदर्शी सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया के नेतृत्व में एक ऐसे मॉडल को विकसित किया है जिसमें नवाचार, उद्यमिता और इंडस्ट्री की प्रासंगिकता के साथ अकादमिक उत्कृष्टता शामिल है। उच्च शिक्षा में प्रयोग और इंडस्ट्री से जुड़ाव की मजबूत संस्कृति लाने के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. ध्रुव गलगोटिया की देखरेख में विश्वविद्यालय के इनोवेशन इकोसिस्टम ने तेजी से विस्तार किया है। पिछले कुछ महीनों में ही गलगोटियाज ने एलएंडटी एडुटेक द्वारा भारत के पहले एडवांस्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का अनावरण किया है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज के लिए एक आईबीएम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लॉन्च किया है और वेंचर कैपिटल मेंटरशिप, इनवेस्टर एक्सेस के लिए 247वीसी के साथ भागीदारी की है।


## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

वरि० मण्डल यांत्रिक इंजीनियर / उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS साइट (www.ireps.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्याः** 2581019TSDSSBR, **कार्य का विवरणः** वंदे भारत कोचों के लिए संशोधित ड्रेन पाइप, डस्टबिन पैनल, एयर डक्ट स्कूप और एंटी–कंडेंसेशन इंसुलेशन की आपूर्ति और स्थापना का प्रावधान। **अनुमानित लागतः** ₹90,51,383.68/– (GST सहित), **बयाना राशिः** ₹1,81,100/–, **कार्य अवधिः** 18 माह, **निविदा खुलने की तिथि, समयः** 10.07.2026, 15:00 बजे, **निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइटः** उपरोक्त निविदा IREPS साइट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in दिनांक 18.06.2026, 18:34 बजे से प्रभावी है। **सं0: 25.8.1019.TSD.SSB दिनांकः 19.06.2026** **2137/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)**

**कार्य का नाम तथा स्थानः** दिल्ली डिवीजन के दिल्ली क्षेत्र के बाहर बचे हुए रेलवे स्टेशनों / डिपो / कार्यालयों में रेलनेट की सुविधा उपलब्ध कराना और दिल्ली डिवीजन के दिल्ली क्षेत्र के बाहर रास्ते में पड़ने वाले स्टेशनों और जंक्शन स्टेशनों पर रेलनेट की सुविधा उपलब्ध कराने का बचा हुआ काम। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** ₹3,35,31,777.44/– मात्र, **धरोहर राशि (₹)** ₹ 6,70,600.00/–मात्र, **कार्यालय का पताः** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055, **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय।** निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 15.07.2026 15:00 बजे तक, **वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।** उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055

**निविदा संख्याः 558–सिगनल–16–टेली–ओपनटेंडर–1040 दिनांक : 23.06.2026**
**2160/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर–ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम** | रेलवे विनिर्देश IS/RDSO-GE/0001:2023 (फरवरी 2023) तथा उसके नवीनतम संशोधन स्लिप के अनुरूप 46,451 घन मीटर (Cum) 65 मिमी गेज मशीन से क्रश किए गए कठोर पत्थर बैलेस्ट की आपूर्ति, स्टैकिंग, लोडिंग एवं अनलोडिंग का कार्य। बैलेस्ट की आपूर्ति रामकुमारपुरा खनन क्षेत्र, ग्राम रामकुमारपुरा, तहसील खेतड़ी, जिला झुंझुनू, राजस्थान अथवा खानक खनन क्षेत्र (HSIIDC के नियंत्रणाधीन), तहसील तोशाम, जिला भिवानी, हरियाणा से की जानी है तथा इसे DEN/Track/DLI के अधिकार क्षेत्र में स्थित तुगलकाबाद (TKD) बैलेस्ट डिपो के उप–डिपो संख्या–2 में स्टैक किया जाना है। **(निविदा आमंत्रण सूचना–04–26–27–डब्ल्यू–सी)** | | |
| **अनुमानित लागत** | ₹12,30,19,664.80 | **धरोहर राशि** | ₹24,60,400/- |
| **ई–निविदा भरने का दिनांक और समय एवं ई–निविदा खुलने का दिनांक और समय** | ई–निविदा भरने का समय शुरू दिनांक 02.07.2026 को 15:00 बजे से निविदा खुलने का समय एवं ई–निदि खुलने की दिनांक 16.07.2026 को 15:00 बजे तक। | | |
| **निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है** | **www.ireps.ireps.in** पर उपलब्ध है। | | |

**पत्र सं.: 128–डब्ल्यू / वं.मं.अधि. / सं. / निविदा आमंत्रण सूचना–04–26–27–डब्ल्यूसी दिनांकः 22.06.2026** **2146/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## कैडेट्स ने सैन्य ज्ञान, स्वास्थ्य जागरूकता एवं खेलों में दिखाई उत्कृष्ट प्रतिभा

नई दिल्ली। द रॉयल सैनिक विद्यापीठ, रावलवास में 3 हरियाणा बटालियन एनसीसी, हिसार के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील कटारिया के नेतृत्व में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-178 में कैडेट्स को विभिन्न विषयों पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रदान किए गए। कैप्टन माया ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. रोहित कुमार ने बागवानी एवं उसके लाभ विषय पर पर्यावरण संरक्षण तथा पौधारोपण के महत्व से अवगत कराया। कैडेट्स को भारतीय सेना के विभिन्न बैज एवं रैंक तथा संचार के प्रकारों की भी जानकारी दी गई। खेल गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित रस्साकस्सी एवं खो-खो प्रतियोगिताओं में कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए टीम भावना और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## पीएफसी यूएसडी बॉन्ड जारी करने वाली पहली सीपीएसयू

नई दिल्ली। पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अपनी नवीनतम मौद्रिक नीति घोषणा में शुरू की गई स्वैप सुविधा के बाद अंतरराष्ट्रीय बॉन्ड बाजार में प्रवेश करने वाली पहली केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसयू) तथा पहली एनबीएफसी बन गई है। पीएफसी, महारत्न सीपीएसयू और भारत के विद्युत क्षेत्र की अग्रणी एनबीएफसी ने रेग-एस मार्ग के तहत 5 वर्ष की अवधि वाले 300 मिलियन यूएसडी के सीनियर अप्रतिभूत यूएसडी-नामित बॉन्ड सफलतापूर्वक जारी किए हैं, जिसका मूल्य निर्धारण 5-वर्षीय यूएस ट्रेजरी बेंचमार्क पर 105 बेसिस बिंदुओं पर किया गया है तथा इसका निश्चित कूपन 5.32% प्रति वर्ष है। इस इश्यू को निवेशकों से अत्यंत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली और यूरोप तथाएशिया के निवेशकों ने इसमें व्यापक एवं सक्रिय भागीदारी दिखाई।


## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कुटेशन नोटिस

हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक में वाहनों की मरम्मत के लिए हार्ड वेयर /petty items/मिस्लेनियास आइटम्स की अगली एक वर्ष के लिए खरीद की जानी है। इच्छुक सप्लायर दिनांक 03-07-2026 तक अपनी सील बंद कुटेशन महापर्बधक हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक के नाम भेज सकते है। जिसके ऊपर स्टोर आइटम्स कुटेशन लिखा होना अनिवार्य है। स्टोर आइटम्स की लिस्ट व अन्य शर्तों के लिए महाप्रबंधक कार्यालय में संपर्क कर सकते है। कुटेशन से सम्बंधित सभी दस्तावेज दिनांक 03-07-2026 से पहले आकर किसी भी कार्य दिवस को 200/- रु. जमा करवाने उपरांत महाप्रबंधक कार्यालय हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक से प्राप्त कर सकते हैं।

हस्ता/-महाप्रबंधक
हरियाणा राज्य परिवहन,
रोहतक

पीआरडीएच-1119/11/894/2027/46476/88/7 दि. 23.06.26

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कपिल वर्मा निवासी ए-8, मॉड्यूल-7, डिवाइन पार्क व्यू, अभय खंड-3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014** ने एफआईआर सं./कोर्ट केस सं. **5010/24, अंतर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, थाना कीर्ति नगर, जिला पश्चिम, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कपिल वर्मा** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कपिल वर्मा** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं./कोर्ट केस सं. **5010/24, अंतर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, थाना कीर्ति नगर, जिला पश्चिम, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कपिल वर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.07.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री पूनम सिंह**
जेएमएफसी (एनआई एक्ट)-04
जिला पश्चिम, कोर्ट नं. 04 (एनेक्स-I)
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली


**DP/8501/WD/2026**
**(Court Matter)**

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जीन्द

मुक्कदमा नम्बर- 189, दिनांक 31.05.2026, धारा 127 (6) बीएनएस, थाना सदर जींद।

**गुमशुदा की तलाश**

नाम- प्रदीप
पिता का नाम-सुनील
पता - ढाणी जींद
उम्र -30 साल
हुलिया- रंग गेहुआ, गोल चेहरा, लाल रंग की टी शर्ट व मेहंदी रंग कि लोवर पैरों में चप्पल पहने हुए है, कद 5''7 ईंच है। जो बिना किसी को बताए घर से दिनांक 29.05.2026 से गायब हैं। यदि किसी को पता चले तो मोबाइल नं. 8814011566 प्रबन्धक अफसर थाना सदर जींद व 01681-245711 कंट्रोल रुम जीन्द से सम्पर्क करें।



प्रबन्धक अफसर
थाना सदर जींद ।

पीआरडीएच-1084/11/4962/2027/46486/88/7 दि. 23.06.26


## राशिफल

**मेष** — रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग–दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

## पंजाब एंड सिंध बैंक विशेष अभियान का किया आयोजन



नई दिल्ली। दिनांक 22 जून, 2026 को पंजाब एण्ड सिंध बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, आगरा द्वारा कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने तथा किसानों एवं उद्यमियों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से एक विशेष कृषि अभियान (खाद्य एवं कृषि योजनाएं) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक के उप महाप्रबंधक महोदय श्री मिलिंद बुचके जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित कृषि उद्यमियों एवं ग्राहकों को बैंक द्वारा संचालित विभिन्न कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं जैसे-पीएसबी राइस शेलर योजना, कृषि अवसंरचना कोष, पीएमएफएमई योजना आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की। पंजाब एण्ड सिंध बैंक कृषि उद्यमियों एवं ग्राहकों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है तथा बैंक की विभिन्न ऋण योजनाएं कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाने और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुरूद जिला–धमतरी (छ.ग.)

**पता–पुराना बाजार चौक कुरूद, ई–मेल आईडी – kurudnp@gmail.com**

क्रमांक/1907 / लो.नि.वि. / ऑनलाईन निविदा/2026-27 — **ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना** — कुरूद, दिनांक 23/06/2026

नगर पालिका परिषद् कुरूद क्षेत्रांतर्गत जल आवर्धन योजना एवं अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत विभिन्न निर्माण/उन्नयन कार्य हेतु छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म से Chhattisgarh Government Integrated e-Procurement https://eproc.cgstate.gov.in में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-


01. Bid Submission Start Date - 23/06/2026, सायं 6.30 बजे तक
02. Bid Due Date - 15/07/2026, सायं 5.30 बजे तक
03. Bid Open Date - 21/07/2026, प्रातः 11.30 बजे तक
04. Physical Document Submission End Date - 20/07/2026, सायं 5.30 बजे तक

| स. क्र. | कार्य का विवरण | टेण्डर सिस्टम नंबर | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (राशि रू.) | फर्म / ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अवधि माह | निविदा शुल्क | प्रभावशील दर अनुसूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पालिका परिषद कुरूद में जल आवर्धन योजना | 193971 | 952.65 | 500000.00 | "B" and Above | 24 माह (वर्षा ऋतु सहित ) | 10000.00 | CG PWD Building S.O.R. 01.01.2015 & CGPHE SOR 01.06.2020 with amendment |
| 02 | 500 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण कार्य | 194037 | 597.23 | 298650.00 | "B" and Above | 12 माह (वर्षा ऋतु सहित) | 10000.00 | C.G. P.W.D. Building S.O.R. 01.01.2015, C.G. P.W.D. Road S.O.R. 01.01.2025, C.G. P.H.E. S.O.R. 01.06.2020, C.G. Electrical S.O.R. 01.06.2020 & Non S.O.R. Items |
| 03 | नया मार्केट उन्नयन एवं निर्माण कार्य | 193965 | 196.84 | 147650.00 | "C" and Above | 12 माह (वर्षा ऋतु सहित) | 10000.00 | C.G. P.W.D. Building S.O.R. 01.01.2015, C.G. P.W.D. Electrical S.O.R. 01.06.2020 & C.G. P.W.D. Road S.O.R. 01.01.2025 |

उपरोक्त कार्यों के निविदा की विस्तृत / सामान्य शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा, विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in एवं e-Procurement https://eproc.cgstate.gov.in से अवलोकन की जा सकती ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् कुरूद
जिला - धमतरी (छ. ग.)



## शब्द पहेली - 6266



**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

**शब्द पहेली -6265 का हल**





## आज के मुकाबले



### इंग्लैंड बनाम घना (1:30 एएम)

दिन की शुरुआत इंग्लैंड और घाना के मुकाबले से होगी, जो भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे खेला जाएगा। यह मैच काफी रोमांचक माना जा रहा है क्योंकि इंग्लैंड की मजबूत टीम एक्शन में नजर आने वाली है।

### पनामा बनाम क्रोशिया (4:30 एएम)

इसके बाद दूसरा मुकाबला पनामा और क्रोएशिया के बीच सुबह 4:30 बजे खेला जाएगा। दोनों ही टीमें अपना पहला मैच हारने के बाद एक दूसरे से टक्कर लेंगी। ऐसे में यहां से जो जीतेगा उसके लिए नॉक आउट मुकाबलों का दरवाजा खुल सकता है।

### कोलम्बिया - डीआर कोंगो (7:30 एएम)

दिन का तीसरा और अंतिम मुकाबला कोलंबिया और डीआर कांगो के बीच भारतीय समय के अनुसार सुबह 7:30 बजे होगा। इस मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद की जा सकती है।

## सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने मेस्सी

**अर्लिंगटन।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी आसट्रिया के खिलाफ विश्व कप मैच में पेनल्टी चूक गए लेकिन उसके बाद दो गोल करके टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक 18 गोल अपने नाम कर लिए। फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों में से एक मेस्सी ने आसट्रिया पर 2-0 से मिली जीत में दोनों गोल दागे। वह नौवे मिनट में पेनल्टी चूक गए थे लेकिन इसकी बखूबी भरपाई कर ली। अपना छठा विश्व कप खेल रहे मेस्सी के अब कुल 18 गोल हो गए हैं। पहले मैच में अल्जीरिया के खिलाफ हैट्रिक लगाकर उन्होंने जर्मनी के स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोसे के विश्व कप में 16 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे ने भी ईराक पर 3-0 से मिली जीत में दो गोल दागे और अब वह क्लोसे के 16 गोल की बराबरी करके संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।



# 100वां मैच : अब सिर्फ मेस्सी से पीछे एमबाप्पे

एजेंसी ▶▶| फिलाडेल्फिया

फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे ईराक के खिलाफ दो गोल करके कुल 16 गोलों के साथ विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के बाद दूसरे स्थान पर आ गए। तीसरा विश्व कप खेल रहे 27 वर्ष के एमबाप्पे ने ईराक के खिलाफ 14वें मिनट में पहला गोल किया। यह उनके कैरियर का 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच भी था। बारिश के कारण दो घंटे के विलंब के बाद खेल बहाल होने पर उन्होंने 54वें मिनट में एक और गोल करके जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोसे के 16 गोल की बराबरी कर ली। यह विश्व कप शुरू होने से पहले रिकॉर्ड क्लोसे के ही नाम था। एमबाप्पे ने सेनेगल के खिलाफ पहले मैच में भी दो गोल किए थे। उनके अब 59 अंतरराष्ट्रीय गोल हो गए हैं, जो फ्रांस के लिए सर्वाधिक हैं। इस विश्व कप में अब तक वह चार गोल कर चुके हैं जबकि 2022 में 8 और 2018 में 4 गोल किए थे। उन्हें 2022 में सर्वाधिक गोल के लिए गोल्डन बूट भी मिला था।

### ईराक को 3-0 से हराकर नॉकआउट में फ्रांस

**फिलाडेल्फिया।** फ्रांस ने ईराक को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में जगह बना ली। एमबाप्पे ने 14वें और 54वें मिनट में गोल दागे। उनके पहले गोल पर फ्रांस ने हाफटाइम तक 1-0 की बढ़त बना ली जब भारी बारिश और तूफान के कारण मैच दो घंटे से अधिक समय के लिए रोकना पड़ा। एमबाप्पे फ्रांस की 2018 विश्व कप जीत और 2022 में फाइनल तक पहुंचाने में सूत्रधार रहे थे। इस बार उनके डेम्बेले और डिजायर डू के रहते फ्रांस खिताब के प्रबल दावेदारों में से है। फ्रांस का सामना 4 जुलाई को यहां जर्मनी से हो सकता है।







### अल्जीरिया ने खत्म किया 12 साल का सूखा, पहली बार टूर्नामेंट में मिली जीत

**सांता क्लारा।** दूसरे हाफ में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल करके अल्जीरिया ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जोर्डन को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदें पुख्ता कर लीं। दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी नादिर बेनबुआली ने 69वें मिनट में हेडर लगाया जबकि अमीने गोरी ने 82वें मिनट में विजयी गोल दागा। विश्व कप में 2014 के बाद अल्जीरिया की यह पहली जीत है। जोर्डन के लिए पहले हाफ में निजार अल राशदान ने गोल दागा था। अल्जीरिया को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 3-0 से हराया था लेकिन दूसरे मैच में आसट्रिया को हराकर उसने ग्रुप जे में दूसरा स्थान हासिल कर लिया।

# नॉर्वे ने सेनेगल को 3-2 से हराया 'वाइकिंग रो' कर मनाया जश्न


हालैंड ने दागे शानदार दो गोल, अंतिम 32 में बनाई जगह

**ईस्ट रदरफोर्ड।** एर्लिंग हालैंड के दो गोल की मदद से नॉर्वे ने सेनेगल को 3-2 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 32 में जगह बना ली। मार्कस पेडरसन ने 43वें मिनट में गोल किया जबकि हालैंड ने 48वें और 58वें मिनट में गोल दागे। उनके विश्व कप में अब चार गोल हो गए हैं। पेडरसन ने जूलियन रायरसन के चोटिल होने के कारण 13वें मिनट में विश्व कप में पदार्पण किया और गोल कर दिया। वहीं हालैंड ने मार्टिन ओडेगार्ड के पास पर बाए पैर से शॉट लगाया और सेनेगल के गोलकीपर एडुअर्ड मेंडी बायीं ओर डाइव लगाकर भी गोल नहीं बचा सके। इसके बाद उन्होंने सेनेगल के डिफेंस को भेदते हुए पैट्रिक बर्ग के पास पर गोल किया। जीत के बाद कप्तान मार्टिन ओडेगार्ड की अगुआई में खिलाड़ियों ने फैंस के साथ मिलकर पारंपरिक वाइकिंग रो सेलिब्रेशन किया। टूर्नामेंट के दौरान नॉर्वे के फैंस के बीच वाइकिंग रो एक लोकप्रिय परंपरा बन गई है। फैंस वाइकिंग लॉन्गबोट जैसी बनावट में बैठते हैं और ड्रम की थाप पर नाव चलाने जैसा एक्शन करते हैं। इसकी तुलना यूरो 2016 में आइसलैंड के मशहूर वाइकिंग क्लैप से की जाती है।

## खबर संक्षेप



### अर्जन सिंह स्मृति हॉकी टूर्नामेंट: वायुसेना ने दक्षिणी कमान सेना को हराया

**जालहल्ली।** भारतीय वायुसेना के वायुसेना मार्शल अर्जन सिंह स्मृति हॉकी टूर्नामेंट के सातवें सत्र के पहले मैच में भारतीय सेना (दक्षिणी कमान) को 2-0 से हरा दिया। टूर्नामेंट का आयोजन वायुसेना खेल नियंत्रण बोर्ड कर रहा है। अग्निवीर विनायक संतोष हांडे को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीम हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह में एयर मार्शल एस शिवकुमार ने हिस्सा लिया और टूर्नामेंट की शुरुआत की घोषणा की।मुख्य अतिथि ने हांडे को 25 हजार रुपए का चैक सौंपा।

### तिलक की तूफानी पारी 56 गेंद में बनाए 136 रन



**हैदराबाद।** तिलक वर्मा ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला की तैयारी पुख्ता करते हुए टीजी20 में 56 गेंद में नाबाद 136 रन बनाकर वारंगल वारियर्स के खिलाफ मेडक फाल्कंस को तीन विकेट से जीत दिलाई। जीत के लिए 259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तिलक ने आक्रामक शुरुआत की। उनकी टीम ने चौथे ही ओवर में 50 रन बना लिए। तिलक ने 22 गेंद में अर्धशतक पूरा करके अपनी टीम को आठवें ओवर में सौ रन के पार पहुंचा दिया। आखिरी पांच ओवर में उन्हें 65 रन की जरूरत थी। तिलक ने 42 गेंद में शतक पूरा किया और विक्रम के साथ 58 रन की साझेदारी की। विक्रम (27) 19वें ओवर में आउट हुए जब दो ओवर में 20 रन की जरूरत थी। तिलक ने अपनी पारी में 14 चौके और आठ छक्के लगाकर टीम को जीत तक पहुंचाया।

# 12 करोड़ के घाटे के साथ डीसी में लौटे पंत

## एलएससी की जर्सी में दिखेंगे कुलदीप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान के तौर पर दो खराब सत्र के बाद ऋषभ पंत की वेतन में 12 करोड़ रुपए की भारी कटौती के साथ दिल्ली कैपिटल्स की टीम में वापसी हो रही है।

दिल्ली कैपिटल्स के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के साथ हुई एक 'हाई-प्रोफाइल ट्रेड (बड़े खिलाड़ियों की अदला-बदली)' में पंत 15 करोड़ रुपए में अपनी पुरानी फ्रेंजाइजी में वापस आ गए हैं। एलएसजी ने आईपीएल 2025 से पहले हुई बड़ी नीलामी में उन्हें 27 करोड़ रुपए की भारी-भरकम रकम में खरीदा था, जो लीग के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी रकम थी।



### 13.50 करोड़ रुपए की फीस पर सुपर जायंट्स में कुलदीप

लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने उस समय पंत के साथ लंबे समय तक जुड़े रहने की बात कही थी। लगातार दो कमजोर सत्र के बाद फ्रेंचाइजी प्रबंधन ने जस्टिन लैंगर और टॉम मूडी की मौजूदगी वाली ऑस्ट्रेलियाई कोचिंग टीम की सलाह पर पंत को रिलीज करने का फैसला किया।
उम्मीद के मुताबिक हुए इस ट्रेड में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव 13.50 करोड़ रुपए की मौजूदा फीस पर दिल्ली कैपिटल्स से लखनऊ सुपर जायंट्स में चले गए।
**पंत के लिए ट्रेड घर वापसी जैसी :** पंत के लिए यह ट्रेड घर वापसी जैसी है। उन्होंने 2016 से 2024 के बीच दिल्ली कैपिटल्स के लिए 111 मैच खेले थे। नीलामी में जाने से पहले तक वह इसी टीम का हिस्सा थे।

# आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे से नीतीश बाहर, शेडगे टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं के लिए भारतीय टीम में चोटिल हरफनमौला खिलाड़ी नीतीश कुमार रेड्डी की जगह प्रतिभाशाली सूर्यांश शेडगे को शामिल किया गया है।

इससे पहले ब्रिटेन दौरे की सीमित ओवरों की श्रृंखलाओं से बाहर होने के कारण रेड्डी की अनुपस्थिति



भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका मानी जा रही थी। उन्हें हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान चोट लगी थी।

### रेड्डी अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में हुए थे चोटिल

बीसीसीआई ने कहा, पुरुष चयन समिति ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं के लिए भारतीय टीम में नीतीश कुमार रेड्डी के स्थान पर सूर्यांश शेडगे को शामिल किया है। रेड्डी ने 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के बाद अपनी बाईं जांघ (क्वाड्रिसेप्स) में दर्द और असहजता की शिकायत की थी। मेडिकल जांच के बाद बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें रिहैबिलिटेशन की सलाह दी।

# आईसीसी रैंकिंग : 'नंबर-1' गेंदबाज बनीं श्रीचरणी, लिंसी स्मिथ को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी पहली बार आईसीसी विमेंस टी20 बॉलिंग रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गई हैं। श्रीचरणी को आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है, जिन्होंने इस संस्करण के 3 मुकाबलों में अब तक 10 विकेट हासिल किए हैं। 21 वर्षीय चरणी फिलहाल टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। इंग्लैंड की लिंसी स्मिथ वर्ल्ड कप में धीमी शुरुआत के बाद दो स्थान खिसककर तीसरे नंबर पर आ गई हैं। साथी चार्ली डीन दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। इस बीच कई प्रमुख गेंदबाजों की रैंकिंग में भी बड़े बदलाव दिखे। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 सोफी



एक्लेस्टोन चार स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गईं, जबकि वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज 9 स्थान ऊपर चढ़कर 11वें पायदान पर आ गईं।

### छठे स्थान पर पहुंची शेफाली

बेहतर प्रदर्शन करने वाली बल्लेबाजों में भारत की शेफाली वर्मा शामिल हैं, जो छठे स्थान पर पहुंच गईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर एक स्थान ऊपर चढ़कर टॉप-10 में शामिल हो गई हैं। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन भी 11वें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि प्रेंडरगास्ट ने चार स्थान की छलांग लगाकर 13वां स्थान हासिल किया और अपना ऑल-राउंड प्रदर्शन बेहतर करना जारी रखा। बांग्लादेशी कप्तान निगार सुल्ताना भी टॉप-20 में जगह बनाकर उल्लेखनीय सुधार करने वाली खिलाड़ियों में शामिल रहीं। ऑल-राउंडर्स की रैंकिंग में टॉप पर कोई बदलाव नहीं हुआ।

### टी20 महिला विश्व कप : न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड को 6 विकेट से हराया

**ब्रिस्टल।** कप्तान मेली केर के फिरकी के जादू के बाद इजी शार्प के अर्धशतक से गत चैंपियन न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 महिला विश्व कप के करो या मरो के ग्रुप दो मुकाबले में स्कॉटलैंड को 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ हार के बाद टूर्नामेंट से जल्द बाहर होने का खतरा झेल रहे न्यूजीलैंड ने 132 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 26 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे। शार्प ने हालांकि अर्धशतक जड़ने के अलावा ब्रूक हैलीडे के साथ चौथे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी करके 18.2 ओवर में टीम का स्कोर चार विकेट पर 132 रन तक पहुंचाकर उसे जीत दिलाई। इस जीत से न्यूजीलैंड की टीम चार मैच में दो जीत और दो हार से चार अंक के साथ अंक तालिका में इंग्लैंड (06 अंक) और वेस्टइंडीज (06) के बाद तीसरे स्थान पर है।

# भारत की जर्सी मिलते ही इमोशनल हुए वैभव, कहा- सपना पूरा हुआ



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि भारतीय टी20 टीम में चयन होना उनके कैरियर का सबसे बड़ा कदम है और उनके पास अपने जज्बात बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं।

पंद्रह वर्ष के सूर्यवंशी को 26 जून से शुरू हो रहे आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। सूर्यवंशी ने कहा,' शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मैंने इसी के लिए पहले दिन बल्ला उठाया था और अभ्यास के लिए क्रिकेट के मैदान पर उतरा था।

वह सपना आज पूरा हो गया है।' उन्होंने कहा,' यह मेरे सफर का सबसे बड़ा कदम है। मैं इन भावनाओं को शब्दों में अभिव्यक्त नहीं कर सकता।' उन्होंने कहा ,' यह सपना सच होने जैसा है। जैसे ही मैंने टीशर्ट देखा, मेरी मुस्कान नहीं रूक रही है।'

### समस्तीपुर से हुई कैरियर की शुरुआत

*बिहार के समस्तीपुर से अपने कैरियर की शुरुआत करने वाले सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ शतक जमाया था। 28 अप्रैल 2025 को गुजरात के खिलाफ 38 गेंद में 101 रन बनाकर वह 14 वर्ष 32 दिन की उम्र में टी20 क्रिकेट में शतक जमाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। इंग्लैंड या आयरलैंड के खिलाफ वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन सकते हैं। यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है, जिन्होंने 16 वर्ष 205 दिन की उम्र में पदार्पण किया था।*

## विश्व कप के महंगे टिकट, स्टेडियम से दूर हुए मेक्सिको के फैंस

# 'गोओओओल' की गूंज में डूबा मेक्सिको, फुटबॉल का बुखार चरम पर

एजेंसी ▶▶| मेक्सिको सिटी

'गोओओओओल......' यह गूंजता हुआ नारा प्लास्टिक की मेजों पर रखे एक टेलीविजन के सामने जुटी भीड़ के बीच बार-बार सुनाई देता है। इसकी गूंज मेक्सिको सिटी के व्यस्त श्रमिक वर्ग वाले इलाके की गलियों और दुकानों तक दूर-दूर तक फैल जाती है। मेक्सिको में फुटबॉल प्रशंसक खुले मैदानों, पुलों के नीचे बने स्थानों और मशहूर स्थानीय व्यंजन टैको की दुकानों में लगे टीवी स्क्रीन पर निगाहें टिकाए अपनी राष्ट्रीय टीम का पूरे जोश और जुनून के साथ समर्थन कर रहे हैं। फीफा विश्व कप में जैसे ही मेक्सिको की टीम एक और मैच जीतती है, पूरे देश में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ जाती है।



### टिकट खरीद पाना लोगों के लिए संभव नहीं

अमेरिका और कनाडा के साथ मिलकर अपने देश में आयोजित हो रहे इस विश्व कप के महंगे टिकट खरीद पाना मेक्सिको के अधिकांश लोगों लिए संभव नहीं है। ऐसे में लोगों ने इस आयोजन से अपने तरीके से जुड़ते हुए सड़कों पर ही जश्न मनाना शुरू कर दिया है। स्थानीय निवासी एस्मेराल्डा सेराती ने अपने पड़ोसियों के साथ सड़क पर लगे टीवी पर मैच देखा। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो स्टेडियम में जाकर मैच देखने का अनुभव अलग होता है, लेकिन मुझे यहां सड़क पर बैठकर मैच देखना ज्यादा पसंद है। ऐसा लगता है जैसे मैं अपने घर में बैठी हूं। विश्व कप का नाम सुनते ही मेरी रगों में जोश दौड़ने लगता है।'

### महंगी टिकट को लेकर आलोचना

मेक्सिको की लगातार दो जीतों के बाद मेक्सिको सिटी, ग्वाडालाहारा और मोंटेरे जैसे मेजबान शहरों में हजारों लोग जश्न मनाने के लिए सड़कों पर उतर आए हैं। इन जश्नों के पीछे एक नाराजगी भी छिपी है। फीफा को विश्व कप टिकटों की बढ़ती कीमतों को लेकर दुनिया भर में आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। मेक्सिको में एक औसत कर्मचारी की मासिक आय लगभग 433 डॉलर है और फुटबॉल को ऐसा खेल माना जाता है, जो अमीर-गरीब सभी को जोड़ता है। ऐसे में मैच देखने वालों और उससे वंचित रह जाने वालों के बीच का अंतर साफ दिखाई दे रहा है।




# शांति वार्ता के बीच भारत ने की पुष्टि, खुला है होर्मुज स्ट्रेट, स्वदेश रवाना हुए 11 जहाज

### कतर के रास लफान में हुए धमाके में मारे गए 12 भारतीय, घायलों का आंकड़ा 66 पर पहुंचा

**ईरान से तेल खरीद पर बोला भारत, 140 करोड़ भारतीयों के हितों की सुरक्षा के लिए विविधतापूर्ण स्रोतों से ऊर्जा खरीद की नीति पर कायम है भारत**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में जारी शांति वार्ता के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) के एक बार फिर से पूरी तरह से खुले होने को लेकर दोनों देशों की तरफ से आ रहे विरोधाभासी बयानों के बीच मंगलवार को भारत ने मामले पर तस्वीर पूरी तरह से साफ कर दी है। यहां राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आगामी कुछ दिनों में होर्मुज पार कर भारत पहुंचने वाले जहाजों का विस्तृत आंकड़ा देते हुए यह स्पष्ट किया कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग न केवल पूरी तरह से खुला हुआ है। बल्कि वहां से भारतीय जहाजों के देश पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया है।



### 11 जहाजों की शुरू हुई भारत यात्रा

उन्होंने बताया कि आज तक कुल 10 भारतीय ध्वज वाले जहाज फारस की खाड़ी के इलाके में हैं। 2 जहाज यहां देश से वहां गए हैं, 10 वहां से यहां भारत पहुंचने हैं। जबकि 17 जून को अमेरिका-ईरान के राष्ट्राध्यक्षों के बीच युद्ध को खत्म कराने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर किए गए हस्ताक्षर के बाद से 11 जहाज भारत की ओर रवाना हुए हैं। जिनमें 2 लाख 85 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लिए 3 भारतीय ध्वज वाले जहाज भी शामिल हैं। जबकि 1 विदेशी ध्वज वाला द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) वाला टैंकर है। जो स्वदेश की तरफ आ रहा है। 1 अन्य विदेशी ध्वज वाला कच्चे तेल का टैंकर है। इसके अलावा 6 विदेशी ध्वज वाले बड़े मालवाहक जहाज हैं। जिनमें उर्वरक कार्गो आ रहा है। इन सबके बीच जो 10 जहाज अभी भी फारस की खाड़ी में मौजूद हैं। उन्हें लेकर नई दिल्ली की उम्मीद है कि वह भी जल्द ही होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर भारत पहुंचेंगे।

### ईरान से भी होगी तेल खरीद

अमेरिका द्वारा ईरान के तेल-पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंधों में दी गई 60 दिन की अस्थायी छूट के प्रश्न को लेकर रणधीर ने कहा कि इस मामले के साथ-साथ भारत की पश्चिम-एशिया के समूचे हालात पर पैनी नजर बनी हुई है। ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर भारत की नीति बिल्कुल स्पष्ट है। जिसके तहत हम अपने देश के कुल करीब 140 करोड़ देशवासियों के अलावा राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। कोशिश हमारी यही है कि हम विविधतापूर्ण स्रोतों यानी एक से अधिक देशों से अच्छी या वहन करने योग्य कीमतों पर ऊर्जा उत्पादों की खरीद कर उन्हें भारतीयों को मुहैया कराना चाहते हैं। सूत्रों ने कहा, दुनिया में जहां से भी भारत को बेहतर व कम कीमतों पर कच्चा तेल मिलेगा। हम उसकी तुरंत खरीद करेंगे। ईरान भी इसमें शामिल है और अब तो अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट का निर्णय भी सबके सामने है।

### भारत-ईरान के एनएसए की हुई मंत्रणा

रणधीर ने यह भी बताया कि भारत की मेजबानी में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) की बैठक नई दिल्ली में चल रही है। जिसमें भाग लेने के लिए ईरान के एनएसए भी भारत आए हुए हैं। बीते सोमवार को उनकी भारत के एनएसए अजीत डोभाल के साथ एक द्विपक्षीय बैठक हुई थी। दोनों पक्षों के बीच भारत, ईरान के आपसी संबंधों के अलावा कई अन्य विषयों पर बातचीत की गई है। पश्चिम-एशिया का मामला और वहां बने हुए हालात भी वार्ता में शामिल किए गए हैं।

### कतर में हुई 12 भारतीयों की मौत

एक और सवाल के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि कतर की रास लफान गैस फील्ड परियोजना में हुए एक धमाके में कुल 12 भारतीयों की दुखद मृत्यु हो गई है। जबकि कुछ अन्य लोग घायल भी हुए हैं और उनका आंकड़ा 66 तक पहुंच गया है। घायलों और मृतकों में भारतीयों के अलावा अन्य देशों के नागरिक भी शामिल हैं। 66 घायलों में कितने भारत के लोग शामिल है। अभी तक इसके बारे में पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। लेकिन मैं, यह जरूर कह सकता हूं कि सभी घायल सुरक्षित हैं। दोहा में भारतीय दूतावास मृतकों की पहचान के साथ ही उनकी पार्थिव देह को स्वदेश वापस लाने के लिए कतर के संबंधित स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में बना हुआ है। मंत्रालय भी मृतकों के परिजनों के साथ संपर्क साधे हुए है।

---

### नई दिल्ली में आयोजित किए गए ब्रिक्स एनएसए की बैठक को संबोधित करते हुए बोले भारत के एनएसए

# अमेरिका-ईरान एमओयू के बाद होर्मुज खुलने का एनएसए अजीत डोभाल ने किया स्वागत...

### बोले, इस समझौते से वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा में आएगी स्थिरता, खत्म होंगी सप्लाई चेन से जुड़ी परेशानियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच मंगलवार को राजधानी दिल्ली में ब्रिक्स समूह के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने पश्चिम-एशिया क्षेत्र सहित खाड़ी के इलाके में जारी युद्ध के मध्य शांति स्थापित करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद होर्मुज स्ट्रेट के एक बार फिर से खुलने का स्वागत करते हुए कहा कि यह एमओयू वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को स्थिरता प्रदान करेगा और इसकी मदद से प्रमुख उत्पादों और उर्वरकों को लेकर आ रही तमाम बाधाएं भी दूर होंगी। वहीं, विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान जारी कर ब्रिक्स एनएसए की बैठक के बारे में जानकारी साझा की है। बैठक के बाद ब्रिक्स एनएसए, वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शिष्टाचार भेंट की।

समूह देशों के सुरक्षा प्रमुखों ने पीएम मोदी से की शिष्टाचार मुलाकात

### 2026 में भारत के पास ब्रिक्स की अध्यक्षता

भारत के पास इस वर्ष ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता की जिम्मेदारी है। जिसके तहत पिछले मई महीने में समूह देशों के विदेश मंत्रियों की एक बैठक आयोजित की गई थी और अब 23 जून को ब्रिक्स के एनएसए की बैठक आयोजित की गई है। आगामी वक्त में कुछ अन्य बैठकों का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं, मौजूदा साल खत्म होते-होते भारत की मेजबानी में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भी होगा। उधर, विदेश मंत्रालय ने अपने अधिकृत बयान में बैठक में शामिल किए गए तमाम विषयों के बारे में जानकारी दी है। साथ ही कहा कि सभी सदस्य देशों ने 2026 में समूह की अध्यक्षता को लेकर भारत को अपना पूर्ण समर्थन प्रदान करने की घोषणा की है।

### इन मुद्दों को भी उठाया

बैठक में भारत के एनएसए ने कुछ अन्य मामलों को भी समूह देशों के अपने तमाम समकक्षों के सामने मजबूती से उठाया है। जिसमें वर्तमान में बनी हुई भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं और आर्थिक दबाव जैसे मामले मुख्य हैं। उन्होंने इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए समूह देशों के अहम योगदान की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। डोभाल के मुताबिक, हम सतर्कता के साथ आशावादी बने हुए हैं और हमें उम्मीद है कि यह एमओयू काम करेगा। खासतौर पर ऊर्जा सुरक्षा के मामले में इससे काफी लाभ होगा।

### बहुध्रुवीयता पर ध्यान दिया जाना जरूरी

डोभाल ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट का खुलना एक स्वागत योग्य गतिविधि है। जिससे सप्लाई चेन में आ रही परेशानियां दूर होंगी और उर्वरक तथा केमिकल जैसे क्षेत्रों में कमी की समस्या से भी निजात मिलेगी। उन्होंने तमाम वैश्विक चुनौतियों से निपटने में ब्रिक्स के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमारी आज की मुलाकात एक बेहद उथल-पुथल वाले अंतरराष्ट्रीय माहौल में हो रही है। दुनिया में एक ओर भू-राजनीतिक अनिश्चितता है। वहीं, दूसरी ओर आर्थिक दबाव और बाधा पहुंचाने वाली तकनीक मौजूद हैं। ऐसे में केवल इन खतरों से चिंता नहीं बढ़ रही है। बल्कि इन्हें बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों, संस्थागत तंत्र से भी चुनौती बढ़ रही है। बहुध्रुवीयता गिरावट की ओर जा रही है। जबकि ब्रिक्स की इन चुनौतियों से निपटने में अहम भूमिका हो सकती है।

### बैठक में रही इनकी मौजूदगी

ब्रिक्स एनएसए की बैठक में भारत के अलावा चीन के विदेश मंत्री वांग यी, रूस के एनएसए सर्गेई शोइगु, ईरान की एसएनएससी के उप-सचिव गदिर निजामीपुर सहित अन्य सदस्य देशों के वरिष्ठ सुरक्षा प्रतिनिधि शामिल हुए। अपने कई समकक्षों के साथ भारतीय एनएसए की द्विपक्षीय बैठकें भी हुई हैं। ब्रिक्स समूह दुनिया की 11 उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है। जिसके वास्तविक सदस्य ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण-अफ्रीका हैं। लेकिन 2024 में समूह के विस्तार के बाद इसमें मिस्र, इथोपिया, ईरान, यूएई को शामिल किया गया था। जबकि इसके अगले साल 2025 में इंडोनेशिया को ब्रिक्स का सदस्य बनाया गया था।

### शांति, प्रगति, सहयोग में ब्रिक्स का विश्वास

डोभाल ने कहा कि ब्रिक्स का उद्देश्य बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूती प्रदान करना था। समूह वैश्विक संस्थानों में सुधार का भी पक्षधर रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स एक ऐसा समूह है। जिसमें शामिल देश शांति, प्रगति, विकास और सहयोग में विश्वास रखते हैं। बैठक में आतंकवाद रोधी मुद्दे पर समूह के दो संयुक्त कार्यसमूहों के परिणामों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। हमें नए सुरक्षा खतरों, चुनौतियों को लेकर और अधिक सजग रहना पड़ेगा। गैर पारंपरिक खतरे राष्ट्रीय सीमाओं से पार पहुंच गए हैं और उन्होंने पारंपरिक प्रतिक्रियाओं को निष्प्रभावी करने वाली प्रणालियां विकसित कर ली हैं। ईरान के प्रतिनिधि ने मिनाब शहर के प्राथमिक स्कूल पर हुए अमेरिका के हमले में मारे गए बच्चों का एक पोस्टर भी बैठक में दिखाया। साथ ही कहा, अमेरिका की आक्रामक कार्रवाई के पहले दिन यह हमला हुआ था। जबकि कुछ हमले यूएई में मौजूद सैन्य ठिकानों से भी किए गए थे।

---

### जापान की पीएम ताकाइची के व्यस्त कार्यक्रम, रसद से जुड़ी चुनौतियों के कारण लिया गया यह निर्णय

## भारत-जापान के बीच प्रस्तावित अगला शिखर सम्मेलन असम में नहीं नई दिल्ली में होगा


फाइल फोटो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और जापान के बीच प्रस्तावित अगला शिखर सम्मेलन असम की राजधानी गुवाहाटी में नहीं होगा। बल्कि अब इसका आयोजन देश की राष्ट्रीय राजधानी यानी नई दिल्ली में किया जाएगा। जिसके लिए 1 से 3 जुलाई तक का समय निर्धारित किया गया है। मामले से परिचित लोगों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की व्यस्त घरेलू प्रतिबद्धताओं और रसद बंधी चुनौतियों को देखते हुए इस महत्वपूर्ण आयोजन के स्थान में यह बदलाव किया गया है। गौरतलब है कि जापान की पीएम के रूप में कार्यभार संभालने के बाद ताकाइची की भारत की यह पहली आधिकारिक यात्रा होगी। जिसमें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय तथा प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक भाग लेंगी। वार्ता के दौरान दोनों शीर्ष नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों, सामरिक साझेदारी और साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय, वैश्विक मामलों पर विचार-विमर्श किया जा सकता है।

### पूर्व में गुवाहाटी पर केंद्रित थी तैयारियां

पूर्व में भारतीय पक्ष द्वारा इस सम्मेलन का आयोजन गुवाहाटी में किए जाने को लेकर तैयारियां चल रही थीं। जिसके पीछे कहीं न कहीं भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में जापान द्वारा अपनी गतिविधियों को और अधिक बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की वजह शामिल थी। स्थान परिवर्तन को लेकर जापान की पीएम ताकाइची की घरेलू प्रतिबद्धताओं, जिसमें उनकी यात्रा के दौरान जापान में चल रहे संसद के सत्र, व्यस्त कार्यक्रम जैसे कारण भी शामिल हैं। इसके अलावा राजधानी से बाहर सम्मेलन का आयोजन करने पर लगने वाले रसद संबंधी अन्य मामलों को भी इस बदलाव के दौरान ध्यान में रखा गया है। जिसके बाद तय किया गया कि यह सम्मेलन नई दिल्ली में ही होगा। कुछ अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी होंगे। जिससे द्विपक्षीय संबंधों में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

### 2019 में भी रद्द हुआ था दौरा

दिसंबर 2019 में भारत द्वारा नागरिकता कानून में संशोधन के मामले पर असम में जारी विरोध प्रदर्शनों की वजह से भी असम में होने वाले शिखर सम्मेलन को रद्द कर दिया गया था। उस वक्त जापान के तत्कालीन पीएम शिंजो आबे भारत की यात्रा पर थे। वहीं, पिछले साल 2025 में पीएम मोदी ने इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए जापान की यात्रा की थी। जिसमें हुई वार्ताओं में जापान ने आगामी एक दशक में भारत में कुल करीब 10 ट्रिलियन येन (60 हजार करोड़ रुपए) के निवेश का ऐलान किया था। रक्षा संबंधों पर तंत्र की स्थापना और आर्थिक साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए 10 वर्षीय रोडमैप भी इसमें मुख्य रूप से शामिल हैं।

---

## नौसेना के पोत उदयगिरि और कवरत्ती वियतनाम पहुंचे



### गर्मजोशी से भारतीयों का स्वागत किया

**मनीला।** भारतीय नौसेना के स्वदेशी रूप से डिजाइन एवं निर्मित युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि, जो एक स्टेल्थ फ्रिगेट है, तथा आईएनएस कवरत्ती, जो एक पनडुब्बी रोधी युद्धक कार्वेट है, दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में अपनी परिचालन तैनाती के दौरान 22 जून, 2026 को वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी स्थित न्हा रोंग बंदरगाह पहुंचे। रियर एडमिरल आलोक आनंद - फ्लैग ऑफीसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट - के नेतृत्व में पहुंचे इन पोतों का वियतनाम पीपुल्स नेवी के कर्मियों, हो ची मिन्ह सिटी पीपुल्स कमेटी के प्रतिनिधियों और बंदरगाह अधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस बंदरगाह प्रवास के दौरान भारतीय नौसेना और वियतनाम पीपुल्स नेवी के बीच कई पेशेवर बातचीत, क्रॉस-डेक आदान-प्रदान, खेल प्रतियोगिताएं और सामुदायिक संपर्क गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

---

## अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर कांग्रेस ने किया केंद्र को खबरदार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौता भारत के किसानों, कृषि क्षेत्र और घरेलू उद्योगों के हितों के खिलाफ है तथा इसे किसी भी कीमत पर वर्तमान स्वरूप में स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। रमेश ने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर इन दिनों नई दिल्ली दौरे पर हैं और इसी दौरान भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रश्न सामने आए हैं। उन्होंने याद दिलाया की इसी साल 6 फरवरी को भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंधी एक संयुक्त बयान जारी किया गया था। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर लगाए जाने वाले टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने का आश्वासन दिया था, जबकि भारत ने अमेरिकी कृषि एवं औद्योगिक उत्पादों पर शुल्क में भारी कटौती तथा अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर तक की खरीद का वादा किया था। रमेश ने कहा कि 20 फरवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ नीति को अवैध ठहराए जाने के बाद भारत को मिलने वाली कथित टैरिफ रियायतें प्रभावी रूप से समाप्त हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बावजूद अमेरिका भारत सहित अपने व्यापारिक साझेदार देशों पर दबाव बना रहा है। कांग्रेस महासचिव ने दावा किया कि अमेरिका भारत सहित लगभग 60 देशों की व्यापारिक प्रथाओं की जांच कर रहा है और इस जांच का उपयोग भारत पर दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है ताकि वह प्रस्तावित व्यापार समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर कर दे। उन्होंने कहा कि यदि यह समझौता मौजूदा स्वरूप में लागू होता है तो जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र जैसे राज्यों के किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उनका आरोप है कि समझौते में भारत को बड़े पैमाने पर आयात बढ़ाने की प्रतिबद्धता देनी पड़ रही है, जबकि अमेरिका की ओर से ठोस और दीर्घकालिक गारंटी नहीं दी जा रही है। जापान और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौतों के बावजूद अमेरिका द्वारा उन पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकियां दी गई हैं। ऐसे में भारत को भी किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले उसके दीर्घकालिक प्रभावों और सुरक्षा उपायों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने सरकार को सलाह दी कि वह मलेशिया के रुख से सीख ले, जिसने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को स्वीकार नहीं किया। पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के संबंधों का उल्लेख करते हुए रमेश ने कहा कि पीएम को राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर किए गए दावों का भी उल्लेख किया और कहा कि पीएम इस पर स्पष्ट प्रतिक्रिया दें।

---

### विमान के रखरखाव से जुड़े एक ब्रिज टेंडर को जारी कर भारतीय वायुसेना ने मामले पर साफ की पूरी तस्वीर

## पाकिस्तान के सारे दावे झूठे हैं, सभी 36 राफेल लड़ाकू विमान सुरक्षित हैं: वायुसेना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल 7 से 10 मई के बीच पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को तबाह करने के लिए चलाए ऑपरेशन सिंदूर अभियान के दौरान पाकिस्तान ने भारत के कुछ लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। जिसमें राफेल भी शामिल थे। पड़ोसी दुश्मन देश के इस झूठे और बेबुनियाद दावे की भारतीय वायुसेना ने पूरी तरह से पोल खोलकर रख दी है। दरअसल यह पूरा मामला वायुसेना मुख्यालय द्वारा इसी जून महीने में फ्रांस की सेफ्रॉन एयरक्राफ्ट कंपनी को जारी किए गए उस ब्रिज टेंडर से जुड़ा हुआ है। जिसमें देश के इस प्रमुख हवाई सुरक्षा बल ने नई दिल्ली के पास मौजूद सभी 36 राफेल विमानों के रखरखाव और तकनीकी सहायता को बनाए रखने पर जोर दिया है। वायुसेना ने कहा कि उसके जंगी बेड़े में मौजूद सभी 36 राफेल लड़ाकू विमान पूरी तरह से सुरक्षित और सक्रिय हैं। यह तथ्य अपने आप ही इस बात की पुष्टि करता है कि वायुसेना के किसी विमान को अभी तक कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की सेना ने यह दुष्प्रचार किया था कि उसने भारत के 3 राफेल विमानों को गिरा दिया था। जिसे भारतीयों अधिकारियों और विमान की वास्तविक निर्माता फांसीसी कंपनी डेसॉल्ट एविएशन ने तुरंत खारिज कर दिया था। यहां बता दें कि भारत ने 2016 में फ्रांस से कुल 36 राफेल विमानों की खरीद की थी।

---

### एनएमडीसी-सीएमडीसी लि. के सीईओ कुमार ने दी जानकारी

## महासमुंद की धरती में छिपा है हीरों का खजाना? 200 टन मिट्टी से निकले 5 हीरे, वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बढ़ाई उम्मीदें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में स्थित बलौदा बेलमुंडी डायमंड ब्लॉक से हीरे मिलने की खबर ने प्रदेश के खनिज क्षेत्र में नई उम्मीद जगा दी है। एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड द्वारा किए गए 200 टन बल्क सैंपल प्रोसेसिंग अभियान में कुल 5 हीरे प्राप्त हुए हैं, जिनका कुल वजन 1.22 कैरेट दर्ज किया गया है। इस उपलब्धि को राज्य में हीरा संसाधनों की संभावनाओं के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड के सीईओ प्रदीप कुमार के आधिकारिक पत्र में इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई है। यह जानकारी राज्य सरकार के खनिज विभाग को भेजी गई रिपोर्ट का हिस्सा है।

### तीन वर्षों से चल रहा था अन्वेषण कार्य

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदा बेलमुंडी डायमंड ब्लॉक, सरायपाली (महासमुंद) में 28 फरवरी 2023 को जारी की गई प्रॉस्पेक्टिंग लाइसेस के तहत अन्वेषण कार्य प्रारंभ किया गया था। बाद में लाइसेंस का नवीनीकरण 15 अप्रैल 2026 को किया गया, जिसकी वैधता 13 अक्टूबर 2026 तक है। इस दौरान क्षेत्र में स्ट्रीम सेडिमेंट सैंपलिंग, भू-भौतिकीय सर्वेक्षण,, खोजपरक ड्रिलिंग जैसी वैज्ञानिक गतिविधियां संचालित की गईं। कुल 6 बोरहोल में लगभग 500 मीटर ड्रिलिंग की गई। सर्वेक्षण में मिले संकेतों के आधार पर संदिग्ध क्षेत्र से लगभग 200 टन सामग्री का बल्क सैंपल एकत्र कर परीक्षण के लिए भेजा गया।

### पन्ना में हुई प्रोसेसिंग, मिले पांच हीरे

संग्रहित नमूनों को प्रोसेसिंग के लिए मध्यप्रदेश के पन्ना स्थित एनएमडीसी के डायमंड माइनिंग प्रोजेक्ट भेजा गया। सभी आवश्यक अनुमतियों और वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के बाद नमूनों की प्रोसेसिंग पूरी की गई। प्रोसेसिंग के परिणामस्वरूप कुल 5 हीरे प्राप्त होने की आधिकारिक पुष्टि की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार दो हीरे जेम गुणवत्ता के हैं, जबकि तीन हीरे नॉन-जेम श्रेणी में आते हैं।

### खनिज संपदा के नए संकेत

खनिज विशेषज्ञों का मानना है कि किसी क्षेत्र में बल्क सैंपलिंग के दौरान हीरे का मिलना वहां आगे विस्तृत अन्वेषण और संसाधन मूल्यांकन की आवश्यकता को मजबूत करता है। हालांकि प्राप्त हीरों की संख्या और वजन व्यावसायिक खनन की व्यवहार्यता का अंतिम प्रमाण नहीं माने जाते, लेकिन यह संकेत अवश्य देते हैं कि क्षेत्र में हीरा खनिजीकरण मौजूद है।

### सुरक्षित रखे गए प्राप्त हीरे

एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड के पास हीरों के सुरक्षित भंडारण की स्वतंत्र व्यवस्था नहीं होने के कारण प्राप्त सभी हीरों को पन्ना स्थित एनएमडीसी डायमंड माइनिंग प्रोजेक्ट के स्ट्रॉन्ग रूम में जमा कराया गया है। हीरों की तरह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलग बॉक्स में रखा गया है।

### छत्तीसगढ़ के लिए आर्थिक अवसर

यदि आगे के अन्वेषण में सकारात्मक परिणाम मिलते हैं, तो महासमुंद क्षेत्र राज्य के लिए हीरा उत्पादन का नया केंद्र बन सकता है। इससे न केवल निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि छत्तीसगढ़ की खनिज अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा मिल सकती है। खनिज विभाग और एनएमडीसी-सीएमडीसी अब प्राप्त परिणामों के आधार पर आगे की रणनीति और विस्तृत अन्वेषण की दिशा तय करेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109